

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





10 दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की फोर्ब्स सूची में सीतारमण ...

विराट रोहित को रिटायरमेंट लेने के लिए कौन बोल सकता है? ग्रेग चैपल ... 11



वर्ष : 15 | अंक : 238 | नई दिल्ली, शनिवार, 14 दिसंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद हमले की 23वीं बरसी पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई राजनीतिक हस्तियों ने संसद हमले की 23वीं बरसी पर वीरों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने कहा, उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में लिखा मैं उन वीरों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं जिन्होंने 2001 में आज के दिन हमारी संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनका साहस और निस्वार्थ सेवा भाव हमें प्रेरित करता रहेगा। राष्ट्र उनके और उनके परिवारों के प्रति हमेशा कृतज्ञ रहेगा। इस दिन, मैं आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत के अटूट संकल्प को दोहराती हूं। हमारा देश आतंकवादी ताकतों के खिलाफ एकजुट है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा, 13 दिसंबर 2001 को लोकतंत्र के मंदिर संसद



भवन पर हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में अपने प्राणों की आहुति देकर राष्ट्र के गौरव की रक्षा करने वाले मां भारती के वीर सपूतों के चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। देश का कण-कण अपने बहादुर लालों के बलिदान का युगों-युगों तक ऋणी रहेगा।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन पर वर्ष 2001 में हुए कायराना आतंकी हमले को विफल कर मां भारती के मान की रक्षा करने वाले वीर सपूतों को विनम्र श्रद्धांजलि। देश की संप्रभुता और स्वाभिमान को अक्षुण्ण रखने हेतु आपके सर्वोच्च बलिदान के प्रति यह राष्ट्र सदैव कृतज्ञ रहेगा। वहीं, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पोस्ट करते हुए लिखा, संसद भवन पर आतंकवादी हमले का मुंहतोड़ जवाब देकर देश के सम्मान और स्वाभिमान के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले मां भारती के अमर सपूतों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। जवानों का पराक्रम और बलिदान देश के शौर्य इतिहास में सदैव स्वर्णिम अध्याय के रुप में युवाओं को प्रेरणा देता रहेगा। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने लिखा कि 2001 में संसद भवन पर हुआ कायरतापूर्ण आतंकी हमला हमारे राष्ट्र की संप्रभुता व स्वाभिमान को घायल करने का कुत्सित व असफल प्रयास था।

लोकतंत्र के इस पवित्र मंदिर की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को कोटि-कोटि नमन। आपका त्याग व बलिदान युगों-युगों तक स्मरणीय रहेगा।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 36°C
न्यूनतम तापमान 28.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 81,500 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम योगी ने दिव्यांग होमगार्ड्स के आश्रितों की सुनी पुकार, भर्ती पर लगी रोक हटी

लखनऊ। योगी सरकार ने स्थाई रूप दिव्यांग होमगार्डों के परिवारों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए एक बार फिर अपने फैसलों से यह साबित किया है कि वह जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देती है। हाल ही में सरकार ने स्थायी रूप से दिव्यांग होमगार्ड्स के आश्रितों की नियुक्ति पर लगी रोक को हटाने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। योगी सरकार के इस निर्णय से उन दिव्यांग हो चुके परिवारों में उम्मीद की किरण जागी है, जो लंबे समय से नियुक्ति के लिए गुहार लगा रहे थे। अपने सेवाकाल में स्थाई रूप से दिव्यांग हो चुके होमगार्ड्स के आश्रितों की नियुक्ति की प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए योगी सरकार ने एक स्पष्ट और बहुस्तरीय जांच प्रक्रिया का निर्धारण किया है। अब नियुक्ति के लिए जिलास्तर से लेकर डीजी होमगार्ड कार्यालय तक कई चरणों में जांच और सिफारिशें की जाएंगी।

## महत्वपूर्ण खबर



### तमिलनाडु के निजी अस्पताल में आग लगने से 7 की मौत

चेन्नई। तमिलनाडु के डिंडीगुल स्थित एक निजी अस्पताल में आग लगने से 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग झुलस गए। मरने वालों में 1 बच्चा और 3 महिलाएं भी शामिल हैं। तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक हादसा गुरुवार रात करीब 10 बजे हुआ। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। अस्पताल के अंदर फंसे करीब लोगों को निकालने के लिए फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं।

### संविधान सभी वर्गों की प्राणवायु, तानाशाही का नहीं देता अधिकार : अखिलेश

नई दिल्ली। अखिलेश यादव ने संविधान देश की 90 फीसदी शोषित पीड़ित वंचित जनता का सबसे बड़ा संरक्षक है. पीडीए के लिए यह जन्म मरण का प्रश्न है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान दिया था, उन्होंने कहा था कि यह संविधान कितने अच्छे परिणाम देगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उसे लागू करने वाले लोग कैसे हैं. उन्होंने कहा कि देश की सीमाएं सिकुड़ रही हैं।

# दिन-रात केवल सभापति के खिलाफ चल रहा है अभियान : जगदीप धनखड़

**सभापति ने कहा कि सार्वजनिक तौर पर जो कुछ कहा जा रहा है, उन्होंने उसका अध्ययन कर लिया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष संविधान का पालन नहीं कर रहा है। अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस देना और इसपर चर्चा की मांग करना विपक्ष का अधिकार है लेकिन इसके लिए प्रावधान निर्धारित हैं।**



प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (वेब वार्ता)। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को सदन में अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलना राष्ट्र और समाज के लिए आवश्यक है।

श्री धनखड़ ने आज सुबह सदन में शून्यकाल के दौरान व्यथा के साथ कहा कि मीडिया और सोशल मीडिया में उनके खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा, दिन-रात केवल सभापति के खिलाफ अभियान चल रहा है... यह अभियान मेरे खिलाफ नहीं, बल्कि मेरी जैसी श्रेणी (किसानों) के खिलाफ है। सभापति ने कहा, ..... यह स्वीकार करें कि मैं एक किसान का बेटा हूं, मैं कमजोरी नहीं दिखाऊंगा, मैं देश के लिए मर जाऊंगा, मिट जाऊंगा....आप लोग नहीं सोचेंगे, 24 घंटे में केवल ही एक काम है, किसान का बेटा यहां क्यों बैठा है ? मैं अपनी आंखों से देख रहा हूं और पीड़ा महसूस कर रहा हूं। श्री धनखड़ ने कहा, मुझे व्यक्तिगत रूप से पीड़ा है कि मुख्य विपक्षी दल ने सभापति के खिलाफ एक तीव्र अभियान चला रखा है। उन्हें मेरे खिलाफ प्रस्ताव लाने का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन संवैधानिक प्रावधानों से हटा जा रहा हैं। सभापति ने कहा कि सार्वजनिक तौर पर जो कुछ कहा जा रहा है, उन्होंने उसका अध्ययन कर लिया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष संविधान का पालन नहीं कर रहा है। अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस देना और इसपर चर्चा की मांग करना विपक्ष का अधिकार है लेकिन इसके लिए प्रावधान निर्धारित हैं। विपक्ष संविधान का उल्लंघन कर रहा है। विपक्ष बयान जारी कर अविश्वास प्रस्ताव का निर्णय जानना चाहता है। उन्होंने कहा, कानून को पढ़िए, आपका प्रस्ताव आ गया है, (निर्णय) 14 दिन के बाद आएगा। आपने एक अभियान शुरू कर दिया है। सभापति ने कहा कि सदन चलाना देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने विपक्ष के नेता से अपील करते हुए कहा कि विपक्ष के नेता और सदन के नेता मेरे कक्ष में मिलने का समय निकालें। इस गतिरोध को समाप्त करने के लिए पूरी कोशिश की जाएगी। उन्होंने कहा, सदन में जो कार्यवाही हो रही है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। हम किसी से अच्छी ख्याति नहीं कमा रहे हैं। मैं आपसे संविधान के नाम पर अपील करता हूं, खुले दिमाग से आएं, मेरे कक्ष में मेरे साथ संवाद करें... हम एक साथ काम करेंगे, गतिरोध को तोड़ने की कोशिश करेंगे।

### अविश्वास प्रस्ताव पर राज्यसभा में भिड़े पक्ष और विपक्ष

नई दिल्ली। राज्यसभा में शुक्रवार को सभापति के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में मीडिया में आयी रिपोर्टों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य आपस में भिड़ गए और सदन की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित कर दी गयी। सभापति जगदीप धनखड़ ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरफराज अहमद को जन्मदिन की बधाई दी और आवश्यक विधायी दस्तावेज सदन के पटल पर रखवायें।

श्री धनखड़ ने सबसे कम उम्र की आयु में विश्व शतरंज चैंपियन बनने पर डी गुकेश को शुभकामनाएं दी तो सदस्यों ने मेज थपथपा कर उसका स्वागत किया। इसके बाद सदन ने मौन खड़े होकर 13 दिसंबर 2001 में संसद पर आतंकवादी हमले के दौरान शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। श्री धनखड़ ने कहा कि उन्हें नियम 267 के अंतर्गत चार नोटिस मिले हैं, जिन्हें अस्वीकार किया जाता है। इस पर सदन में विपक्ष के सदस्य शोर शराबा करने लगे और जोर-जोर से बोलने लगे। इस बीच भारतीय जनता पार्टी के राधा मोहन दास अग्रवाल ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि कांग्रेस संविधान के अनुच्छेदों का उल्लंघन कर रही है। उन्होंने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव देने के बाद 14 दिन का इंतजार करना चाहिए लेकिन कांग्रेस मीडिया और सोशल मीडिया में आरोप पत्र जारी कर रही है तथा उपराष्ट्रपति के विरुद्ध आरोपों का लगातार प्रचार कर रही है। उन्होंने कहा कि यह उपराष्ट्रपति पद का अपमान है। कांग्रेस को 14 दिन की प्रतीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान का सम्मान नहीं करती है और ना ही संवैधानिक पदों के लिए उसके पास कोई सम्मान है। उन्होंने कहा कि प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद को सम्मान नहीं दिया। उन्हें अंतिम समय में पटना जाना पड़ा और उनकी मृत्यु दवा के अभाव में हुई। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि तत्कालीन राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन उस समय डॉ राजेंद्र प्रसाद के अंतिम संस्कार में जाना चाहते थे लेकिन पंडित नेहरू ने उन्हें जाने से मना किया। भाजपा सदस्य ने कहा कि विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे लगातार सभापति का अपमान करते हैं। श्री खरगे ने सदन में ऑन रिकॉर्ड कहा है कि वह सभापति की नहीं बल्कि श्रीमती सोनिया गांधी की बात सुनेंगे।

# उम्मीद है कि बांग्लादेश अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कदम उठाएगा: विदेश मंत्री

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवहार को लेकर भारत चिंतित है और उम्मीद करता है कि ढाका अपने खुद के हित में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कदम उठाएगा। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर देते हुए यह भी कहा कि भारत, पाकिस्तान के साथ आतंकवाद मुक्त संबंध चाहता है और ऐसे में गेंद इस्लामाबाद के पाले में है। हैदराबाद से लोकसभा सदस्य असदुद्दीन ओवैसी ने सवाल किया कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की सुरक्षा के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है ?

इस पर विदेश मंत्री ने कहा, बांग्लादेश की यह स्थिति चिंता का विषय है। अल्पसंख्यकों पर हमले की कई घटनाएं हुई हैं। हमें उम्मीद है कि बांग्लादेश खुद के हित में ऐसे कदम उठाएगा कि अल्पसंख्यक सुरक्षित रहें। जयशंकर का कहना था कि बांगलादेश के साथ विकास परियोजनाओं का अच्छा इतिहास है और उम्मीद है कि वहां नए प्रशासन के आने के बाद परस्पर सम्मान और लाभ वाला संबंध होगा। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद नवीन जिंदल द्वारा पाकिस्तान के साथ संबंधों में सुधार से जुड़ा पूरक प्रश्न पूछे जाने पर कहा, हम अच्छा रिश्ता चाहते हैं, लेकिन हम आतंकवाद से मुक्त संबंध चाहते हैं। यह पाकिस्तानी पक्ष को दिखाना है कि वे अतीत के व्यवहार को बदल रहे हैं। अब गेंद पाकिस्तान के पाले में है। विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार में बाधा पाकिस्तान सरकार के 2019 के फैसले के कारण हुई है। नेपाली नोट पर छपे मानचित्र में कुछ भारतीय क्षेत्रों को नेपाल का बताए जाने संबंधी ओवैसी के सवाल पर जयशंकर ने कहा कि नेपाल के साथ सीमा मामले पर भारत सरकार का रुख स्पष्ट है तथा यदि कोई समझता है कि कुछ ऐसा करने से भारत का रुख बदल जाएगा, तो यह नहीं होगा।

# वर्तमान सरकार संविधान में मिला सुरक्षा कवच तोड़ रही: प्रियंका गांधी

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव एवं पहली बार संसद पहुंची प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि भारत के संविधान ने देश की जनता को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय का वादा करते हुए एकता, न्याय और सुरक्षा का कवच दिया है। वर्तमान सरकार इस सुरक्षा कवच को तोड़ने का प्रयास कर रही है।

विपक्ष की ओर से संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित विशेष चर्चा में प्रियंका ने कहा कि निजीकरण और लैटरल एंट्री के जरिए सामाजिक न्याय से जुड़ा सुरक्षा कवच तोड़ने की कोशिश की जा रही है। अगर वर्तमान सरकार पूर्ण बहुमत से आती तो संविधान बदलने का प्रयास जारी रहता। प्रियंका ने अपने पहले भाषण में अपने भाई राहुल गांधी की तरह जातिगत जनगणना, अडाणी और संविधान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का देश के निर्माण में बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने बैंकों और खदानों के राष्ट्रीयकरण का जिक्र किया। साथ ही सत्ता पक्ष पर आरोप लगाया कि आज महंगाई, बेरोजगारी जैसे विषयों पर संसद में चर्चा नहीं होती है। वायनाड से लेकर ललितपुर तक देश का किसान रो रहा है। प्रियंका ने उद्योगपति गौतम अडाणी का नाम लिया। उन्होंने कहा कि देश में हर मौका एक व्यक्ति को दिया जा रहा है और 142 करोड़ जनता को नकारा जा रहा है। ऐसा कर सरकार संविधान में मिले आर्थिक सुरक्षा कवच को तोड़ रही है। प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राजनीतिक न्याय की बात करते हैं लेकिन पैसे के बल पर आज सरकारों को गिराया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी वाशिंग मशीन बन गई है। उन्होंने कहा, ह्ययहां दाग, वहां स्वच्छता।ह्व संविधान को सर माथे पर लगाने की प्रधानमंत्री बात करते हैं लेकिन देश में संभल और मणिपुर न्याय की गुहार लगा रहा है और उनके माथे पर शिकन भी नहीं है। शायद उन्हें पता नहीं है कि यह संविधान है, संघ का विधान नहीं। उन्होंने कहा कि आज देश में भय का माहौल है। देश की एकता को तोड़ा जा रहा है। मीडिया भी सरकार का एजेंडा चला रही है।

# संगम नोज पर पीएम मोदी और सीएम योगी ने की पूजा-अर्चना, उतारी त्रिवेणी की आरती

प्रात : किरण/ एजेंसी

महाकुंभनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तीर्थराज प्रयागराज की पावन धरा पर त्रिवेणी संगम में पूजा अर्चना कर 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने जा रहे महाकुंभ के सफल आयोजन की कामना की। पीएम मोदी ने इस अवसर पर गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी की आरती कर वैश्विक कल्याण का भी संकल्प लिया। तीर्थ पुरोहितों के द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच पूरा कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

इस दौरान पीएम मोदी ने त्रिवेणी में अक्षत, चंदन, रोली, पुष्प और वस्त्र भी अर्पित किए। इससे पूर्व पीएम मोदी ने प्रमुख साधु संतों का आशीर्वाद भी लिया।



इस अवसर पर पीएम के साथ सीएम योगी और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी मौजूद रहीं। प्रधानमंत्री मोदी निषादराज क्रूज पर सवार होकर संगम नोज पर पहुंचे। किला घाट पर फ्लोटिंग जेटी से होते हुए वो क्रूज पर सवार हुए। व्हाइट कुर्ता-पजामा, ब्लू जैकेट, मैरून कलर की शॉल पहने पीएम मोदी ने क्रूज पर सवार होने के बाद डेक पर खड़े होकर यमुना की लहरों को निहारा। यहां से वह घूम-घूमकर पूरे क्षेत्र का अवलोकन भी करते नजर आए। इसके बाद रिवर क्रूज पर विहार का भी आनंद उठाया। संगम नोज पर सीएम योगी और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने एक बार फिर उनका स्वागत किया। इसके बाद पीएम मोदी ने साधु संतों से मुलाकात की और उनका अभिवादन किया। इस दौरान एक संत ने उन्हें मोतियों की माला भी भेंट की। यहां से पीएम सीधे संगम नोज पर बने पंडाल में पहुंचे। यहां उपस्थित तीर्थ पुरोहितों ने उन्हें आसन ग्रहण कराया। पीएम के अगल-बगल में सीएम योगी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी आसन ग्रहण किया। इसके बाद तीर्थ पुरोहितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पीएम मोदी ने पूजा अर्चना की।

# पीएम मोदी 14 और 15 दिसंबर को मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन की करेंगे अध्यक्षता

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 और 15 दिसंबर को नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। पीएमओ ने शुक्रवार को इसे लेकर एक बयान जारी किया।बयान के मुताबिक यह केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम होगा।मुख्य सचिवों का सम्मेलन प्रधानमंत्री मोदी के सहकारी संघवाद को मजबूत करने और तेजी से विकास और प्रगति हासिल करने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से प्रेरित है। यह सम्मेलन पिछले तीन वर्षों से हर साल आयोजित किया जा रहा है।पहला मुख्य सचिव सम्मेलन जून 2022 में धर्मशाला में आयोजित किया गया था, उसके बाद दूसरा और तीसरा सम्मेलन क्रमशः जनवरी 2023 और दिसंबर 2023 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।सम्मेलन में राज्यों के साथ साझेदारी में एक साझा विकास एजेंडा पर चर्चा की जाएगी।

**चर्चा** — रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता सेनानियों और आम भारतीयों ने जो सपना देखा था वह आज के दिन पूरा हुआ था।

# संविधान नागरिकों के कल्याण के लिए है, कांग्रेस ने इसे 'हाईजैक' कर लिया: राजनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी। रक्षा मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत का संविधान सभी वर्गों के कल्याण के लिए है और सबको समान अधिकार देता है, गरीब को शीर्ष पद पर बैठने की अनुमति देता है लेकिन इस संविधान को आज एक पार्टी हाईजैक करना चाहती है, संविधान पर अपना एकाधिकार मानती है और मौका मिलते ही इसी संविधान का अपमान करती है।

श्री सिंह ने लोकसभा में भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि भारत का संविधान सब नागरिकों को एक समान अधिकार देता है और देश की संस्कृति तथा परंपरा को अक्षुण्ण रखने की अनुमति देता है। संविधान में कमल का फूल है और भगवान राम की तस्वीर है, जो दशार्ता है कि हमारा संविधान हमारी परंपरा और विरासत का वाहक है और मोदी सरकार इन्हीं मूल्यों का अनुसरण कर देश के विकास के लिए सबको साथ लेकर काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि संविधान को अंगीकार करने के 75 साल पूरे होने पर आज संदन में चर्चा की जा रही है। भारत के स्वतंत्रता सेनानियों और आम भारतीयों ने जो सपना देखा था वह आज के दिन पूरा हुआ था। इसी दिन 26 नवंबर को भारत सरकार ने अपना संविधान अंगीकार किया था और देश में राजतंत्र, ब्रिटिश तंत्र समाप्त होकर लोकतंत्र आ गया था। इस मौके पर सदन तथा देशवासियों को बधाई देते हुए उन्होंने भारत की आजादी की लड़ाई में हिस्सा लेने वाले महान देशभक्तों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि हमारा संविधान सार्वभौम है जो नागरिकों को संवैधानिक और मौलिक अधिकार प्रदान करता है। हमारा संविधान राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक पहलुओं को छूते हुए देश के लिए सबको समान अधिकार देने का रास्ता प्रदान करता है तथा सबको मिलजुलकर काम करने की अनुमति प्रदान करता है। संविधान धर्म और कर्तव्य के निर्वहन का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान भारत को एक आदर्श राष्ट्र बनाने, राष्ट्रीय एकता,



देश के विकास, नागरिकों की गरिमा सुरक्षित करने तथा राष्ट्र को आर्थिक और सांस्कृतिक विकास का रोड मैप है। हमारा संविधान सभी नागरिकों के कल्याण की अनुमति देता है और इसी का परिणाम है कि देश के गरीब परिवार में जन्मा व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति भी बन सकता है। यह संविधान भारत के नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करता है और उन्हें सम्मान से जीने का अधिकार देता है। संविधान को सुनिश्चित करना चाहिए कि देश के नागरिकों के अधिकारों का कभी हनन नहीं हो और सभी धर्मों के लोगों को समान अधिकार मिलते रहें। श्री सिंह ने कहा कि पिछले कुछ समय से यह माहौल बनाया जा रहा है कि देश का संविधान सिर्फ एक ही पार्टी का है और इसमें सिर्फ उसी का अधिकार है। आज संविधान की रक्षा करने की बात की जा रही है, लेकिन यह सब समझते हैं कि किसने संविधान की रक्षा की है और किसने संविधान का अपमान किया है। कांग्रेस ने संविधान में बदलाव करने का प्रयास किया है और यह बदलाव जवाहर लाल नेहरू, इंदिरागांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह की सरकार में हुआ है। संविधान संशोधन के नाम पर कांग्रेस सरकारों ने संविधान को बदलने का काम किया है। पहले संविधान संशोधन में प्रेस में कांग्रेस सरकार की आलोचना की थी तो 1950 में कांग्रेस सरकार ने रोक लगाने का प्रयास किया था। आज संविधान का राग अलापने वाली कांग्रेस ने 1951 में आम चुनाव होने से पहले ही नागरिकों के अधिकारों को कुचलने का काम किया है। संविधान लागू होने के बाद कांग्रेस ने मौलिक अधिकारों को कमजोर किया है और संविधान निमार्ता बाबा साहेब अम्बेडकर इसके खिलाफ पूरे जीवन भर लड़ते रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला किया और कहा कि जिन लोगों ने कभी संविधान को नहीं माना, वे संविधान की प्रति जेब में रखकर चलते हैं और वे इसका महत्व नहीं समझते हैं जबकि भाजपा संविधान को जेब में नहीं, सिर माथे पर रखती है। संविधान हमारे कर्म में दिखाई देता है। हमारी सरकार ने दस साल में जो भी संशोधन किए हैं, उनका मकसद लोगों के अधिकारों को सशक्त करना रहा है। भाजपा ने जो भी कानून बनाया है उसमें सबको साथ लेकर चलने का प्रयास किया गया है। इसी संविधान ने भाजपा सरकार को धारा 370 हटाने की ताकत दी है। हमने देश में संघवाद को मजबूत करने का काम किया है। हमने संविधान की रक्षा के लिए हर कदम उठाए हैं और इसे मजबूत करने के लिए काम किया है। दल विरोधी कानून को और मजबूत किया है, ताकि राजनीतिक भ्रष्टाचार को रोकने का काम किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री के पुतले फूंककर जताया गुस्सा

**हल्द्वानी, एजेंसी।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के लिए कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिम्मेदार ठहराते हुए मंगलवार को जिलेभर में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन करते हुए उनके पुतल फूंके। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी पर मामले में चुप्पी साधने का आरोप लगाते हुए उनका पुतला दहन किया। साथ ही केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर नाराजगी जाहिर की। इस दौरान महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट, कंचन सुयाल, सुजान सिंह रजवार मौजूद रहे। नगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मिनी स्टेडियम के पास प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। कहा, मोदी सरकार बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। इस दौरान नगर अध्यक्ष डीके डालाकोटी, देवेंद्र सिंह चनौतिया, नीरज कुमार, विपिन सनवाल, आदि मौजूद रहे। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भुवन पांडे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्टेशन तिराहे पर केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। केंद्र सरकार की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी का पुतला दहन किया। कार्यक्रम में महामंत्री माजिद अली, कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता बीना जोशी, पूर्व सभासद हेमंत पांडे, कमलेश यादव आदि शामिल हुए। वहीं हल्द्वानी शहर में कांग्रेसियों ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। इस दौरान मुर्तजा हुसैन, अरमान खान, रिजवान हुसैन, मो. हारून, मो. गुरफान, हाजी इस्लामुद्दीन, मो. नबी आदि थे।

### उत्तराखंड पीएचडी संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड पीएचडी संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया है। विद्यार्थी समर्थ पोर्टल पर लॉग इन कर अपना परिणाम देख सकते हैं। बता दें कि इस वर्ष पहली बार संयुक्त रूप से पीएचडी की परीक्षा हुई, जिसका नोडल कुमाऊं विवि था। शोध निदेशक नंद गोपाल साहू ने बताया कि पहली बार हुई संयुक्त परीक्षा में श्रीदेव सुमन विवि, ओपन विश्वविद्यालय, एसएस जीना विवि अल्मोड़ा और कुमाऊं विवि के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था। परीक्षा के लिए 2838 ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 425 ने केवल मौखिक परीक्षा के लिए आवेदन किया। पंजीकरण में नेट जीआरएफ उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए लिखित परीक्षा की छूट थी, जबकि अन्य को लिखित व मौखिक दोनों परीक्षा देनी थी। पूर्ण औपचारिकता के बाद 2413 अभ्यर्थियों को परीक्षा में प्रतिभाग के लिए पात्र माना गया, जबकि इसके सापेक्ष 2115 विद्यार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। इनमें से 1005 लोगों को योग्य माना गया। इसके बाद योग्य समेत नेट जेआरएफ वाले 1038 का साक्षात्कार हुआ, जिसका परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. महेश ने बताया कि विद्यार्थी समर्थ पोर्टल में लॉग इन कर परिणाम देख सकते हैं।

### नाली निर्माण को जगह दिलाने के लिए अफसर करेंगे स्थलीय निरीक्षण

**हल्द्वानी, एजेंसी।** तिकोनिया से केमू स्टेशन तक बन रही नाली निर्माण का काम रोक दिया गया है। इसकी वजह दुकानों के बाहर जगह न होना बताया गया है। लोनिवि रोडवेज स्टेशन के पास तक नाली बना चुका है। लोनिवि के ईई अशोक कुमार ने बताया कि अब नाली निर्माण के लिए पर्याप्त जगह की उपलब्धता को लेकर प्रशासन को पत्र भेज संयुक्त निरीक्षण का अनुरोध किया है। आज नगर निगम व प्रशासन की टीम स्थलीय निरीक्षण कर सकती है। मालूम हो कि रोडवेज स्टेशन के पास से केमू स्टेशन तक फुटपाथ पर हुए कब्जे के कारण नाली निर्माण नहीं हो पा रहा है।

### मुखानी से देवलचौड़ तक सात घंटे बिजली बाधित

**हल्द्वानी, एजेंसी।** शहर के चौराहों के चौड़ीकरण के मद्देनजर विद्युतीकरण कार्य के लिए मंगलवार को कमलुवागांजा बिजलीघर के मुखानी, पीलीकोठी फीडर और कठघरिया सब स्टेशन से सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बिजली गुल रही। इसके अलावा फूलचौड़ के देवलचौड़ क्षेत्र में गार्डिंग का काम कराया गया। इस कारण बिजली सप्लाई बाधित की गई थी। इधर कालाढूंगी रोड बिजलीघर के स्टेशन रोड फीडर में गार्डिंग और केबल खींचने के कार्य के चलते सुबह 10ः45 बजे से शाम 4ः40 बजे तक बिजली गुल रही।

# विदेशी मेहमानों से गुलजार हुई तराई: यूरोप-ईरान और साइबेरिया के पक्षी बढ़ा रहे रौनक, दीदार करने पहुंच रहे सैलानी

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** तराई में मेहमान पक्षियों का जमावड़ा लग गया है। इससे पर्यावरण प्रेमी, बर्ड वाचर और वन कर्मियों में खुशी देखी जा रही है। वहीं वन विभाग ने इन पक्षियों की सुरक्षा के लिए कमर कस ली है।

तराई के दलदले और साफ पानी वाले स्थानों पर मेहमान पक्षियों का जमावड़ा लग गया है। इससे पर्यावरण प्रेमी, बर्ड वाचर और वन कर्मियों में खुशी देखी जा रही है। वहीं वन विभाग ने इन पक्षियों की सुरक्षा के लिए कमर कस ली है। बड़े सरोवरों में नाव से गश्त की जा रही है, ताकि उनका शिकार न हो सके।

प्रत्येक वर्ष शीतकाल में यूरोप, ईरान, अफगानिस्तान, रूस, साइबेरिया से करीब छह से 10 हजार किलोमीटर की यात्रा तय कर प्रवासी पक्षी गूलरभोज, शारदा, बैगुल, नानकमत्ता, धुरा, रामनगर सहित कई अन्य स्थानों पर पहुंचते हैं। नवंबर से हुई इसकी शुरुआत अब अपने उत्कर्ष पर है।



पश्चिमी वृत्त के सीनियर वाइल्ड लाइफ बॉयोलॉजिस्ट और शोधकर्ता प्रशांत कुमार ने बताया कि ये पक्षी यहां साफ और दलदली भूमि पर चार महीने तक रहते हैं। तुरंत उगी घास, कीड़े-मकौड़े खाकर अपना पेट पालते हैं। दलदली भूमि के आसपास ही घौंसले बनाकर ये अंडे देते हैं और बच्चों को बढ़ा कर अपने मूल स्थानों को लौट जाते हैं। इन पक्षियों ने यहां पहुंचने के बाद ब्रिडिंग शुरू कर दी है।

नाकममत्ता, शारदा, बहगुल, धुरा सरोवर में आए इन प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग की टीमें बोट के माध्यम से सरोवरों में गश्त कर रही हैं। ऐसा शिकारियों पर निगाह रखने के लिए है। शारदा रेंज में कुछ दिन पूर्व चिड़िया का शिकार करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया था।

मालार्ड, नार्दर्न पिनटेल, यूरेशियन टील, रेड क्रेस्टेड पोचार्ड, कॉमन पोचार्ड, फेरूजिनस डक, टफ्टेड डक, लिटिल ग्रेब, ग्रेट क्रेस्टेड ग्रेब, कॉमन मोरेन, यूरेशियन कूट, फेरूजिनस पोचार्ड विदेशों से पहुंचे हैं।

एशियन वूली नेक्ड स्टोर्क, एशियन ओपन बिल स्टोर्क, कॉमन किंगफिशर,व्हाइट थ्रोटेड, ग्रे हेरोन, बार हेडेड गूज पहुंचे हैं।

# टीएचडीसी की टीम ने दोबारा किया क्वारब की पहाड़ी का निरीक्षण, नए सिरे से ट्रीटमेंट प्लान किया जाएगा तैयार

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** अल्मोड़ा- हल्द्वानी एनएच पर पर भूस्खलन के कारण यातायात बाधित रहने की समस्या का अभी तक समाधान नहीं हो पाया है। बुधवार को दोबारा टीएचडीसी की टीम ने क्वारब की पहाड़ी का निरीक्षण किया।

अल्मोड़ा- हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर पर भूस्खलन के कारण यातायात बाधित रहने की समस्या का अभी तक समाधान नहीं हो पाया है। बुधवार को दोबारा टीएचडीसी की टीम ने क्वारब की पहाड़ी का निरीक्षण किया। पहले भी विशेषज्ञ इस पहाड़ी का निरीक्षण कर चुके हैं। अब यहां किए जाने वाले ट्रीटमेंट का प्लान तैयार किया जाएगा।

बुधवार को भी रुक रुक कर मलबा और बोल्डर गिरने के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। कभी एक घंटा तो कभी दो घंटे तक वाहन जाम में फंसे रहे। क्वारब पुल के पास पहाड़ी क्षेत्र की ओर करीब 200 मीटर लंबाई में भूस्खलन जोन बन जाने से लगातार किसी भी समय मलबा और बोल्डर अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिर रहा है। लगातार गिर रहे मलबे के बीच यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से रात के समय वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई है।

डीएम आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर रख कर वैकल्पिक व्यवस्था की संभावनाओं को भी तलाश रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्वारब का समाधान निकालने के लिए अन्य एजेंसियों से भी जिला प्रशासन की ओर से संवाद किया जा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि जल्दी ही इस समस्या का समाधान निकल जाएगा।

# सरकार ने नहीं ली सुध, ग्रामीण खुद ही जुटे डोडीताल ट्रेक सुधारने में, देश-विदेश से पहुंच रहे ट्रेकर

**उत्तरकाशी, एजेंसी।** डोडीताल समुद्रतल से करीब तीन हजार मीटर से अधिक की ऊंचाई पर स्थित है। मानसून के दौरान यह ट्रेक तीन स्थानों हलम्याती सहित चंजाका नामे तोक में क्षतिग्रस्त हो गया था।

उत्तरकाशी डोडीताल ट्रेक सालों से बदहाल पड़ा है। इस पर ट्रेकर और ग्रामीण जान जोखिम में डालकर आवाजाही कर रहे हैं। लंबे समय से जब प्रशासन और वन विभाग से गुहार लगाने के बाद भी इसकी स्थिति नहीं सुधरी, तो ग्रामीण स्वयं ही श्रमदान कर ट्रेक के निर्माण में जुट गए हैं।

अगोड़ा गांव से डोडीताल तक प्राकृतिक सौंदर्य से भरा करीब 16 किमी का ट्रेक है। डोडीताल समुद्रतल से करीब तीन हजार मीटर से अधिक की ऊंचाई पर स्थित है। मानसून के दौरान यह ट्रेक तीन स्थानों हलम्याती सहित चंजाका नामे तोक में क्षतिग्रस्त हो गया था। साथ ही देवरागाड में अस्थायी पुलिया भी बह गई थी।

ट्रेक पर 12 माह देश-विदेश से ट्रेकर ट्रेकिंग के लिए पहुंच रहे हैं। स्थानीय निवासी सुमन पंवार, अनोज पंवार का



कहना है कि ट्रेक क्षतिग्रस्त होने के कारण ट्रेकर जान जोखिम में डालकर आवाजाही कर रहे हैं। वो घास और पेड़ पकड़कर आवाजाही करने को मजबूर हैं। एक छोटी सी चूक जान पर भारी पड़ सकती है।

वहीं, ग्रामीण महिलाएं भी जान जोखिम में डालकर अपने मवेशियों के चारा ला रही हैं। इस संबंध में प्रशासन और वन विभाग को अवगत करवाया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, जब सुनवाई नहीं हुई तो बरसात के बाद अपने मवेशियों को घर तक पहुंचाने के लिए ग्रामीणों ने चंजाका नामे तोक में 10 मीटर क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत की तो वहीं देवरागाड पर आजतक पक्का पुल नहीं बन पाया। जब कहीं सुनवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों ने स्वयं ही हलम्याती तोक में ट्रेक का निर्माण शुरू कर दिया है।

ग्रामीण प्रत्येक दिन 20 लोग बारी-बारी से अपना योगदान दे रहे हैं। यहां पर करीब 15 मीटर हिस्सा क्षतिग्रस्त है। ग्रामीणों ने बताया कि एक-दो दिन में मार्ग पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा।

# तिलक लगाकर पहुंची छात्रा, शिक्षिका ने किया क्लास से बाहर, हिंदू संगठनों का स्कूल में हंगामा

**ऋषिकेश, एजेंसी।** आठवीं की छात्रा तिलक लगाकर स्कूल पहुंची थी। इस दौरान शिक्षिका ने छात्रा को कक्षा से बाहर कर तिलक साफ कर कक्षा में आने को कहा। जिस पर छात्रा तिलक साफ कर कक्षा में बैठी। स्कूल से छुट्टी होने के बाद छात्रा ने उक्त बात परिजनों को बताई।

तिलक लगाकर स्कूल पहुंची छात्रा को कक्षा से बाहर करने पर आक्रोशित हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने विद्यालय प्रशासन का घेराव किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से भविष्य में ऐसा न किए जाने का आश्वासन देने पर कार्यकर्ता शांत हुए।

बीते बुधवार को शहर के एक विद्यालय में आठवीं की छात्रा तिलक लगाकर स्कूल पहुंची थी। इस दौरान शिक्षिका ने छात्रा को कक्षा से बाहर कर तिलक साफ कर कक्षा में आने को कहा। जिस पर छात्रा तिलक साफ कर कक्षा में बैठी। स्कूल से छुट्टी होने के बाद छात्रा ने उक्त बात परिजनों को बताई। बृहस्पतिवार को परिजन राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन, विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के सदस्यों के साथ विद्यालय पहुंचे और प्रधानाचार्य का घेराव किया। कार्यकर्ताओं ने शिक्षिका की ओर से लिखित माफी मांगने को कहा। करीब आधे घंटे तक विद्यालय परिसर में कार्यकर्ताओं ने विरोध जातया।



# चंपावत में भूकंप मॉक ड्रिल का सफल अभ्यास, आपदा प्रबंधन टीम ने दिखाई तत्परता



**चम्पावत, एजेंसी।** चंपावत जिले में शुक्रवार को भूकंप मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। यह अभ्यास पूर्वाह्न 10ः45 बजे भूकंप के झटकों की सूचना के साथ शुरू हुआ। जैसे ही झटके महसूस हुए, जिलाधिकारी नवनीत पांडे और इंसीडेंट रिस्पॉन्स टीम (आईआरएस) के सभी अधिकारी जिला कार्यालय सभागार में जुट गए। मॉक ड्रिल के दौरान जानकारी दी गई कि भूकंप का केंद्र नेपाल में था और इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.2 दर्ज की गई। चंपावत जिले में प्राथमिक रिपोर्ट के अनुसार जीआईसी चंपावत, जीआईसी लोहाघाट, स्वाला और संतोला में नुकसान की सूचना मिली। इन विद्यालयों में मॉक ड्रिल के तहत बच्चों के फंसे होने का परिदृश्य बनाया गया।

राहत और बचाव कार्य की तैयारीजिलाधिकारी के निर्देश पर गोरलचौड़ मैदान को स्टेजिंग एरिया बनाया गया। यहां से राहत और बचाव टीमों को तुरंत प्रभावित स्थानों के लिए रवाना किया गया। आईआरएस टीम ने मॉक ड्रिल के तहत आपदा प्रबंधन की रणनीतियों का पालन करते हुए कार्य किया। जिले के अन्य स्थानों से भी नुकसान की प्राथमिक सूचनाएं जुटाई गईं।

मॉक ड्रिल का उद्देश्यमॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखना और इमरजेंसी रिस्पॉन्स को मजबूत करना था। इस अभ्यास में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और राहत कर्मियों ने हिस्सा लिया।

# फर्जी दस्तावेज बनाकर 15 लाख का लोन लिया, मुकदमा दर्ज

**ऋषिकेश, एजेंसी।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में एक फाइनेंस कंपनी से फर्जी दस्तावेज बनाकर 15 लाख का लोन लेने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पूर्व कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस के अनुसार, माइक्रो फाइनेंस कंपनी के रमेशचंद निवासी कालसी देहरादून ने शिकायत दी। बताया कि कंपनी में गोपाल सिंह निवासी ग्राम कच्छोली मुजफ्फरनगर पिछले तीन साल से शाखा हरिद्वार में फील्ड ऑफिसर के पद पर कार्यरत था। वह दीपावली के समय कंपनी के कार्यालय से बिना बताये घर चला गया। कार्यालय खुलने पर नए स्टाफ ने डिमांड सीट चेक की तो पता चला कि कई फर्जी नाम सीट पर अंकित किए हुए थे। आरोप है कि स्टाफ ने नाम व पता के बारे में पड़ताल की तो सामने आया कि कई लोन कार्ड एजेंट फर्जी हैं।

आरोप है कि लोन मेंबरों के संबंध में पता करने पर मालूम हुआ कि गोपाल सिंह ने उनका लोन कराया है। लोन भुगतान बाद में [illegible] था। सभी सेंटरों का निरीक्षण करने पर करीब 31 लोन फर्जी फील्ड ऑफिसर गोपाल सिंह के माध्यम से करना सामने आया। आरोप है कि फील्ड ऑफिसर ने कंपनी के एजेंटों के फर्जी दस्तावेज व फर्जी हस्ताक्षर कर लोन दिया है। धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 15 लाख का लोन दिया गया। कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### गन्ना काट रहे किसान पर भालू ने किया हमला

**सितारगंज, एजेंसी।** ग्राम टुकड़ी में खेत में गन्ना काट रहे एक किसान को भालू ने हमला कर घायल कर दिया। सोमवार को दोपहर में टुकड़ी निवासी बलवंत सिंह (58) गन्ने के खेत में थे। अचानक गन्नों के पीछे छिपे भालू ने उन हमला कर दिया। उनके चीखने की आवाज सुनकर आसपास गन्ना काट रहे किसान उन्हें बचाने पहुंचे। लोगों को देख भालू जंगल की ओर भाग गया। घायल किसान को लेकर लोग उप जिला अस्पताल पहुंचे। जहां उनका इलाज चल रहा है। दक्षिणी जौलासाल वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी महेश जोशी ने बताया कि वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। ग्रामीणों को गन्ने के खेतों में अकेले नहीं जाने की सलाह दी जा रही है।

# चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार, किशोर को संरक्षण में लिया

**महराजगंज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड के मदरसों में परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। सेकेंड्री के 79 और सीनियर सेकंड्री के 40 मदरसों के विद्यार्थियों के लिए फार्म भरा जा रहा है। मुंशी, मौलवी (सेकेंड्री फारसी एवं अरबी) और आलिम (सीनियर सेकेंड्री फारसी एवं अरबी) परीक्षा-2025 का परीक्षा फार्म भरा जा रहा है। शुल्क ट्रेजरी में चालान के माध्यम से जमा किया जा सकता है। हालांकि परीक्षा का शेड्यूल अभी तय नहीं किया गया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नीरज अग्रवाल ने बताया कि परीक्षार्थियों से ऑफलाइन आवेदन प्राप्त करके निर्धारित शुल्क जमा कराने के बाद ऑनलाइन किया जा रहा है। वर्ष 2018 से 2024 के बीच उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को आवंटित स्टूडेंट आईडी ऑनलाइन फॉर्म भरते समय उपलब्ध कराने पर अपना व्यक्तिगत विवरण भरने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अभी परीक्षा शेड्यूल तय नहीं है लेकिन फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इस बार परीक्षा में 3500 से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे।

मुंशी, मौलवी (सेकेंड्री फारसी एवं अरबी) पाठ्यक्रम के लिए न्यूनतम आयु 14 वर्ष निर्धारित है। संस्थागत बालकों के मुंशी मौलवी की परीक्षा के लिए परीक्षा शुल्क 120 और अंकपत्र शुल्क 50 रुपये है। आलिम के लिए परीक्षा शुल्क 180 और अंकपत्र शुल्क 50 रुपये देने होंगे। संस्थागत बालिकाओं का मुंशी/मौलवी परीक्षा शुल्क 60 और अंकपत्र शुल्क 50 रुपये, आलिम परीक्षा के लिए परीक्षा शुल्क 80 और अंक पत्र शुल्क 50 रुपये निर्धारित है। अंकपत्र शुल्क 50 रुपये, आलिम परीक्षा का परीक्षा शुल्क 280 और अंकपत्र शुल्क 50 रुपये है। मुंशी व मौलवी की व्यक्तिगत परीक्षा देने वाली बालिकाओं का परीक्षा शुल्क 130 रुपये और अंकपत्र शुल्क 50 रुपये, आलिम की परीक्षा का शुल्क 160 और अंकपत्र 50 रुपये तय किया गया है।

# पायनियर्स की बालिकाओं ने जीती वॉलीबाल चैंपियनशिप

**जसपुर, एजेंसी।** बालिका वर्ग की वॉलीबाल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में पायनियर्स एकेडमी ने फाइनल मैच में जेनेसिस इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल को 3-2 से हराकर चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। अतिथियों ने चैंपियन टीम को पदक और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इंटर स्कूल वॉलीबाल चैंपियनशिप गर्ल्स 2024 के अंतिम दिन पायनियर्स एकेडमी एवं जेनेसिस इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने अपने-अपने प्रतिद्वंदी टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता में कई सीबीएसई स्कूल की छह टीमों ने प्रतिभाग किया। जेनेसिस की मृणाली कौशिक को फाइटर ऑफ द मैच, पायनियर्स की साध्वी चराया को फाइनल का प्लेयर ऑफ द मैच और मधु को प्लेयर ऑफ द सिरीज का अवार्ड दिया गया। इसके अलावा मैच की प्रत्येक खिलाड़ी को बेस्ट प्लेयर का अवार्ड भी दिया गया। स्कूल प्रबंध कार्यसमिति की ओर से विजेता और उपविजेता टीम को नकद इनाम दिया।

# समय और खर्च बचाएं, राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाएं : भावदीप रावते

**चम्पावत, एजेंसी।** चम्पावत जिले में 14 दिसंबर (शनिवार) को जिला न्यायाधीश अनुज कुमार संगल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिले से लेकर तहसील स्तर तक के न्यायालयों में विभिन्न मामलों की सुनवाई की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भावदीप रावते ने बताया कि इस लोक अदालत का आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार किया जा रहा है। सचिव रावते ने बताया कि लोक



अदालत में कई प्रकार के मामलों का निपटारा सुलह और समझौते के आधार पर किया जाएगा। इनमें बैंक ऋण वसूली से संबंधित मामले, बीमा और मोटर दुर्घटना विवाद, पारिवारिक और वैवाहिक विवाद, चेक बाउंस से जुड़े मामले, श्रम, राजस्व, बिजली-पानी और अन्य नागरिक विवाद, मोटर वाहन चालान और शमनीय आपराधिक मामले शामिल हैं।

अदालत में निस्तारण के लाभउन्होंने बताया कि सुलह और समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण होने पर कोर्ट फीस वापस करने का भी प्रावधान है। इसके अलावा, इन मामलों में समय और खर्च की बचत होती है, जो अपील या अन्य कानूनी प्रक्रियाओं में व्यय हो सकता है। खासतौर पर बैंक ऋण वसूली से जुड़े मामलों में प्री-लिटिगेशन स्तर पर ही समझौते के जरिए निस्तारण किया जाता है, जिससे विवाद लंबा खिंचने से बचाया जा सकता है।

आमजन से अपीलसचिव रावते ने आम जनता और संबंधित पक्षों से इस राष्ट्रीय लोक अदालत में भाग लेने और अपने मामलों को त्वरित और आर्थिक रूप से समाधान के लिए प्रस्तुत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल समय और धन बचाएगी, बल्कि आपसी सहमति से मामलों का निस्तारण भी सुनिश्चित करेगी।

### ट्रंचिंग ग्राउंड में पिलर लगाने पहुंची टीम को लौटाया

**काशीपुर, एजेंसी।** नगर निगम के ट्रंचिंग ग्राउंड व आसपास के ग्रामीणों की भूमि को ढेला नदी की बाढ़ से बचाव के लिए बाढ़ निरोधक कार्य के तहत प्रोटेक्शन वॉल बनाने के लिए भूमि की हदबंदी के लिए पिलर लगाने पहुंची राजस्व व सिंचाई विभाग की टीम ग्रामीणों के विरोध के चलते वापस लौट गई।

नगर निगम के ट्रंचिंग ग्राउंड को ढेला नदी की बाढ़ से बचाव के लिए सिंचाई विभाग बाढ़ निरोधक कार्य कर रहा है। बीती 21 नवंबर को नपाई की गई भूमि पर विभाग की ओर से प्रोटेक्शन दीवार के लिए नींव खोदी जा रही थी। तब 15-16 पट्टा धारकों ने इसका विरोध करके कार्य रुकवा दिया। साथ ही पट्टा धारकों ने शाम को एसडीएम दफ्तर पहुंचकर एसडीएम अभय प्रताप सिंह व तहसीलदार पंकज चंदौला को बताया कि ट्रंचिंग ग्राउंड की प्रोटेक्शन वॉल बनाने के लिए खोदी जा रही भूमि पर उनके वर्ष 1997 से पट्टे हैं। इसमें खसरा संख्या 179 में लगभग 15-16 पट्टा धारकों के हिस्से में 303 हेक्टेयर भूमि है। कहा यदि इस खसरा में दीवार बनी तो उनकी भूमि खत्म हो जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली पुलिस ने फर्जी पासपोर्ट सिंडिकेट का किया भंडाफोड़, मामले में 42 आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली,। विदेशी नागरिक अवैध रूप से देश में प्रवेश करने के लिए भारत की खुली सीमाओं का फायदा उठाते हैं और जाली दस्तावेजों का उपयोग करके धोखाधड़ी से भारतीय पासपोर्ट हासिल करते हैं। भारतीय पासपोर्ट का दुरुपयोग वैश्विक यात्रा प्रणालियों और आव्रजन प्रक्रियाओं (किसी व्यक्ति का किसी दूसरे देश में स्थायी या अस्थायी रूप से आना) के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा करता है। ये जाली पहचान न केवल भारत की वैश्विक विश्वसनीयता को कमजोर करती हैं बल्कि मानव तस्करी, आतंकवाद और वित्तीय धोखाधड़ी जैसे अपराधों को भी बढ़ावा दे सकती हैं। अवैध रूप से अलग-अलग माध्यम से भारत में घुसे विदेशी नागरिकों के फर्जी दस्तावेज (आधार कार्ड, पैन कार्ड, पहचान पत्र) व पासपोर्ट बनाने के कई गिरोह दिल्ली, हरियाणा, पंजाब बंगाल आदि राज्यों समेत विदेशों में भी सक्रिय हैं। करने वाले 19 लोगों को गिरफ्तार कर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट जिला पुलिस ने कई गिरोह का भंडाफोड़ किया है। आइजीआइ एयरपोर्ट जिला पुलिस उपायुक्त उषा रंगनानी ने बताया कि जिला पुलिस ने 23 एजेंटों को गिरफ्तार कर अंतरराष्ट्रीय धोखेबाजों को एक स्पष्ट संदेश भेजा है कि भारत की पहचान प्रणालियों का इस्तेमाल करने का प्रयास करने वालों को त्वरित और दृढ़ कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

# डीडीसीए चुनावः अभी दो दिन और मतदान, रोहन जेटली और कीर्ति आजाद के बीच साधी मुकाबला

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




नई दिल्ली,। दिल्ली डिस्टिक एंड क्रिकेट एसोसिएशन (म) के चुनाव में पहले दिन का मतदान जारी है. दिल्ली और दिल्ली से बाहर रहने वाले सदस्य मतदाता वोट डालने पहुंचने शुरू हो गए हैं. पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग भी मतदान करने पहुंचे. डीडीसीए चुनाव में 13, 14 और 15 दिसंबर मतदान की तारीखें हैं. मतदान का समय सुबह 11 बजे शाम 5 बजे तक रखा गया है. शुक्रवार 13 दिसंबर को एक बजे तक 290 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है. वहीं, 20 लोग वोट डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे. 13, 14 और 15 दिसंबर को होगा मतदान : वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को सड़क से बूथ तक लाने के लिए कार्ट की व्यवस्था की गई है. मतदान के लिए सात बूथ बनाए गए हैं. साथ ही 6 टेबल यहां पर मतदाता पर्ची देने के लिए लगाई गई हैं. बूथ नंबर 1 को बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए आरक्षित रखा गया है. मतदान के दौरान किसी भी तरह का कोई टकराव न हो इसके लिए दिल्ली पुलिस के जवानों की भी तैनाती की गई है. मतदान करने के लिए मतदाताओं को स्टेडियम के गेट नंबर 2 से प्रवेश दिया जा रहा है. चुनावी मुकाबला तीन पैनलों के बीच : चुनाव में तीन पैनल मैदान में है. पहले पैनल से रोहन जेटली अध्यक्ष पद के प्रत्याशी हैं जो मौजूदा डीडीसीए के अध्यक्ष हैं. जेटली दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं. वहीं, दूसरा पैनल पूर्व क्रिकेटर एवं टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद का है, जो अध्यक्ष पद पर रोहन जेटली के सामने चुनाव लड़ रहे हैं. वहीं, तीसरा पैनल विनोद तिहारा और पावरिया का है. हालांकि, विनोद तिहरा ग्रुप के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रोहन जेटली ही हैं, जबकि बाकी के अन्य चार पदों पर तिहारा ग्रुप ने अपने अलग-अलग प्रत्याशी उतारे हैं. सात डायरेक्टर के पदों के लिए भी हो रहा मतदान : इसके साथ ही सात डायरेक्टर के पदों के लिए भी मतदान हो रहा है. डीसीसीए चुनाव में पांच पदाधिकारी और सात डायरेक्टर पदों के लिए मतदान होना है, जिसमें इस बार 3748 सदस्य मतदाता वोट डालने के लिए योग्य पाए गए हैं. डीडीसीए में कुल 4200 सदस्य थे. लेकिन बाकी 449 सदस्यों ने वोट डालने के लिए अपना वेरिफिकेशन नहीं कराया था, जिसकी वजह से वह मतदान नहीं कर पाएंगे. वहीं, डीडीसीए के 22 सदस्यों का निधन होने के कारण उनकी सदस्यता खत्म कर दी गई है. इसलिए जो कुल वैध मतदाता हैं, वह 3748 हैं. अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट मैचों के आयोजन की जिम्मेदारी : बता दें कि दिल्ली में क्रिकेट की सभी गतिविधियों को नियंत्रित करने का काम डीडीसीए का है. साथ ही इसके अंडर में ही फिरोजशाह कोटला मैदान स्थित अरुण जेटली स्टेडियम आता है. दिल्ली में रणजी मैच, लीग मैच, दिल्ली प्रीमियर लीग और राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर के सभी क्रिकेट मैचों का आयोजन करने की जिम्मेदारी डीडीसीए की होती है. डीडीसीए बीसीसीआई के सहयोग से क्रिकेट की सभी गतिविधियों को संचालित करता है. डीसीए के सदस्य कर रहे मतदान : पीतमपुरा से यहां मतदान करने पहुंचे सुरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि हम चाहते हैं कि यहां सारी चीज ईमानदारी से चलें. सब कुछ ठीक हो, जो सदस्य हैं उनकी रिस्पेक्ट हो इसी मुद्दे पर मतदान किया है. सबकुछ ठीक चलेगा तो सबको उसका फायदा मिलेगा. उन्होंने बताया कि मैं 40 साल से डीसीए का सदस्य हूं. क्लब और रेस्टोरेंट को वर्ल्ड क्लास बनाने की मांग : प्रीत विहार से मतदान करने पहुंचे डीडीसीए सदस्य पंकज अग्रवाल ने बताया कि युवाओं को मौका मिलना चाहिए, जो यहां क्लब है उसकी व्यवस्था ठीक होनी चाहिए और जो रेस्टोरेंट है उसको तोड़कर के वर्ल्ड क्लास बनाया जाना चाहिए. जिससे कि जो कोई बाहर का आदमी आए तो उसको लगे कि हम कहीं अच्छी जगह बैठे हैं. पंकज 21 साल से डीडीसीए के सदस्य हैं.

# EINS TECHNIK जैसी कंपनियां भारत के निर्माण उद्योग में क्रांति ला रही है-निकिता दाता, अभिनेत्री

## Eifs Techfik Formwork System (EFS) ने Bum Cofexpo 2024 में अपने उन्नत एल्युमिनियम पैनल्स का परिचय दिया

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



नई दिल्ली,ः एल्युमिनियम फॉर्मवर्क सिस्टम्स के निर्माण और निर्यात में अग्रणी Eifs Techfi' Formwork System (EFS) ने Bum Cofexpo 2024 में भागीदारी के दौरान अपने विशेषज्ञता और नवाचार को प्रदर्शित किया। इस आयोजन में, कंपनी ने भारत में पहली बार फुली फ्रिक्शन-वेल्डेड एल्युमिनियम पैनल्स पेश किए, जो निर्माण उद्योग के लिए नए मानक स्थापित करते हैं। इसके साथ ही, कंपनी पूरी तरह से स्वचालित विनिर्माण लाइनों को लागू कर रही है। यह प्रदर्शनी 11 से 14 दिसंबर 2024 तक इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित की गई। Bum Cofexpo 2024 के दूसरे दिन अभिनेत्री निकिता दत्ता की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। निकिता दत्ता ने एत्र्र की उन्नत निर्माण तकनीकों और गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा, Eifs Techfi' जैसी कंपनियां भारत के निर्माण उद्योग में क्रांति ला रही हैं। इनका इनोवेशन और गुणवत्ता भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। इस आयोजन का हिस्सा बनकर मुझे बहुत खुशी हुई। 2015 में स्थापित एत्र्र ने खुद को भारत के सबसे बड़े एल्युमिनियम फॉर्मवर्क निमार्ता के रूप में सशक्त किया है। कंपनी के गाजियाबाद, दिल्ली एनसीआर स्थित 9 एकड़ में फैले अत्याधुनिक संयंत्र की उत्पादन क्षमता प्रति माह 1,25,000 वर्ग मीटर है। कंपनी RCC, लोड-बेयरिंग और मल्टीस्टोरी बिल्डिंग्स के लिए एल्युमिनियम फॉर्मवर्क प्रदान करती है, जिससे दीवारों और स्लैब्स को एक साथ डाला जा सकता है। ये फॉर्मवर्क न केवल निर्माण की दक्षता बढ़ाते हैं, बल्कि उत्कृष्ट कंक्रीट फिनिश के साथ मजबूत संरचनाओं को भी सुनिश्चित करते हैं। EFS, जिसका मुख्यालय नोएडा में है, ने निर्माण और अवसंरचना उपकरण क्षेत्र में एक अत्यधिक सफल संगठन के रूप में खुद को स्थापित किया है। कंपनी के 85% से अधिक ग्राहक रेपीटेड ग्राहक हैं जो इसकी प्रीमियम गुणवत्ता और विश्वसनीयता के प्रमाण हैं। 800 से अधिक परियोजनाएं पूरी करने के साथ साथ एत्र्र ने भारत तथा विदेशों में अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर्स व ठेकेदारों के साथ सहयोग भी किया है। कंपनी ने मालदीव में 40,000 वर्ग मीटर एल्युमिनियम फॉर्मवर्क की आपूर्ति करके एक ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय परियोजना भी पूरी की है। Bum Cofexpo 2024 के दौरान, कंपनी ने आगंतुकों को अपने नवीनतम उत्पादों और तकनीकी विशेषज्ञों से जुड़ने का अवसर प्रदान किया। Coftct Hemefdr kumr 9312124406

# केजरीवाल की घोषणाओं से प्रभावित कई ऑटो वाले भाजपा को छोड़ आम आदमी पार्टी में शामिल

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की घोषणाओं से प्रभावित होकर कई ऑटोवाले भाजपा को छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। पार्टी के दिल्ली प्रदेश संगठन मंत्री और ऑटो विंग के प्रभारी गौरव सिंह ने सबको पटका व टोपी पहनाकर ॠआपॠ परिवार में शामिल कराया। इस दौरान ऑटो चालकों के कहा कि अरविंद केजरीवाल की उनके हितों में की गई पांच घोषणाओं से उनमें बेहद उत्साह है। बेटी की शादी में एक लाख रुपए मिलेंगे तो बहुत मदद होगी। साथ ही, इंश्योरेंस होने से अब परिवार की चिंता नहीं रहेगी। अरविंद केजरीवाल जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं। अभी तक उन्होंने हमारे लिए बहुत सारे काम किए हैं। इसलिए अब हम आम आदमी पार्टी में आ गए हैं और हम मिलकर फिर अरविंद केजरीवाल की सरकार लाएंगे। वहीं, गौरव सिंह ने कहा कि पूरी दिल्ली के ऑटोवाले मुझे फोन कर रहे हैं और अरविंद केजरीवाल को धन्यवाद दे रहे हैं। भाजपा से जुड़े कई और ऑटोवाले जल्द आम आदमी पार्टी में शामिल होंगे। गौरव सिंह ने कहा कि कुछ ऑटो वाले साथी जो कुछ वक्त पहले भाजपा में चले गए थे, उन्होंने अरविंद केजरीवाल की घोषणाओं से प्रभावित होकर भाजपा छोड़ दी है और आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। भाजपा के अंदर उन्हें कोई सम्मान नहीं मिलता था। ऑटो वालों ने बताया कि जितना सम्मान उन्हें आम आदमी पार्टी में मिलता है, कहीं और नहीं मिलता है। उन्हें भाजपा के वादों पर भी कोई यकीन नहीं है। जबकि अरविंद केजरीवाल की गारंटी पक्की गारंटी होती है। वह जो कहते हैं, वो करते हैं। उन्होंने स्कूल, अस्पताल, बिजली और पानी को लेकर जो वादा किया था, उसे पूरा किया। उन्हें यकीन है कि अरविंद केजरीवाल ने ऑटो वालों के लिए जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा करेंगे। ऑटोवालों ने कहा कि वह पूरे चुनाव तक तन मन धन अरविंद केजरीवाल के लिए प्रचार करेंगे। इस दौरान ऑटोवालों ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने सरकारी स्कूलों का मॉडल बदलकर दिखाया है। सरकारी स्कूलों में पहले बच्चे जमीन पर बैठकर पढ़ते थे लेकिन अब कुर्सी टेबल पर बैठते हैं और कंप्यूटर का इस्तेमाल करते हैं। मुझे आम आदमी पार्टी का स्कूल मॉडल काफी अच्छा लगा। अरविंद केजरीवाल आने वाले वक्त में दिल्ली में और अच्छा काम करेंगे। आम आदमी पार्टी का काम करने का तरीका सबसे अलग है। अरविंद केजरीवाल किसी के साथ भेदभाव नहीं करते हैं, वह सभी से मिलते हैं और कार्यकताओं को अपने भाई से ज्यादा मानते हैं। हम अरविंद केजरीवाल से जुड़े हुए थे, उनसे ही जुड़े हुए हैं और हमेशा उनके साथ ही जुड़े रहेंगे। ऑटोवालों ने कहा कि भाजपा द्वारा हमें धोखा दिया गया। हमने यह देखा कि हमेशा सच्चाई की जीत होती है और आज हम जीत के साथ खड़े हैं। हम शुरू से ही आम आदमी पार्टी से जुड़े थे। चाहे शरीर कहीं भी जाए लेकिन आत्मा यहीं रहती है। हमारे क्षेत्र में हमें आम आदमी पार्टी से काफी इज्जत मिलती है, यह इज्जत और कहीं नहीं मिलती है। हम दस साल से अरविंद केजरीवाल के साथ हैं और भविष्य में भी रहेंगे, चाहे कुछ भी हो। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने जो घोषणाएं की हैं, वह हम सब ऑटो वालों के लिए बहुत अच्छा काम किया है। हम उनकी पांच घोषणाओं से काफी प्रभावित हुए हैं। इसलिए हम भाजपा को छोड़कर तुरंत वापस आ गए। देश के लिए अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी ही बेहतर है। पीएम मोदी तो जुमले बाज हैं, उन्हें जुमला करना आता है। आज तक उन्होंने अपना कोई वादा पूरा नहीं किया। केजरीवाल ने ऑटोवालों को दी है ये पांच गारंटी 1- सरकार की तरफ से सभी ऑटोवालों को बेटी की शादी के लिए 1 लाख रुपए दिए जाएंगे। 2- साल में दो बार होली और दीपावली पर ऑटोवालों को वर्दी बनवाने के लिए ढाई-ढाई हजार रुपए दिए जाएंगे। 3- हर ऑटोवाले का 10-10 लाख रुपए का लाइफ और 5-5 लाख रुपए का एक्सीडेंट इंश्योरेंस करवाया जाएगा। 4- ऑटोवालों के बच्चों को किसी भी प्रतिस्पर्धी परीक्षा की कोचिंग करने की फीस सरकार देगी। 5- पूछो एप को दोबारा चालू किया जाएगा।

## चोरी के 4 वाहन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, 13 । शाहदरा पुलिस ने चोरी के 4 वाहन के साथ दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में अमन और त्रिशिवम उर्फ जुगनू उर्फ शिवा है। पुलिस ने इनके पास से तीन बाइक एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। शाहदरा जिला डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि 12 दिसम्बर को एक गुप्त सूचना मिली कि क्षेत्र में वाहन चोरी में शामिल दो व्यक्ति सेंट्रल पार्क, सी-ब्लॉक, दिलशाद गार्डन, जीटीबी एन्क्लेव, शाहदरा, के पास चोरी की बाइक पर आने वाले हैं। इस सूचना पर टीम ने सेंट्रल पार्क के पास जाल बिछाया और दो व्यक्तियों को पकड़ लिया; अमन और त्रिशिवम उर्फ जुगनू उर्फ शिवा है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दोनों मजदूरी करते हैं और शराब पीने के आदी हैं। वे अविवाहित हैं और अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त पैसा नहीं कमा पा रहे थे। उन्होंने दोपहिया वाहन चुराना शुरू कर दिया और अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए पैसे कमाने के लिए चोरी किए गए वाहनों को आस-पास के इलाकों में परिचितों को बेच देते थे। पुलिस पकड़े आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव : कैलाश गहलोत की सीट से आप ने तरुण यादव को बनाया उम्मीदवार

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




नई दिल्ली,। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को अपनी तीसरी लिस्ट जारी कर दी। आप ने इस लिस्ट में सिर्फ एक उम्मीदवार के नाम का ऐलान किया है। पार्टी ने नजफगढ़ से तरुण यादव को टिकट दिया है। कुछ दिन पहले ही तरुण यादव आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे। नजफगढ़ सीट से कैलाश गहलोत विधायक थे, जो अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं। कैलाश गहलोत के भाजपा में जाने के बाद से ॠआपॠ को इस सीट पर एक दमदार प्रत्याशी की तलाश थी। आम आदमी पार्टी अब तक कुल 32 उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने अपनी दूसरी लिस्ट जारी की थी। जिसमें 20 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया था। आम आदमी पार्टी ने पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की सीट बदली थी। पार्टी ने उन्हें पटपड़गंज की जगह जंगपुरा से चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं, पटपड़गंज से पार्टी ने अवध ओझा को टिकट दिया। इसके अलावा आम आदमी पार्टी ने नरेला से दिनेश भारद्वाज, तिमारपुर से सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू, आदर्श नगर से मुकेश गोयल, मुंडका से जसबीर कारला, मंगोलपुरी से राकेश जाटव धर्मरक्षक, रोहिणी प्रदीप मित्तल, चांदनी चौक से पुनरदीप सिंह साहनी (सेबी), पटेल नगर से प्रवेश रतन, मादीपुर से राखी बिड़लान, जनकपुरी से प्रवीण कुमार, बिजवासन से सुरेंद्र भारद्वाज, पालम से जोगिंदर सोलंकी, जंगपुरा से मनीष सिसोदिया, देवली से प्रेम कुमार चौहान, त्रिलोकपुरी से अंजना पारछा, कृष्णा नगर से विकास बग्गा, गांधी नगर से नवीन चौधरी (दीपू), शाहदरा से पद्मश्री जितेंद्र सिंह शंटी और मुस्तफाबाद से आदिल अहमद खान को उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले आम आदमी पार्टी ने नवंबर में अपनी पहली लिस्ट जारी की थी, जिसमें 11 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की थी। इनमें आम आदमी पार्टी ने छतरपुर से ब्रह्म सिंह तंवर, लक्ष्मी नगर से बीबी त्यागी, किराड़ी से अनिल झा, विश्वास नगर से दीपक सिंघला, रोहतास नगर से सरिता सिंह, बदरपुर से राम सिंह, सीलमपुर से जुबैर चौधरी, सीमापुरी से वीर सिंह धींगान, घोंडा से गौरव शर्मा, करावल नगर से मनोज त्यागी, मटियाला से सोमेश शौकीन को टिकट दिया था।

## भाजपा ने आप सरकार पर कैग की 14 रिपोर्ट दबाये रखने का आरोप लगाया, विधानसभा सत्र बुलाने की मांग की

नई दिल्ली,। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की 14 रिपोर्ट दबाये रखने का आरोप लगाया और इन्हें सदन के पटल पर रखे जाने के लिए विधानसभा का सत्र तत्काल बुलाने की मांग की। विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि आप नीत सरकार ने भाजपा नेताओं के अदालत का रुख करने के बाद कैग की 10 रिपोर्ट उपराज्यपाल को भेजी थी, जबकि चार रिपोर्ट अब भी लंबित हैं। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली सरकार ने कैग की चार रिपोर्ट अब तक उपराज्यपाल को नहीं भेजी है, ताकि इन्हें सार्वजनिक होने से दूर रखा जा सके। गुप्ता ने दावा किया कि आप सरकार ने दिल्ली उच्च न्यायालय को लिखित आश्वासन दिया कि 29 नवंबर से चार दिसंबर तक आयोजित किया गया सत्र मौजूदा सातवीं दिल्ली विधानसभा का अंतिम सत्र नहीं था। विधानसभा पांच साल का अपना कार्यकाल फरवरी 2025 में पूरा करेगी और 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव की घोषणा शीघ्र होने की संभावना है। विपक्ष के नेता ने कहा, आप सरकार देश में एकमात्र ऐसी सरकार है जिसने इन रिपोर्ट को विधानसभा में पेश नहीं होने दिया। बृहस्पतिवार को, आप सरकार ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया था कि मौजूदा मुख्यमंत्री आतिशी, जिनके पास वित्त विभाग भी है, ने शराब शुल्क, प्रदूषण और वित्त पर कैग की रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर रखे जाने के लिए उपराज्यपाल को भेजी है। हालांकि, दिल्ली सरकार के वकील ने स्पष्ट किया कि उन्हें इस बारे में लिखित निर्देश नहीं मिले हैं और मामले में घटनाक्रम को रिकॉर्ड में रखने के लिए वक्त मांगा। वकील ने इस बात की पुष्टि की कि विधानसभा के पटल पर रखे जाने के लिए 11 दिसंबर की रात उपराज्यपाल कार्यालय को 10 फाइल प्राप्त हुई थीं। याचिका भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता, मोहन सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश शर्मा, अजय कुमार महावर, अभय वर्मा, अनिल कुमार वाजपेयी और जितेंद्र नारायण ने दायर की है। वर्ष 2017-18 से 2021-22 तक की कैग की रिपोर्ट दिल्ली सरकार और इसके कामकाज से जुड़े विभिन्न विषयों से संबंधित हैं।

# फर्जी नौकरी के अवसरों के नाम पर लोगों को ठगने के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




नई दिल्ली,। राष्ट्रीय राजधानी में रोजगार का अवसर दिलाने के नाम पर लोगों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में चार साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी खुद को प्रसिद्ध ह्यजॉब पोर्टल का प्रबंधक बताते थे और नौकरी चाहने वाले लोगों से संपर्क करके कहते थे कि प्रतिष्ठित कंपनी में उनका परिचय पत्र (रिज्यूम) चुन लिया गया है। पुलिस ने बताया कि इसके बाद वे उनसे सेवा शुल्क का भुगतान करने के लिए कहते थे, साथ ही कहते थे कि बाद में यह धनराशि वापस कर दी जाएगी। मध्य दिल्ली के पुलिस उपायुक्त एम. हर्षवर्धन ने बताया, मामले की जांच करने पर आरोपियों के खिलाफ देशभर में मुख्य रूप से तेलंगाना, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक जैसे दक्षिणी राज्यों में धोखाधड़ी की कम से कम 74 शिकायतें मिली हैं। पुलिस ने बताया कि एक पीड़ित को एक ऑनलाइन जॉब वेबसाइट के कथित प्रतिनिधि का तीन नवंबर को फोन आया और फोन करने वाले ने पीड़िता को बताया कि एक निजी कंपनी में उसका रिज्यूम चुन लिया गया है। पुलिस ने कहा कि पीड़ित को ऑनलाइन माध्यम से 2,500 रुपये का सेवा शुल्क देने का निर्देश देते हुए कहा गया है यह पैसा बाद में वापस कर दिया जाएगा। पुलिस उपायुक्त ने बताया, महिला ने फोन करने वाले पर भरोसा करके उसकी बात मान ली। लेकिन, ठग अलग-अलग बहाने बनाकर उससे पैसे मांगते रहे। इस तरह महिला से 1.25 लाख रुपये ठग लिए गए। इसके बाद वह पुलिस के पास पहुंची और प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने पैसों के लेन-देन के सिलसिले में नौ दिसंबर को दिल्ली के न्यू अशोक नगर से निखिल त्यागी (34), अंकुर शर्मा (26), वरुण भंडारी (26) और सूरज कुमार (26) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपी दिल्ली के रहने वाले थे और पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले चार मोबाइल फोन और दो लैपटॉप बरामद किए हैं।

# मुझे गर्व है कि पिछले 10 साल से दिल्ली में आप सरकार शिक्षा को अपनी पहली प्राथमिकता बनाई हुई है - सीएम आतिशी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

शुक्रवार को दिल्ली के गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी के सिल्वर जुबली समापन समारोह में अतिथि सीएम आतिशी बतौर मुख्य शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत को नंबर वन देश बनाना है तो शिक्षा को पहली प्राथमिकता देनी होगी, जो दिल्ली सरकार दे रही है। मुझे गर्व है कि पिछले 10 साल से हमारी सरकार शिक्षा को अपनी पहली प्राथमिकता बनाई हुई है। पहले दिल्ली के सरकारी स्कूल टीन शेड में चलते थे और छत भी टपकती थी, लेकिन आज सरकारी स्कूल ऐसे बन गए हैं कि वो प्राइवेट स्कूलों को भी मात दे रहे हैं। पिछले सात साल से लगातार दिल्ली सरकार के स्कूल प्राइवेट स्कूलों से अच्छा रिजल्ट ला रहे हैं। देश के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है। हमारी सरकार बनने से पहली 2014 में दिल्ली के विश्वविद्यालयों में मात्र 83,600 छात्र पढ़ते थे और दस साल की इस शिक्षा क्रांति के बाद आज 1.55 लाख छात्र पढ़ रहे हैं। सीएम आतिशी ने कहा कि आईपी यूनिवर्सिटी की फैकल्टी, उनका रिसर्च और यहां के बच्चे न सिर्फ दिल्ली में बल्कि पूरे इंटरनेशनल फोरम में हमारे देश का नाम रोशन कर रहे हैं। आज यहां 190 एकेडमिक प्रोग्राम, 40 डिसिप्लिन में चल रहे हैं और आईपी यूनिवर्सिटी के तहत 90 हजार से ज्यादा बच्चे पढ़ रहे हैं। यह शायद पूरे देश की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी में से एक है। आज हम दुनिया के किसी भी हिस्से में चले जाएं, वहां हमें कोई न कोई भारतीय बड़े पदों पर, किसी कंपनी के सीईओ या किसी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर जरूर मिल जाएंगे। आप कनाडा, यूएस, सिंगापुर के किसी भी बड़े अस्पताल में चले जाएं, वहां तकरीबन सभी विभागों के हेड ऑफ डॉक्टर्स भारतीय होंगे। जब हम भारतीयों को इतना सफल देखते हैं तो मेरे मन में दो विचार आते हैं। पहला तो मुझे हमारे भाइयों-बहनों पर गर्व होता है कि उन्होंने हमारे देश का नाम रोशन किया है। लेकिन वहीं मन में दूसरा विचार भी आता है। मन में थोड़ी सी टीस रह जाती है कि अगर हमारे देश के लोग इतने सफल हैं और इतने आगे बढ़ जाते हैं तो हमारा देश आगे क्यों नहीं बढ़ पा रहा है? सीएम आतिशी ने कहा कि मुझे याद है, जब मैं स्कूल में पढ़ती थी तो 9वीं क्लास के दौरान सामाजिक विज्ञान में हमें इतिहास, भूगोल और सिविक्स पढ़ाई जाती थी। उसी साल से हमने अर्थशास्त्र भी पढ़ना शुरू किया था। उस अर्थशास्त्र की किताब के पहले चैप्टर में यह पढ़ाया जाता था कि दुनिया में तीन तरह के देश हैं, विकसित, विकासशील और अविकसित देश। यह करीब 1996-97 की बात होगी। तब हमारी किताब में लिखा था कि भारत एक विकासशील देश है और 2020 तक भारत एक विकसित देश बन जाएगा। लेकिन 2020 आया और चला गया। आज 2024 में भी उन किताबों में यही लिखा है कि भारत एक विकासशील देश है, क्यों? हमारे देश में इतनी नदियां, पहाड़ इत्यादि हैं कि दुनिया में कोई ऐसी चीज नहीं है जो भारत में नहीं मिलती। अगर हमारे लोग भारतीय इतने टैलेंटेड हैं और हमारे पास इतने संसाधन हैं, तो ऐसा क्या हो गया कि हमारा देश पीछे है? जिन देशों को हम विकसित देश कहते हैं, वे वहां तक कैसे पहुंचे? सीएम आतिशी ने आगे कहा कि हमारे देश को 1947 में आजादी मिली, उसी के आसपास दुनिया के ऐसे बहुत सारे देश थे जो द्वितीय विश्व युद्ध में पूरी तरह से तबाह हो गए। इस युद्ध में जर्मनी पूरी तरह खत्म हो गया। जापान और सिंगापुर तबाह हो गए। लेकिन आज ये सब भारत से बहुत आगे निकल गए हैं, क्यों? ये देश आगे इसलिए निकले क्योंकि इन देशों ने अपने बच्चों की शिक्षा को अपनी सबसे बड़ी प्राथमिकता बनाया। शिक्षा की वजह से ये देश आगे निकले और आज ये देश दुनिया में सबसे आगे हैं। इन देशों ने तय किया कि हो सकता है कि इन्हें कुछ सड़कें बनानी हों, कुछ फ्लाईओवर बनाने हों, कुछ कंपनियां बनानी हों, इसे पांच साल के बाद बना लेंगे। लेकिन हम सबसे पहली प्राथमिकता अपने बच्चों की पढ़ाई को देंगे। उन्होंने यह निर्णय लिया कि चाहे कोई गरीब से गरीब बच्चा हो या अमीर से अमीर बच्चा हो, हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिलेगी और आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इसी विजन के साथ आज ये देश आगे पहुंचे हैं। इसलिए अगर हम चाहते हैं कि हमारा भारत देश भी इसी तरह आगे निकले, तो हमें भी अपने बच्चों की शिक्षा को इस देश की नंबर वन प्राथमिकता पर रखना होगा। सीएम आतिशी ने कहा कि पिछले 10 साल से मुझे इस बात पर गर्व है कि दिल्ली की हमारी सरकार ने शिक्षा को अपनी नंबर 1 प्राथमिकता बनाई है। दिल्ली सरकार अपने बजट का 25 प्रतिशत खर्च केवल शिक्षा पर करती है और लगातार 10 साल से इसी तरह खर्च करती आ रही है। 2015 में पहली बार हमारी सरकार बनी थी। मैंने अपनी सारी जिंदगी दिल्ली में बिताई है। लेकिन क्योंकि हमने अपने समाज को दो हिस्सों में बांट रखा है। मैं खुद दिल्ली के एक नामी प्राइवेट स्कूल से पढ़ी हूं, लेकिन 2015 तक मैंने भी कभी सरकारी स्कूलों के अंदर कदम नहीं रखा था। मुझे याद है 2015 में दिल्ली के सरकारी स्कूलों का क्या हाल था। और सच्चाई यह है कि देश भर में आज भी वही हाल है। आप स्कूल के अंदर जाओगे तो आपको सबसे पहले टॉयलेट की बदबू आती थी। दिल्ली के सरकारी स्कूल भी ऐसे ही होते थे। टीन-टप्पर की छत होती थी। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता था। सर्दी के मौसम में टूटी हुई खिड़कियों से ठंडी हवा आती थी। बच्चों के बैठने के लिए टेबल-कुर्सी नहीं होती थी। पीने के लिए साफ पानी नहीं होता था। साफ टॉयलेट नहीं होते थे। सीएम आतिशी ने कहा कि पिछली सरकारें सरकारी स्कूल के टीचर्स को मुफ्त की लेबर मानती थीं।

## जेएनयू में फिल्म साबरमती रिपोर्ट के प्रदर्शन के दौरान वामपंथियों ने दर्शकों पर किया पथरावः एबीवीपी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में फिल्म द साबरमती रिपोर्ट के प्रदर्शन के दौरान वामपंथी छात्र समूह ने पथराव कर प्रदर्शन को बाधित करने का प्रयास किया। एबीवीपी की जेएनयू इकाई के अध्यक्ष राजेश्वर कांत दुबे ने दावा किया कि वामपंथी छात्र समूह ने पहले पर्चे और व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से लोगों को फिल्म देखने से रोका, लेकिन इसके बावजूद बृहस्पतिवार को बड़ी संख्या में दर्शक फिल्म देखने के लिए एकत्र हुए तो वहां पथराव किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना में कुछ छात्रों को मामूली चोट पहुंची हैं। दुबे ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन को इसकी शिकायत दे दी गई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध संगठन एबीवीपी दिल्ली पुलिस से भी इस मामले की शिकायत कर सकती है। दुबे ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया, हमने साबरमती ढाबे पर फिल्म द साबरमती रिपोर्ट को बृहस्पतिवार को दिखाने की योजना बनाई थी। हमारा उद्देश्य उस सच्चाई को सबके सामने लाना था जिसे कुछ समूहों ने 20 साल से भी ज्यादा समय से छिपा रखा था, लेकिन ये समूह इसे स्वीकार नहीं कर पाए इसलिए उन्होंने सुबह से ही छात्रों को फिल्म के प्रदर्शन में शामिल होने से रोकने के लिए पर्चे और व्हाट्सएप संदेश प्रसारित करना शुरू कर दिया। हमारे पास कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सभी जरूरी अनुमति थी। उन्होंने बताया, जब इन समूहों ने देखा कि हजारों छात्र फिल्म देखने के लिए एकत्र हुए हैं तो उन्होंने फिल्म प्रदर्शन को बाधित करने के लिए पथराव करना शुरू कर दिया। दुबे ने दावा किया कि फिल्म द कश्मीर फाइल्स के प्रदर्शन को भी बाधित करने के लिए इसी तरह की कोशिश की गई थी। दूसरी ओर, जेएनयू छात्र संघ (जेएनयूएसयू) और संबद्ध वामपंथी समूहों ने एबीवीपी के इन आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि एबीवीपी ने केवल लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए यह हथकंडा अपनाया है। जेएनयूएसयू के अध्यक्ष धनंजय ने एबीवीपी के इन आरोपों को एक असफल प्रयास कारर देते हुए कहा कि फिल्म का प्रचार करने के लिए यह सब किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभी तक इस घटना के संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

# दिल्ली में कुत्तों पर चाकू से हमलाः पेटा ने सुराग देने वाले को 50,000 रुपये का ईनाम देने की घोषणा की



नई दिल्ली, । पशु अधिकार संगठन पेटा इंडिया ने उत्तर पूर्वी दिल्ली में दो आवारा कुत्तों को चाकू से गोदने की घटना में शामिल संदिग्धों के बारे में जानकारी देने वाले को 50,000 रुपये तक का ईनाम देने की घोषणा की है। पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्सह्व (पेटा) के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले हफ्ते कबीर नगर में दो दिन के अंतराल पर किये गये इन हमलों में एक कुत्ते की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। अधिकारी ने बताया कि पांच दिसंबर की रात को चाकू से हमले में घायल कुत्ते का इलाज किया जा रहा है, जबकि छह दिसंबर की रात को जिस कुत्ते पर हमला हुआ, उसकी अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने कहा कि अपराधियों का अब भी पता नहीं चल पाया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि अपराधियों की पहचान में सहायता करने वाले को संगठन की ओर से 50,000 रुपये तक का ईनाम दिया जाएगा। पेटा इंडिया द्वारा जारी बयान के अनुसार बृहस्पतिवार को वेलकम पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई।

# स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियों से अभिभावक परेशान, बोले- गंभीरता से ले इसे सरकार

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली,। राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को 6 निजी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी के बीच अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित दिखाई दिए। निजी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी पहले भी मिल चुकी है। दिल्ली पुलिस लगातार इसकी जांच कर रही है। डिफेंस कॉलोनी स्थित साउथ दिल्ली स्कूल को बम से उड़ाने की धमकियों के बीच स्कूल के गार्ड धर्मेंद्र मांझी ने बताया कि रात के समय फोन पर ईमेल के जरिए यह धमकी मिली, जिसमें स्कूल का जिक्र था। इसके बाद बच्चों को इसकी जानकारी दे दी गई और अभिभावकों को सूचित कर दिया गया कि वे अपने बच्चों को घर ले जाएं। पुलिस स्कूल के अंदर जांच कर रही है। दिल्ली के सलवान पब्लिक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी के बीच अभिभावक मेघा आनंद ने बताया कि यह गंभीर विषय है कि इस प्रकार की धमकी भरी कॉल आ रहे हैं। कई बार धमकी आ चुकी है। सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। सरकार से मेरी अपील है कि जल्द से जल्द



इनसे निपटा जाए। मैं बहुत चिंतित हूं मेरे दो बच्चे यहां पढ़ते हैं, दोनों सुबह स्कूल आए थे। जब समाचार देखा है तो मैं स्कूल पहुंची हूं। स्कूल की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है। बताया जा रहा है कि बम निरोधक दस्ता पहुंचा था जो अब जा चुका है। अगर ऐसा ही चलता रहा, तो इससे बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ेगा और इससे हमें भी तनाव होगा। इसको बहुत गंभीरता से लेने की जरूरत है अगर हम गंभीरता से नहीं लेंगे और अगर किसी दिन कोई घटना हो जाती है तो उसकी भरपाई कभी नहीं हो पाएगी। दिल्ली पब्लिक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी के बीच एक अभिभावक ने बताया है कि स्कूल स्टाफ ने हमें बताया कि आज स्कूल बंद है। मुझे स्कूल में जाने की अनुमति नहीं दी गई, बम की धमकियां मिल रही हैं। सरकार को इस पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए, पता लगाना चाहिए कि ईमेल कहां से आ रहे हैं, स्रोत का पता लगाना चाहिए और मामले को बंद करना चाहिए। यह धमकी आज आई है और कुछ दिनों में यह फिर से हो सकती है। एक अन्य अभिभावक ने कहा है कि यह बिल्कुल भी अच्छी बात नहीं है। यह अभिभावकों, बच्चों और इससे जुड़े सभी लोगों के लिए बहुत परेशान करने वाला मुद्दा है। सरकार को सीधे तौर पर इस बात का पता लगाना चाहिए कि स्कूलों को बार-बार ये धमकियां क्यों भेजी जा रही हैं।

# नोएडा पुलिस ने 50 अपराधियों की 210 करोड़ की संपत्ति की जब्त, 156 इनामी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



नोएडा,। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट ने इस साल अपराध की दुनिया में जड़ें जमा चुके बड़े-बड़े अपराधियों पर कार्रवाई की है। एक जनवरी से लेकर अब तक सात सौ गैंगस्टरों पर कराई की है। गैंगस्टर के 50 मामलों में कुल 2 अरब 10 करोड़ 79 लाख 21 हजार 475 रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। 612 अपराधियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। 198 इनामी बदमाशों में से 156 को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। 162 अपराधी जिला बदर किए गए हैं। जिला बदर होने के बावजूद जिले में मिलने पर 40 बदमाश गिरफ्तार हुए हैं। गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा जारी आकड़ों के अनुसार जिले में विभिन्न अपराधों में संलिप्त 198 अपराधियों पर इनाम घोषित किया गया। उनमें से 156 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई। उनमें एक लाख का एक, 25 हजार के 66, 20 हजार के चार, 15 हजार के 20, 10 हजार के 52, पांच हजार के 13 इनामी बदमाश गिरफ्तार किए गए। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने बताया कि नोएडा जोन में 62 बदमाशों पर इनाम घोषित किया गया। इनमें 47 गिरफ्तार हुए। जिनमें 25 हजार के 24, 20 हजार के चार, 15 हजार के 12, 10 हजार के सात इनामी बदमाश पकड़े गए। ग्रेटर नोएडा जोन में 53 इनामी बदमाश घोषित किए गए। 51 इनामी बदमाशों की गिरफ्तारी हुई। उनमें 25 हजार के 21, 15 हजार के छह, 10 हजार के 24 इनामी बदमाश शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिले भर में गुंडा एक्ट के तहत 612 बदमाशों पर कार्रवाई की गई। 162 बदमाशों को जिला बदर किया गया। जिला बदर के बावजूद जिले में मिलने पर 40 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। नोएडा जोन में 213 बदमाशों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई हुई। 42 जिला बदर किए गए। 13 जिला बदर बदमाश गिरफ्तार हुए। सेंट्रल नोएडा जोन में 191 बदमाशों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई हुई। 30 जिला बदर किए गए। 10 जिला बदर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। ग्रेटर नोएडा जोन में 208 पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई हुई। 90 जिला बदर किए गए। 17 जिला बदर बदमाश गिरफ्तार हुए। उन्होंने बताया कि जनपद गौतमबुद्ध नगर में गैंगस्टर अधिनियम में कुल 129 मुकदमें दर्ज हुए। 700 बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्रवाई हुई। उनमें से 487 गिरफ्तार हुए। 139 ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। गैंगस्टर के 50 मामलों दो अरब 10 करोड 79 लाख 21 हजार 475 रुपये की संपत्ति जब्त हुई। उनमें नोएडा जोन में 50 मुकदमे हुए। 303 गैंगस्टर बनाए गए। 208 गिरफ्तार हुए। 48 ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। 10 प्रकरण में चार करोड़ 32 लाख 80 हजार रुपये की संपत्ति जब्त हुई। सेंट्रल नोएडा जोन में 47 मुकदमे हुए। 204 गैंगस्टर बने। 140 गिरफ्तार हुए। 39 ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। उन्होंने बताया कि 20 प्रकरण में 12 करोड़ 56 लाख 22 हजार 41 रुपये की संपत्ति जब्त की गई। ग्रेटर नोएडा जोन में 32 मुकदमे हुए। 193 गैंगस्टर बनाए गए। 139 गिरफ्तार हुए। 52 ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। 20 प्रकरण में एक अरब 93 करोड़ 90 लाख 19 हजार 434 रुपये की संपत्ति जब्त की गई।

# सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे अब हासिल कर सकते हैं ऊंचे लक्ष्य : आतिशी

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



नई दिल्ली,। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में बच्चों को अध्ययन में अब समान अवसर मिल रहे हैं और सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे अब ऊंचे लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने यह बात शहर के सरकारी स्कूलों के 30 छात्रों के साथ बातचीत के बाद कही जो उन्नत फ्रेंच भाषा का पाठ्यक्रम पढ़ने के लिए पेरिस गए थे। आतिशी ने आप नेता मनीष सिसोदिया के साथ पेरिस में एलायंस फ्रैंकेइस में पांच से 15 नवंबर तक फ्रेंच भाषा पाठ्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों से मुलाकात की। आतिशी ने इस पहल के बारे में सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर लिखा, दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 30 बच्चे फ्रेंच भाषा का एडवांस कोर्स करने के लिए पैरिस गए थे। मनीष सिसोदिया सर के साथ इन बच्चों से मिलना हुआ। उन्होंने कहा, कभी सोचा था? एक गरीब परिवार का बच्चा विदेश जाकर पढ़ाई करेगा? यह सिर्फ एक सपना नहीं, बल्कि उन लाखों उम्मीदों की जीत है जो अब तक पैसों के अभाव में दबा दी जाती थीं। उन्होंने कहा, हमने यह साबित कर दिया कि सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए भी आसमान की कोई सीमा नहीं। दिल्ली का हर बच्चा अब बराबरी के मौके पा रहा है। यही दिल्ली की शिक्षा क्रांति है। ये क्रांति जारी रहेगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार यह कार्यक्रम कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों पर केंद्रित था जिनमें से कई पहली बार स्कूल जाने वाली पीढ़ी के विद्यार्थी हैं। भारत में फ्रांसीसी दूतावास द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम दिल्ली के स्कूलों में फ्रेंच भाषा की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) सरकार और एलायंस फ्रैंकेइस के बीच साझेदारी का परिणाम है।

# कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों के नाम किए घोषित

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली,। कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की पहली सूची आज जारी कर दी जिसमें दिग्गज नेता संदीप दीक्षित को नई दिल्ली तथा प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव को बादली विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों की नाम का चयन किया है। पार्टी ने वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मैदान में उतारा है। पटपड़गंज सीट से पूर्व अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार, सदर बाजार से प्रदेश प्रवक्ता अनिल भारद्वाज, चांदनी चौक से मुदित अग्रवाल तथा बल्ली मारान से हारून यूसुफ को टिकट दिया गया है।

## सूची इस प्रकार है

1- नरेला -श्रीमती अरुणा कुमारी 2- बुराड़ी - मंगेश त्यागी 3- आदर्श नगर - शिवांक सिंघल 4 - बादली - देवेंद्र यादव 5- सुल्तानपुर माजरा (सुरक्षित)- जय किशन 6- नांगलोई जाट - रोहित चौधरी 7- शालीमारबाग- प्रवीन जैन 8- वजीरपुर - श्रीमती रागिनी नायक 9- सदर बाजार - अनिल भारद्वाज 10- चांदनी चौक - मुदित अग्रवाल 11- बल्लीमारान - हारून युसुफ

12- तिलक नगर - पी.एस. बावा

13- द्वारका - आदर्श शास्त्री

14- नई दिल्ली - संदीप दीक्षित

15- कस्तूरबा नगर - अभिषेक दत्त

16- छतरपुर - राजिंदर तनवर

17- अंबेडकर नगर (सुरक्षित) - जय प्रकाश

18- ग्रेटर कैलाश - गर्वित सिंघवी

19- पटपड़गंज- चौधरी अनिल कुमार

20- सीलमपुर- अब्दुल रहमान

21 -मुस्तफाबाद- अली महंदी

# हफ्ते में दूसरी बार स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी, बच्चों की पढ़ाई पर पड़ेगा असर : केजरीवाल

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली,। राजधानी दिल्ली में एक बार फिर स्कूलों को बम से उड़ने की धमकी भरा मेल मिला है। यह 6 स्कूल ऐसे हैं जिनमें धमकी भरा मेल मिला है और पुलिस जांच में जुट गई है। इन स्कूलों में भटनागर पब्लिक स्कूल, पश्चिम विहार, कैंब्रिज स्कूल, श्रीनिवासपुरी, डीपीएस, ईस्ट ऑफ कैलाश, साउथ दिल्ली पब्लिक स्कूल, डिफेंस कॉलोनी, दिल्ली पुलिस पब्लिक स्कूल, सफदरजंग एनक्लेव और वेंकटेश पब्लिक स्कूल, रोहिणी शामिल हैं। इस मामले को लेकर दिल्ली पुलिस ने कहा है कि हम अपने सभी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर को फॉलो कर रहे हैं। मेल की जांच की जा रही है। इस मामले को लेकर अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा है कि इसी हफ़्ते में दूसरी बार दिल्ली के स्कूलों को बम की धमकी मिली है, जो बेहद गंभीर और चिंताजनक है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो बच्चों पर कितना बुरा असर पड़ेगा? उनकी पढ़ाई का क्या होगा? गौरतलब है कि दिल्ली में हो रही घटनाओं को देखते हुए आम आदमी पार्टी लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर है। सोशल मीडिया, जन सभा, पदयात्रा इन सभी जगह पर आम आदमी पार्टी के नेता लोगों के बीच पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था के खराब होने का हवाला लगातार दे रहे हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भी इस मुद्दे को जोर-जोर से उठाया था। उन्होंने कहा था कि लगातार घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। कई गैंग दिल्ली में ऑपरेट कर रहे हैं और दिल्ली गैंगस्टर की राजधानी बनती जा रही है। लेकिन केंद्र सरकार इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा था- दिल्ली में हमने स्कूल, अस्पताल, सड़कें और बिजली ठीक करने की जिम्मेदारी पूरी की है लेकिन केंद्र सरकार और गृह मंत्री से दिल्ली की कानून व्यवस्था संभाली नहीं जा रही है। दिल्ली में हत्याएं और बम ब्लास्ट हो रहे हैं। दिल्ली में कानून व्यवस्था का यह हाल हो गया है कि आज हर कोई डरा हुआ है। लोगों को वसूली के फोन आ रहे हैं। महिलाओं का रेप कर हत्या की जा रही है।

# आरबीआई को बम से उड़ाने की धमकी, जांच में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




नई दिल्ली,। दिल्ली में स्कूलों को मिली धमकी के बाद मुंबई स्थित आरबीआई को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एक महीने में ये दूसरी बार है जब ऐसा हुआ है। इस संबंध में आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर ईमेल आया है। मेल रूसी भाषा में है। जिसमें आरबीआई को बम से उड़ाने की धमकी देने की बात कही गई है। इस मामले में माता रमाबाई मार्ग पुलिस स्टेशन ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच तेज कर दी है। 19 नवंबर को ही आरबीआई के कस्टमर केयर के नंबर पर फोन आया था। इसमें भी बम से उड़ाने की बात कही गई थी। इस दौरान फोन करने वाले ने खुद को लश्कर ए तैयबा का सीईओ बताया था। यही नहीं, धमकी देने वाले शख्स ने फोन रखने से पहले कहा था कि पीछे का रास्ता बंद कर दो, क्योंकि इलेक्ट्रिक कार खराब हो चुकी है। बता दें कि देशभर के कई सरकारी प्रतिष्ठानों को इस तरह से बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। शुक्रवार को दिल्ली के छह निजी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस संबंध में स्कूल को ईमेल आया है। दिल्ली पुलिस ने खुद इस बात की पुष्टि की है। धमकी मिलने के बाद जिन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, वहां बड़ी संख्या में पुलिसबलों को तैनात कर दिया गया है। स्कूलों को भेजे ईमेल में कहा गया है, हम आपको यह सूचित कर रहे हैं कि आपके स्कूल परिसर में कई विस्फोटक सामग्री लगाई जा चुकी हैं। हमें बहुत ही अच्छे से पता है कि आप अपने स्कूल में प्रवेश करने वाले बच्चों के बैग की जांच नहीं करते हैं ह्व ई-मेल में आगे कहा गया है, विस्फोटक स्कूल सहित आसपास के लोगों को नुकसान पहुंचाने की अपने अंदर पर्याप्त क्षमता रखता है। इसके अलावा, हमें यह जानकारी मिली है कि आज से 14 दिसंबर तक, यानी कल, दोनों दिनों में, एक अपेक्षित पैरेंट्स टीचर मीटिंग (पीटीएम) और खेल दिवस पर मार्च भी होने वाला है। इस एक्टिविटी में एक सीक्रेट डार्क वेब ग्रप शामिल है और कई रेड रूम भी हैं। बम इमारतों को नष्ट करने और लोगों को नुकसान पहुंचाने के लिए पर्याप्त हैं। धमकी में आगे कहा गया है, 13 दिसंबर 2024 और 14 दिसंबर 2024, ये दोनों दिन में आपके स्कूल में बम धमाके हो सकते हैं। 14 दिसंबर को एक निर्धारित टीचर-पैरेंट्स मीटिंग है और इस दिन बम विस्फोट होने का बड़ा फायदा है। बम धमाका 13 दिसंबर को किया जाएगा या 14 दिसंबर को ये बात गोपनीय है। लेकिन, यह निश्चित है कि बम अभी लगाए गए हैं।

# सरकारी स्कूल के बच्चे पेरिस से फ्रेंच भाषा का कोर्स कर लौटे वापस, सीएम आतिशी और मनीष सिसोदिया ने की मुलाकात

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




नई दिल्ली,। दिल्ली के सरकारी स्कूल के 30 बच्चे पेरिस गए थे और वहां पर उन्होंने फ्रेंच भाषा में एडवांस कोर्स कंप्लीट किया। जब वह वापस दिल्ली लौटे तो उनसे शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री आतिशी और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मुलाकात की और बच्चों की हौसला अफजाई की। दिल्ली सरकार की तरफ से जानकारी साझा की गई है कि आज मुख्यमंत्री आतिशी और मनीष सिसोदिया ने पेरिस जाकर फ्रेंच भाषा का एडवांस कोर्स करके लौटे दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स से मुलाकात की है। दिल्ली सरकार गवर्नमेंट स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को सभी मौके दे रही है, जिससे वह बेहतरीन शिक्षा प्राप्त करके अपने माता-पिता और देश का नाम रोशन कर सकें। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भी जानकारी साझा करते हुए कहा, दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 30 बच्चे फ्रेंच भाषा का एडवांस कोर्स करने के लिए पेरिस गए थे। मनीष सिसोदिया के साथ इन बच्चों से मिलना हुआ। कभी सोचा था? एक गरीब परिवार का बच्चा विदेश जाकर पढ़ाई करेगा? ये सिर्फ. एक सपना नहीं, बल्कि उन लाखों उम्मीदों की जीत है जो अब तक पैसों के अभाव में दबा दी जाती थी। हमने ये साबित कर दिया कि सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए भी आसमान की कोई सीमा नहीं। दिल्ली का हर बच्चा अब बराबरी के मौके पा रहा है। यही दिल्ली की शिक्षा क्रांति है। ये क्रांति जारी रहेगी। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी में मनीष सिसोदिया को शिक्षा में क्रांति का जनक कहा जाता है। आम आदमी पार्टी के सभी नेता मनीष सिसोदिया को शिक्षा क्षेत्र में किए गए बदलाव और विकास को लेकर उनकी काफी ज्यादा सराहना करते हैं।

# खराब वायु गुणवत्ता और थंड मौसम के कारण एलर्जी संबंधी खांसी और सर्दी की घटनाओं में वृद्धि

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

दिल्ली : वायु प्रदूषण के कारण न केवल त्वचा और आंखों में संक्रमण, बल्कि २५ से ५५ वर्ष की आयु के वयस्कों में एलर्जी संबंधी खांसी और सर्दी भी बढ़ रही है। शहर में बढ़ते वायु प्रदूषण और सर्दियों में कोहरे के कारण एलर्जी संबंधी खांसी और सर्दी की शिकायतें बढ़ गई हैं। विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि जब आपके क्षेत्र में हवा की गुणवत्ता खराब हो तो घर के अंदर ही रहें। विशेषज्ञों ने बाहर निकलते समय मास्क का इस्तेमाल करने और जरूरी होने पर घर में एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करने की सलाद दी है। दिल्ली में शीतलहर के कारण वायु की गुणवत्ता खराब होती जा रही है, जिससे प्रदूषण के बढ़ते स्तर और धुंध के कारण सांस संबंधी समस्याएं हो रही हैं। दिल्ली वायु गुणवत्ता सूचकांक (अदक) अस्वस्थ है और यह चिंता का विषय बनता जा रहा है। बिगड़ती वायु गुणवत्ता कई स्वास्थ्य समस्याओं को आमंत्रित कर रही है, जिनका समय रहते समाधान किया जाना चाहिए। वर्तमान में, न केवल जोड़ों की समस्याएं बल्कि सांस संबंधी समस्याएं भी दिल्लीवासियों के मन की शांति छीन रही हैं। अपोलो स्पेक्ट्रा दिल्ली (चिराग एन्क्लेव) के ईएनटी स्पेशालिस्ट डॉ. नईम अहमद ने कहॉ की, दिल्ली में हवा की गुणवत्ता दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है और बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण श्वसन प्रणाली प्रभावित हो रही है। २५ से ५५ वर्ष की आयु के वयस्कों में एलर्जी संबंधी खांसी और सर्दी बढ़ रही है, जिसमें वायु प्रदूषक और एलर्जी कारक स्मॉग के दौरान समस्या में योगदान दे रहे हैं। ये स्थितियाँ वायुमार्ग में सूजन पैदा कर सकती हैं और एलर्जी संबंधी खांसी और सर्दी की संभावना को बढ़ा सकती हैं जो लंबे समय तक रह सकती हैं। दिल्ली में सर्दियों के मौसम में तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण ऐसी घटनाएं बढ़ जाती हैं। हालांकि, इस साल दवा लेने के बाद भी मरीजों के लक्षण कम नहीं हुए। प्रतिदिन ओपीडी में भर्ती होने वाले १० में से ८ मरीज खांसी, छींक, नाक बहने और गले में खराश और सांस लेने में कठिनाई से पीड़ित होते हैं। उचित उपचार एंटीहिस्टामाइन और डीकॉन्गेस्टेंट है, साथ ही निवारक उपाय भी हैं जैसे कि घर पर वायु शोधक का उपयोग करना, बाहर जाते समय मास्क पहनना और प्रदूषित क्षेत्रों में लंबे समय तक रहने से बचना। श्वसन संबंधी समस्याओं से बचने के लिए जब बाहरी हवा की गुणवत्ता खराब हो तो घर के अंदर ही रहें। डॉ. अहमद ने आगे कहॉ की, सर्दियों में प्रदूषण के कारण एलर्जी खांसी और जुकाम जैसी सांस संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। पार्टिकुलेट मैटर और अन्य प्रदूषकों के उच्च स्तर श्वसन पथ को परेशान करते हैं और सूजन पैदा करते हैं और प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करते हैं जिससे श्वसन संबंधी परेशानी होती है। एलर्जी संबंधी खांसी और सर्दी से बचाव के लिए मास्क का उपयोग करें, घर पर मिडिफायर का उपयोग करें, संतुलित आहार लें, बाहरी व्यायाम से बचें, बार-बार हाथ धोने सहित अच्छी स्वच्छता की आदतें अपनाएं और प्रदूषण की अवधि के दौरान खिड़कियां बंद रखें। इसके अलावा विशेषज्ञ द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सभी को सतर्क रहना होगा। कोई भी घरेलू उपचार या स्वयं-चिकित्सा न करें क्योंकि ऐसा करने से खांसी जैसे लक्षण बढ़ सकते हैं और जटिलताएं हो सकती हैं। सावधानी बरतें और वायु प्रदूषण के साथ-साथ ठंडे मौसम से भी खुद को बचाएं।

### दिल्ली की मुख्यमंत्री दें जवाब, क्यों उनके माता-पिता ने किया संसद हमले के दोषी अफजल गुरु का बचाव

नई दिल्ली,। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने संसद हमलों की बरसी पर मुख्यमंत्री आतिशि के माता-पिता की अफजल गुरु को बचाने की कोशिशों पर उनसे जवाब मांगा है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि आज संसद पर हमले की बरसी है और सारे देश की जनता के साथ दिल्ली की जनता भी संसद की सुरक्षा में शहीद हुऐ जवानों की शाहदत को नमन कर रहे हैं। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आज इस दिन दिल्ली की जनता चाहती है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना संसद हमले की निंदा करें और इसके साजिशकर्ता अफजल गुरु की भी निंदा करें।

# दिल्ली के छह स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी : दिल्ली पुलिस

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली,। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी को लेकर पुलिस ने अपडेट दिया है। आधिकारिक बयान के मुताबिक दिल्ली के छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए दी गई है। जिन छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, उनमें भटनागर पब्लिक स्कूल (पश्चिम विहार), कैम्ब्रिज स्कूल (श्रीनिवासपुरी), डीपीएस (ईस्ट ऑफ कैलाश), साउथ दिल्ली पब्लिक स्कूल (डिफेंस कॉलोनी), दिल्ली पुलिस पब्लिक स्कूल (सफदरजंग एन्क्लेव), वेंकटेश पब्लिक स्कूल शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि अब इस मामले में एसओपी का पालन कर रहे हैं। साथ ही स्कूलों को मिले मेल के संबंध में भी हम जानकारी ले रहे हैं। बता दें कि दिल्ली में शुक्रवार को एक बार फिर से स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। इस संबंध में स्कूलों को ईमेल किया भेजा गया था। इस ईमेल में कहा गया है, हम आपको यह सूचित कर रहे हैं कि आपके स्कूल परिसर में कई विस्फोटक सामग्री लगाई जा चुकी हैं। हमें बहुत ही अच्छे से पता है कि आप अपने स्कूल में प्रवेश करने वाले बच्चों के बैग की जांच नहीं करते हैं। ई-मेल में आगे कहा गया है, विस्फोटक स्कूल सहित आसपास के लोगों को नुकसान पहुंचाने की अपने अंदर पर्याप्त क्षमता रखता है। इसके अलावा, हमें यह जानकारी मिली है कि आज से 14 दिसंबर तक, यानी कल, दोनों दिनों में, एक अपेक्षित पैरेंट्स टीचर मीटिंग (पीटीएम) और खेल दिवस पर मार्च भी होने वाला है। इस एक्टिविटी में एक सीक्रेट डार्क वेब ग्रप शामिल है और कई रेड रूम भी हैं। बम इमारतों को नष्ट करने और लोगों को नुकसान पहुंचाने के लिए पर्याप्त हैं। धमकी में आगे कहा गया है, 13 दिसंबर 2024 और 14 दिसंबर 2024, ये दोनों दिन में आपके स्कूल में बम धमाके हो सकते हैं। 14 दिसंबर को एक निर्धारित टीचर-पैरेंट्स मीटिंग है और इस दिन बम विस्फोट होने का बड़ा फायदा है। बम धमाका 13 दिसंबर को किया जाएगा या 14 दिसंबर को ये बात गोपनीय है। लेकिन, यह निश्चित है कि बम अभी लगाए गए हैं।

# दिल्ली में गिरा पारा, बढ़ी ठंड, कोहरे और शीतलहर को लेकर अलर्ट



नई दिल्ली,। पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी का असर राजधानी दिल्ली में देखने को मिल रहा है। पारा लगातार लुढ़क रहा है और आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री तक पहुंच सकता है। दिल्ली में गुरुवार को पिछले तीन सालों में सबसे ठंडा दिसंबर का दिन रहा। सुबह के वक्त हल्की कोहरे की चादर और ठंडी हवाओं से बचाव करने के लिए लोग अलाव का सहारा लेते दिखे। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और अधिकतम तापमान 21 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने 14 दिसंबर से दिल्ली- एनसीआर में घने कोहरे के साथ-साथ कड़ाके की ठंड की संभावना भी जताई है। नई दिल्ली स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, गुरुवार( 12 दिसंबर) को दिल्ली के पूसा में न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कई इलाकों में शीत लहर की भी स्थिति देखी गई। 12 दिसंबर को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक आने वाले हफ्तों में उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में शीत लहर की स्थिति बनी रहेगी। विभाग ने दिल्ली और आसपास के इलाकों के लिए अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक आने वाले आज राष्ट्रीय राजधानी में शीतलहर चलेगी, जिसकी वजह से पारा लुढ़केगा और ठंड बढ़ेगी। मौसम विभाग ने शीतलहर को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने के भी निर्देश दिए हैं। आईएमडी के मुताबिक 14 दिसंबर को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और अधिकतम तापमान 21 डिग्री दर्ज किया जाएगा। इस दौरान कोहरा भी लगा रहेगा। 15 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और अधिकतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया जाएगा। वहीं, 18 और 19 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और अधिकतम तापमान 20 डिग्री दर्ज होने की संभावना जताई गई है। जहां एक तरफ दिल्ली में शीतलहर की शुरूआत हुई है वहीं दूसरी तरफ वायु गुणवत्ता में खास सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। वेस्ट दिल्ली में एक्यूआई 308, शादीपुर में 202, पंजाबी बाग में 268, नॉर्थ कैंपस में 259, मुंडका में 301, वजीरपुर में 294, अशोक विहार में 289, द्वारका सेक्टर-8 में 313, रोहिणी में 316, आरके पुरम में 295, चांदनी चौक में 175, लोधी रोड में 173, बुराड़ी में 265, सोनिया विहार में 293 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

# दिल्ली चुनाव विकास की भावना को वापस लाने की लड़ाई है: कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित

नई दिल्ली,। कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय राजधानी में विकास की भावना को वापस लाने की लड़ाई होगी। दीक्षित को कांग्रेस ने नई दिल्ली सीट से उम्मीदवार बनाया है। आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इसी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। दीक्षित ने कहा कि हर चुनाव चुनौतीपूर्ण होता है। उन्होंने एक समाचार संस्थान से कहा, हर चुनाव चुनौतीपूर्ण होता है और खासकर अगर यह मुख्यमंत्री की सीट हो। हालांकि यह आम आदमी पार्टी को तय करना है कि वह (केजरीवाल) चुनाव लड़ेंगे या नहीं। हमारे लिए किसी व्यक्ति के खिलाफ लड़ना चुनौती नहीं है। पूर्वी दिल्ली से पूर्व सांसद दीक्षित ने कहा कि 10 साल पहले दिल्ली की जनता ने एक नई पार्टी को मौका देने का फैसला किया था। उन्होंने दावा किया, हम यह स्पष्ट रूप से कह रहे थे कि झूठा माहौल बनाकर कांग्रेस को (दिल्ली में) सत्ता से हटाया गया। हालांकि, 10 साल बाद यह स्पष्ट हो गया है कि नई पार्टी का वास्तविक काम, स्वच्छ राजनीति और अच्छे व्यवहार से कोई लेना-देना नहीं है। दीक्षित ने आरोप लगाया कि यह भी स्पष्ट हो गया है कि पार्टी को एक विकसित केन्द्र शासित राज्य मिला लेकिन उसने सात से 10 साल में उसे बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा, इसलिए, हमारे लिए यह दिल्ली में विकास की भावना को वापस लाने और जन कल्याण के बारे में सोचने वाली सरकार को वापस लाने की लड़ाई होगी। नई दिल्ली सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले केजरीवाल ने 2013 में इसी सीट से दीक्षित की मां और तीन बार मुख्यमंत्री रहीं शीला दीक्षित को हराया था।

# पुलिस ने मुठभेड़ के बाद वांछित अपराधी काला बंदर को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली,। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के कापसहेड़ा इलाके के पास पुलिस ने एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद झपटमारी, चोरी और अवैध हथियार रखने के कई मामलों में वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान आरोपी विपिन उर्फ काला बंदर (22) के पैर में गोली लगी और फिलहाल उसका सफदरजंग अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पश्चिम) सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि इस अभियान को बुधवार को कापसहेड़ा पुलिस थाने के पुलिसकर्मियों ने अंजाम दिया। उन्होंने कहा, पुलिस ने विपिन के आने की मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर एफआईएमटी कॉलेज के पास जाल बिछाया। जैसे ही अधिकारी उसे पकड़ने के लिए आगे बढ़े आरोपी ने गिरफ्तारी का विरोध किया और भागने की कोशिश में पुलिस पर गोलियां चलाईं। एक गोली हेड कांस्टेबल की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जवाबी गोलीबारी की जिसमें एक गोली विपिन के दाहिने पैर में लगी। डीसीपी ने बताया कि उसके कब्जे से एक पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं तथा घटनास्थल को फॉरेंसिक जांच के लिए सुरक्षित कर लिया गया है। उन्होंने बताया, विपिन कापसहेड़ा का रहने वाला है और उस पर झपटमारी, चोरी और शस्त्र अधिनियम के तहत वारदात समेत नौ से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह वसंत कुंज पुलिस थाने में दर्ज झपटमारी के एक हाईप्रोफाइल मामले में भी वांछित था।

# हरियाणा में कंपकंपाने वाली ठंड

प्रात : किरण संवाददाता



चंडीगढ़। दिसंबर का महीना अब कंपकंपाने लगा है। प्रदेश में लगातार शीत लहर का प्रकोप जारी है। हालांकि, दिन में निकली धूप अधिकतम तापमान को बढ़ा रही है, जबकि रात का तापमान काफी नीचे आ चुका है। शुक्रवार को भी प्रदेश के 17 जिलों में शीत लहर चलने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इससे रात के तापमान में और ज्यादा गिरावट हो सकती है।

हिसार का तापमान 1.6 डिग्री तक पहुंचा

वीरवार को तापमान में गिरावट के साथ ही हिसार का रात का तापमान 1.6 डिग्री तक पहुंच गया। इसी प्रकार काफी शहरों का तापमान भी तीन से चार डिग्री के आसपास चल रहा है। आंकड़ों पर नजर मारें, तो बीते बारह सालों में अंबाला का दिसंबर माह में सबसे कम तापमान 2.7 रिकॉर्ड किया गया है। यानी इस माह में तापमान अभी और नीचे जाएगा, जिससे अच्छी खासी ठंड महसूस होगी।

पहाड़ों पर लगातार बर्फबारी होने से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ी है। उत्तर व उत्तर पश्चिमी हवाएं मैदान की तरफ आने से रात के तापमान में तेजी से गिरावट हुई है। मौसम विज्ञानियों की माने तो शीत लहर के प्रकोप से लोगों को बचना चाहिए।

गेहूं और गन्ने के लिए बेहतर

वहीं, किसान इंतजार कर रहे हैं कि ठंड जितनी अधिक होगी, उतना गेहूं और गन्ने की फसल को फायदा होगा। जिस तरह से ठंड लगातार बढ़ रही है, उसे देखते हुए गेहूं और गन्ने की फसल के लिए ठंड काफी फायदेमंद है। हालांकि, दिन में धूप निकलने के कारण अभी वह असर इन फसलों में नहीं मिल रहा है। दिन में जब धूप बंद होगी और तापमान गिरेगा, जबकि रात में भी ठंड बढ़ेगी तो इन फसलों को फायदा होगा।

### शीत लहर का यलो अलर्ट

मौसम विभाग ने हरियाणा में पंचकूला, अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, मेवात, पलवल, फरीदाबाद, रोहतक, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी और चरखी दादरी समेत 17 राज्यों में शीत लहर का यलो अलर्ट जारी किया है।

अंबाला में 1913 में माइनस 0.6 डिग्री पहुंच गया था तापमान

मौसम विभाग के अनुसार यदि बीते बारह सालों के आंकड़ों पर नजर मारें, तो दिसंबर माह में ठंड ने काफी परेशान किया है। पांच मौके ऐसे आए, जबकि न्यूनतम तापमान चार डिग्री से नीचे रहा है। इस में भी साल 2019 में 30 दिसंबर माह को सबसे कम तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। हालांकि, आंकड़े बता रहे हैं कि अंबाला में दिसंबर माह का सबसे कम तापमान अब तक साल 1913 में माइनस 0.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। हालांकि, बीते बारह सालों में नवंबर के मुकाबले दिसंबर में तापमान तेजी से नीचे गिरा है। दूसरी ओर अधिकतम तापमान की बात करें, तो दिसंबर में बीते बारह सालों में यह आंकड़ा 24 से लेकर 27 डिग्री तक रहा है। हालांकि, साल 1944 में इस माह का अब तक का सबसे अधिक तापमान 5 दिसंबर को 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

# शादी में हर्ष फायरिंग बनी काल, 9वीं की छात्रा की सिर में गोली लगने से मौत; मां घायल

प्रात : किरण संवाददाता



चरखी दादरी। दादरी के भिवानी रोड स्थित एक मैरिज गार्डन में बुधवार रात को शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में सिर पर गोली लगने से किशोरी की मौत हो गई। उसकी मां घायल हो गई। मृतका 13 वर्षीय जीया झज्जर जिले के गांव बहु की रहने वाली थी और नौवीं कक्षा की छात्रा थी।

दोस्ती की बेटी की शादी में गया था पूरा परिवार

मामले के अनुसार, गांव बहु निवासी अशोक कुमार बुधवार रात को अपनी पत्नी सविता, बेटी जीया व रिया तथा बेटे मयंक के साथ गांव खोरड़ा निवासी अपने दोस्त की बेटी की शादी में शामिल होने दादरी के उत्सव गार्डन में आया था।

रात करीब नौ बजे जब वे कन्यादान डालकर वापस जाने की तैयारी में थे, तो बाहर भी दो-तीन फायर कर चुके कुछ युवकों ने गार्डन में अंदर आकर उनसे कुछ कदमों की दूरी पर खड़े हो गए। उनमें से एक के पास डोगा गन थी। उसी दौरान डोगा गन से गोली चल गई और वह गोली जीया के सिर के पिछले हिस्से में लग गई। साथ में मौजूद अशोक की पत्नी सविता को भी छर्रे लगे। जिसके बाद दोनों को उपचार के लिए दादरी के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। यहां चिकित्सकों ने जीया को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच घटना की सूचना पाकर डीएसपी सुभाष चंद्र सहित सिटी थाना पुलिस व एफएसएल टीमें मौके पर पहुंची और गार्डन में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली। पुलिस ने अशोक कुमार के बयान के आधार पर अज्ञात के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के अलावा भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 व 287 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

उधार दिए रुपये वापस मांगने पर युवक की हत्या

वहीं, एक दूसरे मामले की बात करें तो, पानीपत में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरके मेहता ने बापौली में अनिल की कुल्हाड़ी, कस्सी, दरांती से हत्या करने वाले तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। दोषी सन्नी, दीपक उर्फ दीपू व मोंटी बीपीएल कॉलोनी, बापौली के रहने वाले हैं।

दोषियों ने 25 दिसंबर 2018 की रात 10 बजे वारदात को अंजाम दिया था। अदालत ने दोषियों पर 10-10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। उप न्यायवादी कुलदीप ढुल ने बताया कि अनिल ने दोषियों को कुछ रुपये ब्याज पर उधार दिए थे। अनिल रुपये वापस मांग रहा था। इसी झगड़े में वारदात को अंजाम दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### जीएसटी विभाग ने कई उद्यमियों को नोटिस भेजा

नोएडा। वस्तु एवं सेवा कर विभाग की ओर से 10 से 15 वर्ष पुराने मामलों में उद्यमियों को नोटिस भेजा गया है। इस नोटिस के माध्यम से कर जमा करने के निर्देश दिए गए है। साथ ही कई उद्यमियों के द्वारा पुराना कर जमा न करने पर बैंक खाता भी सीज कर दिया है। उद्यमी जीएसटी विभाग के नोटिस का विरोध कर रहे हैं। जीएसटी विभाग द्वारा बीते एक से दो महीनों में भीतर सौ से अधिक उद्यमियों को नोटिस भेजे गए हैं। इन नोटिसों में 10 से 15 साल पुराने मामलों में कर बकाया बताते हुए जुमार्ना के साथ कर जमा करने के निर्देश दिए हैं। उद्यमियों को हजारों और लाखों रुपये कर के रूप में जमा करने के निर्देश दिए हैं। कर जमा नहीं करने पर आगे की कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई है। वहीं, उद्यमी संगठन एनईए के महासचिव वीके सेठ ने बताया कि अब उद्यमियों के पास 10 से 15 साल पुराने ममालें में कर जमा के दस्तावेज नहीं है। ऐसे में कैसे साबित करें कि उन्होंने कर जमा कर दिया है। वहीं, आरोप लगाया कि विभाग स्वयं दस्तावेजों को ठीक से नहीं रखता और उद्यमियों को नोटिस भेजकर परेशान कर रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ उद्यमियों के बैंक खाते भी सीज कर दिए है। ऐसे में इन उद्यमियों की परेशानी बढ़ गई है। जीएसटी विभाग की आयुक्त और अपर आयुक्त के समक्ष भी उद्यमियों की परेशानी को रखा गया है।

### हत्या के केस में पैरवी करने पर मारपीट करने का आरोप

ग्रेटर नोएडा। सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के पाली गांव में एक युवक की हत्या के मामले में पैरवी करने वाले चाचा ने आरोपियों पर मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी सगे भाइयों ने पीड़ित को कोर्ट के बाहर भी धमकाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने इस मामले में तीन सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पाली गांव के रहने वाले चाहतराम ने तीन सगे भाई सुबोध, रवि और सागर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। चाहतराम ने पुलिस को बताया कि दो साल पहले आरोपियों ने उनके भतीजे रोबिन की घर से अपहरण कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए रोबिन का शव कोट गांव के समीप गंग नहर से बरामद किया था। पीड़ित के मुताबिक इस मुकदमे में कोर्ट में गवाही चल रही है। पीड़ित दो दिन पहले मुकदमे की पैरवी को लेकर कोर्ट गया था। कोर्ट से बाहर निकलने पर आरोपी सगे भाइयों ने उसे रोक लिया और मुकदमे की पैरवी करने पर गाली गलौज कर मारपीट की। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### महादेवा में बन रही दस मीटर चौड़ी सड़क, कॉरिडोर बनने का कार्य तेज

बाराबंकी। महाभारत कालीन लोधेश्वर महादेवा में सड़क चौड़ीकरण का कार्य तेजी से जारी है। प्रथम फेज में महादेवा चौकी से लोधौरा चौराहा होकर टंकी तक सड़क चौड़ीकरण हो रहा है। इसके बाद चौकी से केसरीपुर पुर मोड़ तक का कार्य शुरू होगा। लोधेश्वर महादेवा में मंदिर के सामने व बाहर निकली सड़कें चौड़ी होनी है। अभी तक सड़कें सात मीटर की हैं। इन्हें दस मीटर किया जाना है। इसके बाद दो-दो मीटर इंटरलाकिंग लगेगी। बिजली के खम्भे उखड़ने के बाद सड़क निर्माण कार्य में तेजी आई है।जगह-जगह गिट्टियां ट्रकों से उतर कर सड़क किनारे डाली गई हैं। लोक निर्माण विभाग एक महीने के अंदर सभी कार्य खत्म कराने का प्लान लेकर चल रहा है।

# गुरुग्राम को मिलेनियम सिटी बताने पर हाईकोर्ट ने पूछे ये सवाल; नगर निगम पर भारी भरकम जुमार्ना

प्रात : किरण संवाददाता




चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार द्वारा गुरुग्राम को मिलेनियम सिटी के रूप में प्रचारित किए जाने पर सवाल उठाया है। हाईकोर्ट ने गुरुग्राम में कूड़ा डंपिंग के मुद्दे पर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार से डंप को उठाने की स्थिति की जानकारी मांगी थी।

हाईकोर्ट ने नगर निगम द्वारा अप्रासंगिक जानकारी देने व कोर्ट को भ्रमित करने के प्रयास पर नगर निगम पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। जस्टिस विनोद एस भारद्वाज ने कहा कि यह कोर्ट इस याचिका को एक प्रतिकूल मुकदमे के रूप में नहीं देखता और इसे एक मानवीय समस्या मानता है, जबकि गुरुग्राम को मिलेनियम सिटी के रूप में प्रचारित किया जा रहा है।

पीठ थपथपाने के लिए आंकड़ों की बाजीगरी-हाईकोर्ट हाईकोर्ट ने कहा कि संयुक्त आयुक्त और नगर निगम द्वारा दिए गए आंकड़ों में केवल विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से शहर में उत्पन्न कचरा और ठोस अपशिष्ट को समय पर हटाने की दिशा में उनके द्वारा किए गए कथित कार्यों के बारे में अपनी पीठ थपथपाने के लिए आंकड़ों की बाजीगरी की गई है। हाईकोर्ट ने कहा कि नगर निगम द्वारा प्रस्तुत जवाब में कचरा/ठोस अपशिष्ट से निपटने के लिए उपलब्ध जनशक्ति के साथ-साथ मशीनरी पर भी जोर दिया गया है, जिसमें लगभग 470 वाहन, उनके पंजीकरण नंबर और उन कर्मचारियों के नाम शामिल हैं, जो उक्त वाहनों पर काम कर रहे हैं। शहर में फैले कचरे को हटाने की नहीं दी कोई जानकारी

इस मामले में दायर याचिका में पूरे गुरुग्राम शहर में फैले कचरे को हटाने की कोई जानकारी नहीं दी गई है। कचरा नहीं हटने से गुरुग्राम के निवासियों को कई बीमारियों के बढ़ते खतरे का सामना करना पड़ रहा है। हाईकोर्ट ने नगर निगम से शहर में सफाई और कूड़ा उठाने की स्थिति के बारे में जानकारी मांगी थी।

इसके जवाब में कोर्ट ने कहा कि भले ही आवासीय, व्यावसायिक और संस्थागत कचरे के साथ-साथ मासिक निर्माण और विध्वंस कचरा, जैविक अपशिष्ट आदि सहित प्रति व्यक्ति मासिक कूड़े की कुल मात्रा के बारे में विशिष्ट जानकारी मांगी गई थी, लेकिन निगम ने कोर्ट में बेकार के कागज देकर अपेक्षित जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं किया है।

कोर्ट ने नगर निगम को अनावश्यक कागजात दाखिल करने की बजाय आवश्यक कार्रवाई शीघ्रता से करने के लिए समय दिया था, हालांकि इसका नगर निगम के अधिकारियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। जस्टिस भारद्वाज ने कहा कि कानून नागरिक निकायों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देता है कि सड़कों पर कचरा जमा ना रहे और स्वच्छता को उचित रूप से बनाए रखा जाए। यह आम बात है कि लोग अनावश्यक रूप से बिखरे कचरे के आसपास इकट्ठा होने वाले आवारा जानवरों से चोटिल होते हैं। उपरोक्त के आलोक में हाईकोर्ट ने स्थानीय आयुक्त के रूप में नौ वकीलों को नियुक्त किया है। जो उल्लिखित विशिष्ट क्षेत्रों का दौरा करेंगे तथा नगर निगम गुरुग्राम के विभिन्न इलाकों में कचरा संग्रहण और डंप के बारे में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। यह नौ वकील यह भी देखेंगे कि कचरा हटाने का काम नियमित रूप से, शीघ्रता से और कुशलता से किया जा रहा है या नहीं। इस मामले में अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी।

# प्रभारी मंत्री ने किया जिला अस्पताल में पोषण पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ, बच्चों का मनाया जन्मदिन, गाय को खिलाया गुड़

प्रात : किरण संवाददाता



नोएडा,। जनपद गौतमबुद्धनगर के प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने आज सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) एवं सेक्टर-37 स्थित कम्पोजिट विद्यालय छलैरा में स्थापित इनोवेशन हब एवं डिजिटलशाला का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने गौशाला जलपुरा का भी निरीक्षण किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शानुसार प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों व योजनाओं का सभी पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश भर में जनपदों के प्रभारी मंत्री अपने-अपने जनपदों में पहुंचकर मरीज को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा ले रहे हैं। जिससे सभी को प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। इसी क्रम में शुक्रवार को राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग एवं जनपद के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने जनपद भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम जिला अस्पताल सेक्टर-39 में स्थापित पोषण पुनर्वास केन्द्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने जिला चिकित्सालय में एनआरसी सेंटर, डायलिस, आयुष्मान भारत काउंटर, फिजियोथेरेपी, ब्लड़ बैंक, तम्बाकु उन्मूलन, दवाई वितरण, पंजीकरण ओपीडी आदि का भी निरीक्षण किया और स्वास्थ्य से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डीएम मनीष कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रेनू अग्रवाल, तहसीलदार जेवर विवेक भदौरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिला अस्पताल का निरीक्षण के बाद प्रभारी मंत्री ने कम्पोजिट विद्यालय छलैरा में स्थापित इनोवेशन हब एवं डिजीटल शाला का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर स्मार्ट क्लास में अध्यनरत छात्र-छात्राओं से आधुनिक शिक्षा के संबंध वार्ता की। यहां पर डीएम ने विद्यालय में बच्चों को परोसे जा रहे मिड डे मील भोजन को खाकर उसकी गुणवत्त को परखा गया, जोकि मानकों के अनुरूप सही पाई गयी। कम्पोजिट विद्यालय छलेरा का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद आंगनबाडी केन्द्र हाजीपुर का निरीक्षण करते हुये यहां उपस्थित बच्चों से वार्ता की और मिलने वाली सुविधाओं एवं शिक्षा की गुणवत्ता को परखा, जोकि संतोषजनक पायी गयी। इस अवसर पर मंत्री ने आंगनबाडी केन्द्र के बच्चों गौरव व जोया का जन्मदिवस मनाया एवं गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी करायी। इसके बाद मंत्री ने गौशाला जलपुरा का भी निरीक्षण किया गया। गौशाला में उन्होंने गौवंश को दुलारा और अपने हाथों से गुड़ खिलाया। इस अवसर पर डीएम मनीष कुमार वर्मा, एसीईओ लक्ष्मी, उप जिला अधिकारी दादरी अनुज नेहरा, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार त्रिपाठी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ग्रेनो प्राधिकरण ने गरीब-बेसहारा लोगों को रात गुजारने के लिए बनाया 8 रैन बसेरा



ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कड़ाके की सर्दी को देखते हुए गरीब-बेसहारा लोगों को रात गुजारने के लिए शहर के 8 जगहों पर रैन बसेरा बनाया है। ये रैन बसेरा सेक्टर पी थ्री के बारातघर, सेक्टर-ईकोटेक- 3 (नाइट शेल्टर), परी चौक पिंक ट्वायलेट के पास (2 कैनोपी बेस, डेल्टा टू के बारातघर, रोजा याकूबपुर बारात घर, ग्राम हल्दौनी (बारात घर) और जिम्स में बने हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अलग-अलग जगहों पर रैन बसेरा बनाने के निर्देश दिए हैं, जिसके चलते परियोजना विभाग ने ये रैन बसेरा सेक्टर पी थ्री के बारात घर, सेक्टर-ईकोटेक- 3 (नाइट शेल्टर), परी चौक पिंक ट्वायलेट के पास (2 कैनोपी बेस, डेल्टा टू के बारातघर, रोजा याकूबपुर बारात घर, ग्राम हल्दौनी (बारात घर) और जिम्स के पास रैन बसेरा बनवा दिए हैं। इन रैन बसेरा में 15 से 25 बिस्तर लगाए गए हैं। इनमें रात गुजारने वालों से किसी तरह का शुल्क नहीं लिया जाएगा। प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके सिंह ने इन रैन बसेरा का जायजा भी लिया। महाप्रबंधक ने कहा है कि जरूरत पड़ने पर इन रैन बसेरा में और भी बिस्तर लगा दिए जाएंगे। अगर जरूरत पड़ी तो और जगहों पर भी रैन बसेरा बनाये जा सकते हैं। उन्होंने शहर की जनता से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कोई भी गरीब या असहाय व्यक्ति मिले तो उसे रैन बसेरों में जरूर पहुंचा दें। प्राधिकरण के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक एपी वर्मा के मोबाइल नंबर 9205691276 पर भी इसकी सूचना दे सकते हैं। प्राधिकरण की टीम रैन बसेरा तक पहुंचाने में मदद करेगी। इस मौके पर समाजसेवी हरेंद्र भाटी, टेक्निकल सुंदर कसाना, सन्तराम भाटी, विकास भाटी सहित अन्य मौजूद रहे।

## कहीं उग्र न हो जाए आंदोलन... हरियाणा सरकार की अचानक क्यों बढ़ी चिंता?

प्रात : किरण संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा के जींद के अंतर्गत खनौरी बॉर्डर पर 26 नवंबर से आमरण अनशन पर चल रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के स्वास्थ्य में लगातार गिरावट से प्रदेश सरकार चौकन्नी हो गई है। डल्लेवाल के स्वास्थ्य में लगातार गिरावट से किसानों में उग्र होने की आशंका है। इसे देखते हुए जींद और अंबाला के उपायुक्तों ने किसान नेता को तुरंत मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने के लिए संगरूर के उपायुक्त को पत्र लिखा है।

उपायुक्तों की ओर से लिखे पत्रों में कहा गया है कि संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) एवं किसान मजदूर मोर्चा के नेताओं द्वारा 13 फरवरी से अंबाला के पास शंभू बॉर्डर और जींद के पास खनौरी बॉर्डर पर दिल्ली कूच को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने बनाई है कमेटी

इस आंदोलन के संबंध में उच्चतम न्यायालय में भी स्पेशल लीव अपील विचाराधीन है, जिसके आधार पर उच्चतम न्यायालय ने एक कमेटी भी बनाई हुई है। परंतु संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) एवं किसान मजदूर मोर्चा के नेताओं द्वारा 6 दिसंबर को पैदल जत्थों के रूप में शंभू बॉर्डर से दिल्ली कूच का एलान किया गया। अब 14 दिसंबर को दिल्ली कूच करने को लेकर शंभू बॉर्डर पर अधिकाधिक किसानों को एकत्रित होने के लिए आह्वान किया जा रहा है।

डल्लेवाल का वजन काफी कम हुआ उपायुक्तों ने पत्र में लिखा है कि अपनी मांगों को लेकर जगजीत सिंह डल्लेवाल (संयुक्त किसान मोर्चा) द्वारा खनौरी बॉर्डर पर 26 नवंबर से आमरण अनशन किया जा रहा है। किसान नेताओं द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि जगजीत सिंह डल्लेवाल का वजन काफी कम हो गया है और स्वास्थ्य में गिरावट आई है।

इसी को देखते हुए उचित चिकित्सा सुविधा तुरंत प्रभाव से उपलब्ध करवाई जाए। सभी आवश्यक कार्रवाई करें ताकि शंभू बॉर्डर और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन पर इसका कोई दुष्प्रभाव न पड़े और अंबाला तथा जींद जिलों में कानून एवं व्यवस्था बनी रहे।

# श्री काशी विश्वनाथ धाम लोकार्पण के तृतीय वर्षगांठ पर देव विग्रहों का अभिषेक, दर्शन के लिए उमड़े शिवभक्त



वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास परिषद (काशी विश्वनाथ कॉरिडोर) लोकार्पण के तृतीय वर्षगांठ पर शुक्रवार को धाम में सुबह से ही विविध धार्मिक कार्यक्रम चल रहा है। शुरुआत धाम के भव्य सजावट और वैदिक मंत्रोंच्चार के बीच समस्त देव विग्रहों के अभिषेक से हुई। धाम परिसर में चतुर्वेद परायण के मंत्रों के गूंज के बीच दर्शन पूजन के लिए सुबह से ही शिवभक्तों का हुजूम उमड़ता रहा। मंदिर न्यास के देखरेख में सर्व सनातन विजय की कामना के साथ वैदिक यज्ञ जयादी होम में आहुति डालने के लिए मंदिर के अर्चक और विशिष्ट जन जुटे रहे। मंदिर न्यास के अनुसार मंदिर चौक परिसर में अर्चकों एवं कार्मिकों के लिए निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं लघु उपचार शिविर भी चल रहा है। धाम में शाम को नंदी अभिषेक भी संपन्न किया जाएगा। सायंकाल धाम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शिवार्चनम संध्या का आयोजन मंदिर चौक में किया गया है। इसमें काशी के संगीत कलाकार नीरज सिंह, सितार वादक देवव्रत मिश्र एवं भजन गायक एवं बॉलीवुड सिंगर अभिजीत घोषाल अपनी प्रस्तुतियों के द्वारा भगवान विश्वनाथ की आराधना करेंगे। वहीं, बाबा के इस खास उत्सव में शिव बारात समिति और संस्कृति विभाग की पहल पर तीन किमी लम्बी भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसकी थीम महाकुंभ पर बनाई गई है। शोभायात्रा में महाकुंभ की झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहेगी, मैदागिन चौराहे से दशाश्वमेध स्थित चितरंजन पार्क तक शोभायात्रा निकलेगी। इसमें बतौर मुख्य अतिथि शहर दक्षिणी के विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी और शहर के विशिष्ट जन, समाजसेवी, भाजपा और विहिप, बजरंग दल के पदाधिकारी भी शामिल रहेंगे।

बताते चले धाम के नव्य, भव्य और विस्तारित रूप का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 13 दिसंबर 2021 को किया था। इन तीन सालों में मंदिर में दर्शन पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं का रिकार्ड टूट चुका है। तीन सालों में 17.36 करोड़ श्रद्धालु दरबार में दर्शन पूजन कर चुके है। मंदिर न्यास के अनुसार वर्ष 2023 के प्रथम छमाही जनवरी से जून के मुकाबले 2024 के प्रथम छमाही में मंदिर की आमदनी में रिकार्ड बढ़ोत्तरी हुई। 24.66 फीसदी आमदनी बढ़ी है। वहीं श्रद्धालुओं की संख्या में भी 45.76 फीसदी की वृद्धि हुई है।

## एनसीआर में घरों व पीजी से चोरी करने वाला शातिर चोर शेकू गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा। थाना फेस-3 पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर इसके पास से चोरी के दो लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल तथा देसी तमंचा और कारतूस बरामद किया है। थाना फेस-तीन के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर आज थाना पुलिस ने अरबाज उर्फ शेकू को सेक्टर-52 कच्ची पगडंडी के पास जाने वाले रास्ते पर स्थित ट्रांसफार्मर के पास से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसकी उम्र 26 वर्ष है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले विभिन्न लोगों के घरों और पीजी से चोरी किए हुए दो लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन, चोरी की एक मोटरसाइकिल, देसी तमंचा और कारतूस बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि जो लोग अपने घर, पीजी का दरवाजा खोलकर सोते है ये उन लोगों के घरों से लैपटॉप और मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो जाता था। उन्होंने बताया कि अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान एनसीआर क्षेत्र में चोरी करने की कई घटनाओं का खुलासा किया है।

# फरीदाबाद में शराब पीने को लेकर जमकर हुआ बवाल, बीयर की बोतल मारकर फोड़ा सिर

फरीदाबाद। शराब पीने के दौरान कहासुनी के बाद एक युवक ने दूसरे के सिर में बीयर की बोतल दे मारी। इससे उसका सिर फट गया। थाना पल्ला में पंचशील कालोनी पार्ट दो बसंतपुर में रहने वाले सुखबीर ने दी शिकायत में बताया कि वह अपनी भैंस को चराने के लिए तिलपत शूटिंग रेंज के पास गया था। वहां उसे रविंद्र भाटी मिला। इसके बाद मनोज भी आ गया। तीनों शराब पीने लगे। रविंद्र को नशा ज्यादा हो रहा था। वह सभी शराब पीकर इधर-उधर हो गए।

थोड़ी देर बाद मनोज और सिंटा फिर से उसके पास आया। उसने शराब की बोतल ली हुई थी। वह फिर से शराब पीने लगे। इस दौरान मनोज उसके साथ बदतमीजी करने लगा। विरोध करने पर उसे बीयर की बोतल उसके सिर में मार दी। सिंटा ने उसे पकड़ लिया था।

इससे उसके सिर से खून निकलने लगा। वह चिल्लाने लगा। उसने इसकी सूचना अपने दोस्त लोकेश को दी। सूचना मिलने पर उसके पिता बाबूराम आए और उसे अस्पताल लेकर गए। हालत खराब होने पर उसे ट्रामा सेंटर दिल्ली में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

एंबुलेंस की टक्कर से गाय की मौत

एंबुलेंस की टक्कर से गाय की मौत हो गई। कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मंजू यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह राधा कृष्ण गो सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित गोशाला चलाती हैं। रात 10 बजे उनके पास फोन आया। बताया कि एंबुलेंस ने गाय को टक्कर मार दी है। मौके पर गए तो गाय मृत पाई गई। थोड़ी दूर एंबुलेंस मिल गई। इस बारे में पुलिस को शिकायत देकर मामला दर्ज कराया। पुलिस इसके चालक की तलाश कर रही है।

स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर 6.20 लाख की ठगी

स्टॉक मार्केट में निवेश कराकर एक व्यक्ति के साथ 6.20 लाख की ठगी हो गई। साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। अमोलिक रेजीडेंसी सेक्टर-86 में रहने वाले प्रतानु जाना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पास अनजान शख्स ने फोन कर स्टाक मार्केट में निवेश करने के बारे में बताया था। उसे अपनी बातों में लगाकर अच्छे मुनाफा होने का लालच दिया गया। वह उनकी बातों में आ गया और निवेश कर दिया। इस तरह उनके साथ ठगी हो गई। थाना सराय ख्वाजा में छतरपुर दिल्ली में रहने वाले कुलदीप गिरी ने दी शिकायत में बताया कि वह सेक्टर-37 में घरेलू सामान का सर्विस सेंटर चलाते हैं जिसमे 20 कर्मचारी काम करते हैं। 10 दिसंबर को पता लगा कि सेंटर से चोरी हो गई है। आकर देखा तो छह लेपटाप, चार चार्जर, 20 हजार रुपये चोरी हो गए।

एसआरएस टावर में घुसकर हंगामा, कब्जा करने की कोशिश

सेक्टर-31 स्थित एसआरएस टावर में घुसकर कब्जा करने की कोशिश करने, हंगामा करने का मामला सामने आया है। थाना सेक्टर-31 में अनिल कुमार ने दर्ज कराए मामले में बताया कि वह सेक्टर-31 स्थित एसआरएस टावर के प्रधान हैं। आठ दिसंबर को एसआरके ग्रुप के मालिक प्रदीप नागर और आरटीएस ग्रुप के मालिक राजेश भारद्वाज लगभग 10 से 20 लोगों के साथ एसआरएस टावर में जबरदस्ती घुस आए। एसआरएस टावर में रास्ता जाम कर दिया। अंदर स्टाफ को भगाने लगे। वहां लगे कैमरों के साथ छेड़खानी की। टावर में कब्जा करने का प्रयास करने लगे। जबकि प्रदीप नगर के पास एक पुराना एग्रीमेंट है। मेंटेनेंस करने का वह एग्रीमेंट 11 मार्च 2024 को रद्द किया जा चुका है। एग्रीमेंट कैंसिल होने की वजह से यह हंगामा किया गया। इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के सहयोग के बाद कुछ लोग बाहर निकल गए। कुछ गेट के बाहर खड़े होकर और हंगामा करने लगे। उन्होंने इमारत की लाइट काटने की कोशिश की। इस मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# हठ छोड़कर किसानों से बात करे सरकार.., आंदोलन के बीच सरकार को भूपेंद्र हुड्डा का सुझाव

प्रात : किरण संवाददाता



चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल पिछले 16 दिन से आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनकी सेहत लगातार गिर रही है। सरकार को हठधर्मिता छोड़कर किसानों से बातचीत करनी चाहिए। मांगों का समाधान कर तुरंत अनशन खत्म करवाना चाहिए।

अपने निवास पर वीरवार को पत्रकारों से बातचीत में हुड्डा ने कहा किसान कोई नई मांग नहीं कर रहे हैं। वह केवल वादा याद दिला रहे हैं, जो केंद्र सरकार ने किसान आंदोलन को खत्म कराते समय किसानों से किया था। किसान चाहते हैं कि उन्हें एमएसपी की गारंटी मिले और यह मांग पूरी तरह जायज है। उन्होंने कहा कि किसानों को दिल्ली जाने से रोकना प्रजातंत्र विरोधी कदम है।

किसान की आवाज दबाने की बजाय सरकार को बातचीत कर समाधान निकालना चाहिए। सभी को प्रजातंत्र में शांतिपूर्ण तरीके से कहीं भी आने-जाने या अपनी बात कहने का अधिकार है, लेकिन प्रदेश सरकार किसानों से यह अधिकार छीन रही है। किसानों ने बिना ट्रैक्टर-ट्राली के दिल्ली जाने की बात मान ली है। ऐसे में उनको रोकना पूरी तरह अलोकतांत्रिक है।

प्रदेश में कानून व्यवस्था खराबह्न

गुरुग्राम के क्लब में बम धमाके पर हुड्डा ने कहा कि इससे प्रदेश की खराब कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। प्रत्येक सरकार की पहली जिम्मेदारी अपने नागरिकों की सुरक्षा करना होता है।

भाजपा जब से सत्ता में आई है, उसने अपनी जिम्मेदारी से पूरी तरह मुंह फेर रखा है। यही वजह है कि हरियाणा में अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। आज प्रत्येक हरियाणवी खुद को असुरक्षित महसूस करता है।

केंद्र ने नहीं की वार्ताः सरवन सिंह पंढेर

उधर, किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने गुरुवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर किसानों से किए गए वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों को उनकी मांग पर बातचीत के लिए केंद्र की ओर से कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।

पंढेर ने कहा कि दिल्ली आंदोलन 2.0 को शुरू हुए 305 दिन हो चुके हैं और ह्यअमर अनशनह्न को सात दिन हो चुके हैं। मंत्री गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं।

उन्होंने कहा, हमें सरकार की बातचीत करने की मंशा के बारे में कोई प्रस्ताव नहीं मिला है। सरकार किसानों से किए गए वादों को पूरा नहीं कर रही है। मैं सभी से विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की अपील करता हूं। उन्होंने बताया कि 101 किसानों का एक समूह 14 दिसंबर को दिल्ली की ओर कूच करेगा।

# देश में बढ़ती महंगाई का जिम्मेदार कौन?

हमारे देश में रोजमर्रा के काम आने वाली चीजों के दाम अंतर्राष्ट्रीय बाजार की कीमतों के स्तर पर पहुंच चुके हैं। आम जरूरत की चीजों के दाम कम करने की कोई कोशिश भी दिखाई नहीं दे रही है। आज महंगाई की समस्या विकराल रुप धारण कर चुकी है। इसके भयंकर दूरगामी परिणाम होने की संभावनाएं भी जताई जा रही हैं ऐसे में आज मंहगाई को एक राष्ट्रीय समस्या के रूप में देखा जाना चाहिए। सरकारें महंगाई की समस्या को अपनी प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर रखने की घोषणाएं तो करती हैं, किन्तु उन घोषणाओं के प्रति कोई भी सरकार गंभीर नहीं होती। जब दाम बढ़ते हैं तो केवल अर्थव्यवस्था ही चौपट नहीं होती, सामाजिक नैतिक मूल्यों में भी ह्रास होता है। वैज्ञानिक एवं तकनीकी विकास की बढ़त अवरूद्ध होती है। देश की साख गिरती है। लोगों में योजना एवं सरकार के प्रति अविश्वास बढ़ता है। सामान्य सुविधाएं भी देश को नहीं मिल पाती, फिर कर्जों का बोझ और उसी अनुपात में अंतर्राष्ट्रीय दबाव भी बढ़ता है। आज तक मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण के तमाम प्रयास कमोवेश असफल साबित हुए हैं। अतीत की बात करें तो कांग्रेस सरकार ने देश को आर्थिक संकट से उबारने का जो सरल रास्ता अपनाया था, वह देश के सामान्य जीवन के लिए कठिन चुनौती बन गया था। तत्कालीन वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की सलाह पर बनाई गई नीतियों से कुछ साधन एवं सत्ता संपन्न लोगों को छोड़कर जनता की आमदनी में कोई वृद्धि नहीं हुई। आज यह समस्या देश की स्थायी समस्या बन गयी। पानी, बिजली, मकान पर लगने वाले कर, कपड़ा एवं यातायात 25 प्रतिशत से 1000 प्रतिशत तक महंगे हो गए हैं। इसी बीच डीजल, पेट्रोल, रसोई-गैस, कोयला व इस्पात सबके भाव बढ़े तो व्यापारियों ने भी मनमानी वृद्धि कर दी। कीमतों की यह बढ़ोत्तरी किसी एक क्षेत्र में नहीं हुई है, बल्कि यह बढ़ोत्तरी करीब-करीब सभी क्षेत्रों में हुई है। सबसे अधिक बढ़ोत्तरी तो आम लोगों की जरूरत वाली चीजों के प्राथमिक क्षेत्र में हुई है। अगर थोक मूल्यों का सूचकांक ही लें, तो सबसे अधिक बढ़ोत्तरी फलों, सब्जियों और अनाजों के दामों में हुई। इनकी कीमतों में भी कई गुना बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। अरहर और उड़द जैसी अधिक खाई जाने वाली दालों के दाम तो हर साल आसमान छूने लगते हैं। जबकि चावल के दामों की भी लगभग यही स्थिति है। कुल मिलाकर भोजन की वस्तुओं के दामों में बेतहाशा वृद्धि दर्ज की गई है। खाने की वस्तुओं के दामों में उतार-चढ़ाव होते रहना कोई आश्चर्य की बात नहीं है, मगर अच्छी वर्षा होने के कारण खाने की वस्तुओं के मूल्य में गिरावट आनी चाहिए पर इस देश में ऐसा कभी नहीं हुआ। इस स्थिति को गंभीर बनाने वाली बात यही है कि बाकी सभी क्षेत्रों में भी दाम आज भी बढ़ रहे हैं, जो इस बात का सबूत है कि बाजार दबाव में है। महंगाई अर्थव्यवस्था में पैदा होने वाले नये-नये संकटों की एक सरलीकृत अभिव्यक्ति है, इसलिए महंगाई बढ़ाने की जिम्मेदार शक्ति केन्द्र सरकार है, जो समूची अर्थव्यवस्था का नियंत्रक है। हमारी अर्थव्यवस्था पर किसका नियंत्रण है? आयात-निर्यात नीति कौन तय करता है? उत्पाद कर निर्धारण कहां से होता है? अप्रत्यक्ष करों का जाल कौन बिछाता है? नमक से लेकर आयतित विमान के मूल्य निर्धारण का अधिकार किसके हाथ में है? इन सारे प्रश्नों का एक ही उत्तर है- केन्द्र सरकार।

# मणिपुर समस्या का समाधान हुआ क्या?

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



मणिपुर के लोगों बहुत ही सीधे सादे थे और ये सभी लोग वैष्णव सनातनी थे। जंगल और पहाड़ों में रहने के कारण देश के अन्य भागों से अलग थलग थे, जबकि इन लोगों के पास बहुमूल्य सम्पदा थी। जब अंग्रेज भारत आए थे तो उन्होंने पूर्वोत्तर की ओर भी कदम बढ़ाए थे, जहाँ उनको चाय की खेती के साथ साथ तेल भी मिला था। स्वार्थी अंग्रेजों ने सबसे पहले यहाँ के लोगों को देश के अन्य भूभाग से पूरी तरह करने के उद्देश्य से इनर परमिट और आउटर परमिट की व्यवस्था की। इस परमिट के अंतर्गत कोई भी भारतीय व्यक्ति इस इलाके में आने से पहले परमिट बनवाएगा और एक समय सीमा तक ही रह सकता था। लेकिन यह परमिट व्यवस्था सिर्फ भारतीय नागरिक पर लागू था अंग्रेजों पर नहीं। परिणाम यह हुआ कि अंग्रेजों ने मणिपुर में अपने भवन बनवाए और अंग्रेज अफसरों को रखा। वे लोग मणिपुर में चाय की खेती और उसको बेचने का काम करने लगे थे। अंग्रेजों ने जब देखा कि मणिपुर में ईसाई नहीं हैं तो उन्होंने ईसाई मिशनरी को ला ला कर यहां बसाने लगा। मिशनरीयों ने मणिपुर के हर इलाकों में सीधे सादे वैष्णवी सनातनी को आसानी से धर्म परिवर्तित करने का काम शुरू किया और जब अधिकाधिक लोग ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए, तब अंग्रेजों ने मणिपुर को ईसाई राज्य बनाने की दिशा में काम शुरू किया। अंग्रेजों की सोच थी कि यदि मणिपुर राज्य ईसाई राज्य बन जायेगा तो इस राज्य से चीन, भारत और पूर्वी एशिया पर नजर रखा जायेगा। इसके लिए अंग्रेजों ने एक और चाल चली कि जिन वैष्णवी सनातनी धर्म परिवर्तित करके ईसाई बन गए हैं उनलोगों को अनुसूचित जाति (रळ) की मान्यता देकर उन्हें सरकारी सुविधाएं देने लगी। जिसे वर्तमान समय में (धर्म परिवर्तित करने वालों को) कुकी जनजाति और वैष्णव लोगों को मैती समाज कहा जाता है। धर्म परिवर्तन का विरोध करने वाले मूल लोग हमेशा अंग्रेजों से लड़ते रहे, जिसके कारण अंग्रेज मणिपुर को भारत से विभाजन करने में नाकाम रहे थे। जबकि बहुत सरे नागा लोग भी धर्म परिवर्तित करके ईसाई बन गये थे। धीरे धीरे ईसाई पंथ को मानने वालों की संख्या वैष्णव सनातनी लोगों से अधिक या लगभग बराबर हो गयी। इसमें मैती हिंदुओं की संख्या कम करने और परिवर्तित लोगों को संख्या अधिक करने में कामयाब थे। मणिपुर के 90 प्रतिशत भू-भाग पर कुकी और नागा का कब्जा हो गया, जबकि 10 प्रतिशत पर मैती रह गए। अंग्रेजों ने इस इलाके में अफीम की खेती को भी बढ़ावा दिया और उस पर ईसाई कुकी लोगों को कब्जा करने दिया। आजादी के समय मणिपुर के राजा बोध चंद्र सिंह ने मणिपुर को भारत में विलय करने का निर्णय लिया था। वर्ष 1949 में उन्होंने पंडित जवाहर लाल नेहरू से मूल वैष्णव सनातनी जो कि 10 प्रतिशत भू-भाग में रह रहे है उनको अनुसूचित जाति (रळ) का दर्जा दिया जाए। लेकिन पंडित नेहरू ने नहीं दिया। जब 1950 में संविधान अस्तित्व में आया तो भी पंडित नेहरू ने मैती समाज को कोई छूट नहीं दिया। 1960 में कांग्रेस सरकार द्वारा लैंड रिफार्म एक्ट लाया गया, जिसमे 90 प्रतिशत भू-भाग वाले कुकी और नागा ईसाईयों को अनुसूचित जाति (रळ) बना दिया। इस एक्ट में ये प्रावधान भी था जिसमे 90 प्रतिशत कुकी और नागा वाले देश में कहीं भी जा सकते हैं, कहीं भी रह सकते हैं और कहीं भी जमीन खरीद सकते थे, लेकिन 10 प्रतिशत के इलाके में रहने वाले मैती हिंदुओं को ये सब अधिकार नहीं दिया गया गया था। यहीं से मैती लोगों का दिल्ली से विरोध शुरू हो गया। पंडित नेहरू ने एक बार भी पूर्वोत्तर के हालत को ठीक करने की पहल नहीं किया। इधर पड़ोसी देशों ने कुकी और नागा को हथियार देने लगा, जिसका उपयोग भारत के विरुद्ध और मैती वैष्णवों सनातनी को भागने के लिए करते थे। मैतियों ने कुकी और नागा ईसाईयों से बिना दिल्ली के सहयोग के जम कर मुकाबला करता रहा। इस इलाके में कांग्रेस और कम्युनिस्ट की सरकार रही और वो कुकी तथा नागा ईसाईयों के समर्थन में रहे। चूँकि लड़ाई पूर्वोत्तर में अपने अस्तित्व की थी, इसलिए अलग अलग फ्रंट बनाकर सबने हथियार उठा लिया। पूरा पूर्वोत्तर एक लड़ाई का मैदान बन गया। जिसके कारण मिजो जनजातियों में सशत्र विद्रोह शुरू हुआ। बिना दिल्ली के समर्थन के कुकी, नागा और म्यांमार से भारत में अनधिकृत रूप से चीन से आये लोगों से लड़ाई करते रहे। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस और कम्युनिस्ट ने मिशनरी के साथ मिलकर म्यांमार से आये इन चीन के लोगों को मणिपुर के पहाड़ी इलाकों और जंगलों की नागरिकता देकर बसा दिया। ये लोग कुकी तथा नागा ईसाईयों के समर्थक थे तथा वैष्णव सनातनी से लड़ते थे। एनडीए सरकार ने एक्ट ईस्ट पालिसी के अंतर्गत पूर्वोत्तर पर ध्यान देना शुरू किया, ठरउठ - तथा भारत सरकार के बीच हुए नागा एकॉर्ड के बाद हिंसा में कमी आई।

# कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रतिबंध

**पहुँच को प्रतिबंधित करने से माता-पिता और अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों को बेहतर ढंग से निर्देशित करने और यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि वे पर्यवेक्षित तरीके से तकनीक से जुड़ें। हमें बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन स्पेस को बेहतर तरीके से नेविगेट करने में मदद करने की भी आवश्यकता है, यह सुनिश्चित करके कि राष्ट्रीय पाठ्यक्रम में डिजिटल साक्षरता और ऑनलाइन सुरक्षा सिखाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। युवाओं को इस बारे में गंभीरता से सोचना सिखाया जाना चाहिए कि वे ऑनलाइन क्या देखते हैं और वे सोशल मीडिया से कैसे जुड़ते हैं। माता-पिता और शिक्षकों को उचित मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने में मदद करने के लिए बेहतर उपकरणों और संसाधनों की भी आवश्यकता है...**





प्रियंका सौरभ
लेखक

सोशल मीडिया लोगों के बीच बातचीत के ऐसे माध्यम को संदर्भित करता है, जिसके जरिए वे वर्चुअल समुदायों और नेटवर्क में जानकारी और विचारों का निर्माण, साझा और/या आदान-प्रदान करते हैं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने ऐसे कानून पेश करने की योजना की घोषणा की है, जो 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करने से रोकेगा। यह स्पष्ट है कि हमें बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन बेहतर तरीके से सुरक्षित रखने की जरूरत है। संतुलन पर, ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग का मानना नहीं है कि 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाना सही प्रतिक्रिया है। ऐसे कम प्रतिबंधात्मक विकल्प उपलब्ध हैं, जो बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन नुकसान से बचाने के उद्देश्य को प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन अन्य मानवाधिकारों पर इतना महत्त्वपूर्ण नकारात्मक प्रभाव डाले बिना। वैकल्पिक प्रतिक्रिया का एक उदाहरण सोशल मीडिया कंपनियों पर देखभाल का कानूनी कर्तव्य रखना होगा। इसके लिए उन्हें अपने उत्पादों को बच्चों और युवाओं के लिए सुरक्षित बनाने के लिए उचित कदम उठाने होंगे। देखभाल का वैधानिक कर्तव्य पेश करना सोशल मीडिया कंपनियों की जवाबदेही बढ़ाने और सभी के लिए ऑनलाइन सुरक्षा में सुधार करने का एक सक्रिय तरीका होगा। आयोग समझता है कि सरकार द्वारा देखभाल के ऐसे कर्तव्य पर विचार किया जा रहा है। सोशल मीडिया बच्चों और युवाओं को साइबरबुलिंग, हानिकारक सामग्री और ऑनलाइन शिकारियों सहित कई संभावित जोखिमों के संपर्क में लाता है। पहुँच को प्रतिबंधित करने से उनके मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। अध्ययनों से पता चलता है कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग स्वस्थ मस्तिष्क विकास, नींद और शैक्षणिक प्रदर्शन में बाधा डाल सकता है। प्रस्तावित कानून एक सुरक्षित विकासात्मक वातावरण का समर्थन करता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म उपयोगकताओं से बड़ी मात्रा में व्यक्तिगत डेटा एकत्र करते हैं और बच्चे पूरी तरह से समझ नहीं पाते हैं कि उनका डेटा कैसे एकत्र किया जाता है, उपयोग किया जाता है या उसका मुद्रीकरण किया जाता है। युवा उपयोगकताओं के लिए पहुँच पर प्रतिबंध लगाने से गोपनीयता के उल्लंघन और बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा व्यक्तिगत डेटा के शोषण को कम करने में मदद मिल सकती है। पहुँच को प्रतिबंधित करने से माता-पिता और अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों को बेहतर ढंग से निर्देशित करने और यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि वे पर्यवेक्षित तरीके से तकनीक से जुड़ें। हमें बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन स्पेस को बेहतर तरीके से नेविगेट करने में मदद करने की भी आवश्यकता है, यह सुनिश्चित करके कि राष्ट्रीय पाठ्यक्रम में डिजिटल साक्षरता और ऑनलाइन सुरक्षा सिखाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। युवाओं को इस बारे में गंभीरता से सोचना सिखाया जाना चाहिए कि वे ऑनलाइन क्या देखते हैं और वे सोशल मीडिया से कैसे जुड़ते हैं। माता-पिता और शिक्षकों को उचित मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने में मदद करने के लिए बेहतर उपकरणों और संसाधनों की भी आवश्यकता है। सोशल नेटवर्किंग साइट्स व्यक्तियों और संगठनों को पारंपरिक प्रचार या शैक्षणिक तरीकों से बेजोड़ गति से जानकारी साझा करने और आदान-प्रदान करने में सक्षम बनाती हैं। सोशल मीडिया ने लोगों के बीच जानकारी साझा करने के तरीके को बदल दिया है। नतीजतन, यह निर्णय लेने में नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करके सुशासन को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सोशल मीडिया के फायदों में से एक यह है कि यह सशक्तिकरण के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरा है। सोशल मीडिया ने नागरिकों और उनकी चुनी हुई सरकार और राजनेताओं के बीच की खाई को कम किया है, जिससे लोकतंत्र में अधिक भागीदारी हुई है। गलत सूचना के प्रसार का मुद्दा सोशल मीडिया का सबसे बड़ा नुकसान बनकर उभरा है। सोशल मीडिया के उदय ने दुनिया भर में कई किशोरों को नाम पुकारने, उत्पीड़न, शर्मिंदगी, अपमान, पीछा करने, धमकियों और यहाँ तक कि धोखाधड़ी के लिए उजागर किया है। व्यक्ति एक ह्यइंटरनेट व्यक्तित्वह्व बनाए रखने का प्रयास करते हैं जो किसी के जीवन की एक गुलाबी तस्वीर पेश करता है, फि ल्टर का उपयोग करके उन हिस्सों को छुपाता है जिन्हें ह्य पर्याप्त नहीं माना जाता है। बार-बार सोशल मीडिया का उपयोग मस्तिष्क के उन हिस्सों को बदल सकता है जो भावनाओं और सीखने से सम्बंधित हैं। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021. सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को शिकायत निवारण और अनुपालन तंत्र स्थापित करने के लिए कहा गया है, जिसमें एक निवासी शिकायत अधिकारी, मुख्य अनुपालन अधिकारी और एक नोडल संपर्क व्यक्ति की नियुक्ति शामिल है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इन प्लेटफॉर्म को उपयोगकताओं से प्राप्त शिकायतों और की गई कार्यवाही पर मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी कहा है। इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप को संदेश के पहले स्रोत को ट्रैक करने के लिए प्रावधान करना होगा। धारा 79 में कहा गया है कि किसी भी मध्यस्थ को उसके प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध या होस्ट की गई किसी भी तीसरे पक्ष की जानकारी, डेटा या संचार लिंक के लिए कानूनी रूप से या अन्यथा उत्तरदायी नहीं ठहराया जाएगा। यदि मध्यस्थ, सरकार या उसकी एजेंसियों द्वारा सूचित या अधिसूचित किए जाने के बावजूद, प्रश्नगत सामग्री तक पहुँच को तुरंत अक्षम नहीं करता है, तो सुरक्षा प्रदान नहीं की जाती है। एक व्यापक पारदर्शिता कानून की आवश्यकता है जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म द्वारा प्रासंगिक खुलासे को अनिवार्य बनाता है। इसके अतिरिक्त, सामग्री मॉडरेशन और सम्बंधित कार्य जैसे मानक सेटिंग, तथ्य-जांच और डी-प्लेटफॉर्मिंग को शामिल किया जाना चाहिए। किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य के सम्बंध में माता-पिता को अपने बच्चों को डिजिटल उपकरणों तक पहुँच प्रदान करते समय बहुत सावधान रहना चाहिए तथा उनके साथ स्वस्थ उपयोग के बारे में चर्चा करनी चाहिए।

# गुकेश- शह और मात का नया शहंशाह

**शतरंज को अब स्कूलों में एक शैक्षणिक उपकरण के रूप में मान्यता दी जा रही है, जिससे बच्चों को खेल के लाभों का अनुभव करने का अवसर मिल रहा है। स्कूलों में शतरंज को बढ़ावा देने से आने वाली पीढ़ी के लिए इसे और लोकप्रिय बनाया जा सकता है। शतरंज में प्रायोजन में वृद्धि से खेल को और अधिक लोकप्रिय बनाने में मदद मिलेगी। प्रायोजकों द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान करने से खिलाड़ियों को अपनी क्षमताओं को विकसित करने और प्रदर्शन में सुधार करने में मदद मिलेगी।**





डॉ. आर.के. सिन्हा
लेखक

सारा भारत आज के दिन डी. गुकेश के विश्व शतरंज चैंपियन बनने से गौरवान्वित महसूस कर रहा है। गुकेश ने एक नया इतिहास रच दिया है। वे सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए हैं। उन्होंने अपने अद्भुत प्रदर्शन से पूरे भारत का मान बढ़ाया है। उनकी इतनी शानदार सफलता में उनकी असाधारण प्रतिभा, समर्पण और रणनीतिक दृष्टिकोण अहम रहे। गुकेश ने बहुत कम उम्र में शतरंज खेलना शुरू कर दिया था, जिससे उन्हें खेल की बारीकियों को समझने और अपनी प्रतिभा को विकसित करने का पर्याप्त समय मिला। उनमें जन्मजात प्रतिभा है और उनकी ग्रहण करने की क्षमता बहुत तेज है, जिससे वे जटिल शतरंज रणनीतियों को आसानी से समझ पाते हैं। उन्होंने शतरंज के प्रति पूर्ण समर्पण दिखाया है और लगातार अभ्यास करके अपनी क्षमताओं को निखारा है। गुकेश को अनुभवी और कुशल प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन मिला, जिन्होंने उनकी खेल तकनीकों को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण और संसाधनों तक पहुंच मिली, जिससे उन्हें विश्व स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिली। गुकेश के प्रशिक्षण में आधुनिक तकनीकी उपकरणों का उपयोग शामिल था, जिससे उनकी खेल रणनीति का विश्लेषण करना और सुधार करना आसान हो गया। रणनीतिक गहराईः गुकेश के पास शतरंज में गहरी रणनीतिक सोच है, जो उन्हें खेल के दौरान तत्काल सही निर्णय लेने में मदद करती है। वे दबाव की स्थितियों में भी शांत और संयमित रहते हैं, जिससे वे महत्वपूर्ण मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। उनमें मानसिक रूप से मजबूत होने की क्षमता है, जिससे वे हार से निराश नहीं होते और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित रहते हैं। गुकेश नियमित रूप से शतरंज का अभ्यास करते हैं और अपनी कमजोरियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वे अपने पिछले मैचों का विश्लेषण करते हैं और अपनी गलतियों से सीखते हैं, जिससे उनकी खेल रणनीति में लगातार सुधार होता रहता है। वे शतरंज के महान खिलाड़ियों के खेलों का लगातार गम्भीरतापूर्वक अध्ययन करते रहते हैं और उनसे नई तकनीकों को सीखते हैं। गुकेश ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, जिससे उन्हें उच्च स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अनुभव मिला है। उन्होंने अलग-अलग शैली के खिलाड़ियों का सामना किया है, जिससे उनकी खेल में विविधता आई है और उन्हें विभिन्न स्थितियों के लिए तैयार किया गया है। गुकेश को अपने परिवार से भरपूर समर्थन और प्रेरणा मिली है, जो उनकी सफलता में एक महत्वपूर्ण कारक है। उनके परिवार ने उनके संघर्षों के दौरान उनका भावनात्मक रूप से समर्थन किया और उन्हें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इन सभी कारणों के संयोजन ने गुकेश को विश्व शतरंज चैंपियन बनने में मदद की है। उनकी सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा और मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह भारत में शतरंज के विकास और प्रोत्साहन का भी प्रतीक है। इस बीच, कुछ जानकार गुकेश और पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद की तुलना भी रहे कर रहे हैं। गुकेश और विश्वनाथन आनंद, दोनों ही भारतीय शतरंज के महान खिलाड़ी हैं, लेकिन उनकी शैलियों, दृष्टिकोण और खेल में कुछ समानताएं और कुछ मौलिक अंतर भी हैं। दोनों ही खिलाड़ियों में शतरंज की असाधारण प्रतिभा है। वे जटिल स्थितियों को समझने और सटीक चाल चलने में माहिर हैं। दोनों ही खिलाड़ी अपनी रणनीतिक गहराई के लिए जाने जाते हैं। वे न केवल तात्कालिक लाभ पर ध्यान देते हैं, बल्कि लंबी अवधि की योजनाओं को भी ध्यान में रखते हैं। दोनों ही खिलाड़ियों में दृढ़ संकल्प है और वे कभी भी हार नहीं मानते हैं। उन्होंने कई बार मुश्किल परिस्थितियों से वापसी की है और जीत हासिल की है। दोनों ही खिलाड़ी अपनी शालीनता और खेल भावना के लिए जाने जाते हैं। वे हारने पर भी सम्मान बनाए रखते हैं। विश्वनाथन आनंद एक अनुभवी खिलाड़ी हैं जो 90 के दशक से खेल रहे हैं, जबकि गुकेश एक युवा और उभरते हुए खिलाड़ी हैं। आनंद ने कंप्यूटर युग से पहले शतरंज खेला, जबकि गुकेश का विकास कंप्यूटर के युग में हुआ है। आनंद अपनी तेज और आक्रामक शैली के लिए जाने जाते हैं, जबकि गुकेश एक अधिक रणनीतिक और रक्षात्मक खिलाड़ी हैं। आनंद त्वरित चालों और जटिलताओं में माहिर हैं, जबकि गुकेश स्थिति को नियंत्रित करने और धैर्यपूर्वक आगे बढ़ने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। जाहिर है, आनंद के पास खेल का अधिक अनुभव है और उन्होंने कई विश्व चैंपियनशिप जीती हैं, जबकि गुकेश अभी भी अपने करियर के शुरूआती चरण में हैं। आनंद ने दशकों तक शीर्ष स्तर पर खेला है, जबकि गुकेश अभी भी वैश्विक शतरंज समुदाय में अपनी जगह बना रहे हैं। आनंद एक अधिक सहज और रचनात्मक खिलाड़ी हैं, जबकि गुकेश अधिक व्यवस्थित और वैज्ञानिक खिलाड़ी हैं। आनंद स्वाभाविक रूप से प्रेरित होकर खेलते हैं, जबकि गुकेश अपनी तैयारी पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं। भारत में शतरंज पहले से ही काफी लोकप्रिय है, लेकिन गुकेश जैसे युवा खिलाड़ियों के उदय से यह और भी लोकप्रिय हो सकता है।गुकेश जैसे युवा खिलाड़ियों की सफलता से युवा पीढ़ी को शतरंज में रुचि लेने की प्रेरणा मिलेगी। युवाओं के लिए एक आदर्श मॉडल होने से अधिक युवा शतरंज खेलने के लिए आकर्षित होंगे। ऑनलाइन शतरंज प्लेटफॉर्म और कंप्यूटर विश्लेषण उपकरणों की उपलब्धता से खेल अधिक सुलभ हो गया है। इंटरनेट के माध्यम से सीखने और खेलने के विकल्पों ने शतरंज को अधिक सुविधाजनक बना दिया है। शतरंज को अब पहले से अधिक मीडिया कवरेज मिल रहा है, जिससे खेल के बारे में जागरूकता बढ़ रही है। प्रमुख समाचार चैनलों और खेल वेबसाइटों पर शतरंज की घटनाओं को कवर किया जा रहा है।

# धूल सरकारी चेहरे पर है, वे आईना साफ कर रहे हैं

जीतू पटवारी

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने प्रदेश में भाजपा सरकार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस दौरान उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए दावा किया कि 1 करोड़ 29 लाख लाडली बहनों को अब तक 19,212 करोड़ रुपए का अंतरण किया गया। लेकिन, यह अधूरी सच्चाई है सरकार वह तो बता रही है, जो दिया गया, लेकिन यह बताने से बच रही है, जो नहीं दे पाई। लाडली बहना योजना : वादों और हकीकत का अंतर मुख्यमंत्री का दावा है लाडली बहना योजना महिला सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन सरकार यह स्पष्ट करने में विफल रही कि योजना के तहत 3,000 रुपए प्रतिमाह देने के वादे के बावजूद अब तक बचा हुआ करीब 38,424 करोड़ से ज्यादा रुपया क्यों नहीं दिया गया? यदि यह रकम लाभार्थियों तक पहुंची होती, तो उनकी आर्थिक स्थिति में बड़ा सुधार हो सकता था। योजना के लाभार्थियों में से कई महिलाओं ने शिकायत की है कि उन्हें नियमित अंतराल पर भुगतान नहीं मिलता। इसके अलावा, कुछ क्षेत्रों में राशि के वितरण में भेदभाव के आरोप भी लगे हैं। बेहतर होता मुख्यमंत्री ऐसे सभी सवालों का भी जवाब देते। केन-बेतवा परियोजना : देरी और बढ़ी लागत का जिम्मेदार कौन? मध्य प्रदेश की जनता के लिए केन-बेतवा लिंक परियोजना लंबे समय से प्रतीक्षित है। यह परियोजना न केवल प्रदेश में सिंचाई क्षमता बढ़ाने का दावा करती है, बल्कि जल संकट को कम करने का भी वादा करती है। सरकार यह क्यों नहीं बता पा रही है कि शिवराज सिंह चौहान की पूर्ववर्ती सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के बीच समन्वय की कमी के कारण इस परियोजना में भारी देरी हुई। अगर इसे समय पर शुरू किया गया होता, तो आज इसकी लागत इतनी न बढ़ती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगर 25 दिसंबर को इस परियोजना का भूमि पूजन करते हैं, तो उन्हें इस बजट वृद्धि और देरी के लिए जिम्मेदार कारकों पर भी चर्चा करनी चाहिए। बीमार स्वास्थ्य सेवा और कितनी बदहाल होगी? ुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य मंत्रालय और चिकित्सा शिक्षा मंत्रालय को एक करने को अपनी बड़ी उपलब्धि बताया। लेकिन, जमीनी हकीकत इससे काफी अलग है। प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में आज भी एंबुलेंस की भारी कमी है। आज भी कई परिवार शवों को कंधे, ठेलागाड़ी और साइकिल पर ले जाने को मजबूर हैं। डॉक्टरों और अन्य चिकित्सा कर्मचारियों की कमी के कारण मरीजों को अक्सर बड़े शहरों के अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है। हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में प्रति 10,000 जनसंख्या पर डॉक्टरों की उपलब्धता राष्ट्रीय औसत से भी कम है। ग्रामीण अस्पतालों में दवाओं और उपकरणों की कमी की शिकायतें आम हैं। सरकार द्वारा स्थापित नए मेडिकल कॉलेजों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव और शिक्षकों की कमी भी एक बड़ी समस्या है। इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन : पुरानी योजना पर श्रेय की नई लड़ाई ंदौर-मनमाड़ के बीच की रेल लाइन एक ऐसा झुनझुना है, जिसे जो भी मुख्यमंत्री आता है वह अपनी उपलब्धि के रूप में बजाता है। कर्ज लेकर कछुए की गति से चल रही केंद्र और मध्य प्रदेश की सरकार को अब चिंता सिर्फ इस बात की करनी चाहिए कि इस रेल परियोजना को अब बगैर बजट बढ़ाए, तत्काल पूरा किया जाए, ताकि कागजों की घोषणाएं पटरी पर नजर आए। नदी जोड़ो परियोजना : उद्देश्य केवल भ्रष्टाचार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए नदी जोड़ो परियोजना की कल्पना की थी। लेकिन, भाजपा सरकारों ने इसे भ्रष्टाचार में नहाने का साधन बना दिया। इंदौर से निकलने वाली गंदगी से भरी कान्ह नदी उज्जैरन की शिप्रा नदी में मिलकर श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्थाओं को ठेस पहुंचा रही है। इसे सुधारने के नाम पर करोड़ों रुपए स्वीकृत किए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका कोई असर नहीं दिखता। भाजपा के ढेर सारे नेताओं और नौकरशाही की लंबी जमात की कई पीढ़ियों की आर्थिक स्थिति सुधर गई, लेकिन कान्हं नदी की पवित्रता सपना रह गई। सिंहस्थ के नाम पर एक बार फिर नई योजनाओं का प्रस्ताव किया जा रहा है। सरकार को चाहिए कि पुरानी परियोजनाओं के परिणामों का मूल्यांकन करे और उसी के आधार पर नई योजनाएं बनाए।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

नोएडा,। सेक्टर-88 स्थित कैंट आरओ चौराहे के पास बाइक की टक्कर से पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान पिता की मौत हो गई, जबकि युवक का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। फेज दो पुलिस को दी शिकायत में दीनदयाल पुरी निवासी दिवाकर शर्मा ने बताया कि बीते दिनों उनके पिता गौरीशंकर शर्मा अपने बेटे प्रभाकर शर्मा के साथ बाइक पर सवार होकर रोजाना की तरह काम पर जा रहे थे। जब वह सेक्टर-88 स्थित कैंट आरओ चौराहे के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार एक अन्य बाइक ने प्रभाकर की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गौरीशंकर और प्रभाकर गंभीर रूप से घायल हो गए। गौरीशंकर के सिर में गंभीर चोट लगने से रक्त ज्यादा बह गया। राहगीरों ने जब दोनों को घायल देखा तो उन्हें नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। यहां से गौरीशंकर को सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रभाकर के पैर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई है। पिता का अंतिम संस्कार करने के बाद दिवाकर ने मामले की शिकायत पुलिस से की। अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कक्षा 1-8 तक की परीक्षाएं 23 से शुरू होंगी

नोएडा,। परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक के छात्रों की परीक्षा 23 से 28 दिसंबर के बीच आयोजित की जाएंगी। 29 दिसंबर तक कॉपियों का मूल्यांकन और 30 दिसंबर को परीक्षाफल जारी कर, प्रगति रिपोर्ट वितरित की जाएगी। शिक्षा मंत्रालय की ओर से परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण और प्रदेश स्तर पर निपुण एसेसमेंट टेस्ट (नैट) के आयोजन की वजह से इस बार छमाही परीक्षाएं अपेक्षाकृत थोड़ी देर से हो रही हैं। इसके चलते बेसिक शिक्षा परिषद की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं दो महीने की देरी से हो रही है। बच्चों को बांटी गईं किताब में अर्द्धवार्षिक परीक्षा का समय अक्तूबर अंत लिखा है। वहीं, बेसिक शिक्षा निदेशक की ओर से जारी समय-सारिणी के अनुसार 23 से 28 दिसंबर तक परीक्षा कराई जाएंगी। बता दें कि विद्यालयों में ब्लैक बोर्ड और प्रश्नपत्रों की फोटोकॉपी कराकर छमाही परीक्षा कराई जाएंगी। कक्षा एक की छमाही परीक्षा मौखिक होगी। कक्षा दो और तीन में लिखित और मौखिक दोनों परीक्षा होगी। यह 50-50 नंबर की होगी। वहीं कक्षा चार और पांच में लिखित और मौखिक दोनों परीक्षा होगी। यह 70-30 नंबर की होगी।

### चोरी की मोबाइल के साथ आरोपी गिरफ्तार

नोएडा,। रेकी करने के बाद मोबाइल और लैपटॉप की चोरी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को फेज तीन थाने की पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान बिजनौर निवासी 26 वर्षीय अरबाज उर्फ शेकू के रूप में हुई है। उसके पास से चोरी के तीन मोबाइल और दो लैपटॉप बरामद हुए है। वारदात में इस्तेमाल होने वाली चोरी की बाइक को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। गिरफ्त में आए आरोपी के खिलाफ आर्म्स ऐक्ट समेत अन्य धाराओं में चार केस फेज तीन और सेक्टर-63 थाने में दर्ज हैं। अन्य थानों से भी आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। जब वह चोरी की फिराक में घूम रहा था तभी मुखबिर से मिली सूचना पर उसकी गिरफ्तारी हुई।

### कार की चपेट में आने से युवक का पैर टूटा

ग्रेटर नोएडा, । ईकोटेक तीन कोतवाली क्षेत्र के सादुल्लापुर गांव में एक तेज रफ्तार कार ने एक युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक के पैर में फ्रैक्चर हुआ है। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायल के भाई ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। नोएडा सेक्टर 121 में रहने वाले आशीष रवीश ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को उसका भाई मोंटी रवीश सादुल्लापुर गांव में एक शादी समारोह में आया था। फार्म हाउस के बाहर एक तेज रफ्तार कार ने मोंटी रवीश को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसके पैर में फ्रैक्चर आया है। आसपास मौजूद लोगों ने उसे नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। इस मामले में घायल के भाई ने आरोपी कार चालक प्रिंस के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम की अध्यक्षता में आई0जी0आर0एस0 एवं कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक हुयी आयोजित

प्रात : किरण, संवाददाता

संत कबीर नगर,। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर मुख्यमंत्री संदर्भ, आयुक्त संदर्भ, जिलाधिकारी संदर्भ, तहसील दिवस संदर्भ सहित अन्य संदर्भों के सापेक्ष प्राप्त, निस्तारित एवं लम्बित शिकायतों/प्रकरणों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) जयप्रकाश उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारीगण आइ0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर अवश्य निस्तारित कर दें, जिससे कोई भी संदर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में न जाए। संदर्भों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। सभी अधिकारीगण नियमित तौर पर पोर्टल पर संदर्भों को प्राप्त होते ही निस्तारित करने की दिशा में कार्यवाही प्रारंभ करना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यदि किसी अधिकारी को उसके विभाग से संबंधित संदर्भों के निस्तारण में लापरवाही पाई गई तो उसके विरुद्ध



कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के जनता दर्शन में प्राप्त जो भी प्रार्थना पत्र आते हैं उसे अधिकारीगण आवश्यकतानुसार संबंधित विभागीय अधिकारी से संपर्क कर तत्काल निस्तारित करना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो एवं जनसामान्य के शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारीगण आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करके रिपोर्ट को पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण प्रक्रिया के दौरान शिकायतकर्ता का पक्ष भी अवश्य सुना जाए और सदर्भों के निस्तारण का परिणाम से भी शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत की जांच हेतु संबंधित अधिकारी मौके पर जाने से पूर्व शिकायत से सम्बन्धित सभी पक्षों को अवश्य अवगत करावें। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारीगणों को निर्देशित किया कि उनके विभाग से संबंधित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति पर विशेष ध्यान दें, जिससे सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग अच्छी बनी रहे। जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में कर-करेत्तर की समीक्षा के दौरान आबकारी, व्यापार कर, स्टाम्प शुल्क, विद्युत देयों की वसूली, नगर निकायों में राजस्व संग्रह की स्थिति, खनन, मण्डी समिति, बांट माप, खाद्य एवं सुरक्षा सहित अन्य राजस्व संग्रह से सम्बन्धित विभागों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व देयों की वसूली की विस्तृत समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी नें लक्षित राजस्व देयों की वसूली में फिसड्डी अधिकारियों को अपनी कार्यशैली में रचनात्मक सुधार लाते हुये समय सीमा के अन्दर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया।

# महाकुंभ से निकलेगा एकता का संदेश : मोदी

● प्रधानमंत्री ने प्रयागराज को दी 5500 करोड़ के विकास परियोजनाओं की सौगात

प्रात : किरण, संवाददाता

प्रयागराज,। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 5500 करोड़ रुपये की 167 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री पूरी तरह से कुंभ के रंग में रंगे दिखे। उन्होंने संबोधन में कई श्लोक के जरिए प्रयागराज और कुभ की महिमा का बखान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महाकुंभ से एकता का संदेश निकलेगा, भाषा, जाति और क्षेत्र का कोई भेद नहीं होगा। यहां सब एक होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर मुझे इस महाकुंभ का वर्णन करना हो तो मैं कहूंगा कि एकता का ऐसा महायज्ञ होगा जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी। इस आयोजन की भव्य एवं दिव्य सफलता की शुभकामनाएं देता हूं। हमारा भारत पवित्र नदियों और तीर्थस्थलों का देश है। इन नदियों के प्रवाह की जो पवित्रता है, अनेकानेक तीर्थों का जो महत्व है, उनका संगम, उनका समुच्चय, संयोग, प्रभाव प्रताप प्रयाग है। यह केवल तीन पवित्र नदियों का संगम ही नहीं है। श्लोक के साथ प्रधानमंत्री ने



कहा कि जब सूर्य मकर में प्रवेश करते हैं सभी दैवीय शक्तियां प्रयाग में आ जाती हैं। प्रयागराज की प्रशंसा वेदों में भी किया गया है। उन्होंने प्रयाग के पवित्र स्थलों का जिक्र करते हुए गुणगान किया। यह वह धरती है जहां धर्म, अर्थ, कम और मोक्ष सुलभ है। मुझे आशीर्वाद है कि यहां बार-बार आने का सौभाग्य मिलता है। आज हमने लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन किया। अक्षय वट का पूजन किया। इन दोनों स्थलों पर कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। यहां हजारों करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है। आप सबको इसके लिए बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सैकड़ों साल की गुलामी का कालखंड रहा हो या कोई अन्य विपरीत परिस्थिति, आस्था का यह प्रवाह कभी नहीं रुका। यह इसलिए संभव हुआ है क्योंकि कुंभ में आना स्वतः चेतना की प्रेरणा से होता है। ऐसा संगम शायद ही दुनिया में कहीं मिलता है। यहां ज्ञानी, अज्ञानी, छोटे-बड़े, जातियों का भेद मिट जाता है। सब एक हो जाते हैं। इस बार भी यहां अलग-अलग राज्यों से करोड़ों लोग जुटेंगे। उनकी भाषा, मान्यताएं अलग हो सकती हैं लेकिन यहां सब एक हो जाएंगे। इसीलिए मैं कहता हूं कि यह एकता का महाकुंभ होगा। एक भारत श्रेष्ठ भारत की तस्वीर महाकुंभ पेश करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ में देश की स्थिति परिस्थिति पर संत महात्माओं का जुटान होता है। वे बैठकर चर्चा परिचर्चा करते थे। समाज की समस्याओं का हल निकालने का संदेश देते थे। आज भी वह प्रवाह चल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ का इतना महत्व होने के बावजूद पहले की सरकारों में इस पर ध्यान नहीं दिया गया। श्रद्धालु कष्ट उठाते रहे लेकिन उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ा। उनका सनातन भारतीय संस्कृति से लगाव नहीं था। आज की डबल इंजन की सरकार संस्कृति और सभ्यता को महत्व देने वाली हैं। इसलिए हजारों करोड़ की परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। अयोध्या, वाराणसी, लखनऊ, रायबरेली से कनेक्टविटी को बेहतर किया गया है। हमारी सरकार ने विकास के साथ-साथ विरासत को भी समृद्ध बनाने पर फोकस किया है। आज देश के अलग-अलग हिस्सों में बौद्ध सर्किट, रामायण सर्किट जैसे अन्य सर्किट विकसित किए जा रहे हैं। अयोध्या के विकास के हम सब साक्षी हैं। विश्वनाथ धाम, महालोक की चर्चा आज विश्व में है। प्रयागराज का विकास इसी का प्रतीक है। हमारा यह प्रयागराज निषादराज की भी भूमि है। भगवान राम के मयार्दा पुरुषोत्तम बनने में एक महत्वपूर्ण पड़ाव श्रृंगवेरपुर भी है। केवट ने अपने प्रभु को सामने पाकर उनके पैर धोए थे। इसमें भगवान और भक्त की मित्रता का संदेश है। श्रृंगवेरपुर धाम का विकास किया जा रहा है। भगवान राम और निषादराज की प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को संदेश देती रहेगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने कुभ की तैयारी में जुटे कर्मचारियों खासकर सफाई कर्मियों के प्रति अग्रिम आभार व्यक्त किया।

# बाबा साहब का अपमान नहीं करेंगे बर्दाश्त, दोषियों को सजा नहीं हुई, तो होगा आंदोलन : बसपा

प्रात : किरण, संवाददाता

फरीदाबाद,। बहुजन समाज पार्टी किसी भी सूरत में दलितों के मसीहा व संविधान निमार्ता परम पूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर और भारतीय संविधान का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। यदि दोषियों को जल्द सजा नहीं हुई तो बहुजन समाज पार्टी बड़ा आंदोलन करेगी। उपरोक्त शब्द जिला अध्यक्ष कमल दत्त गौतम ने यहां सेक्टर 12 जिला उपायुक्त कार्यालय मंम प्रेस को संबोधित करते हुए कहे। इस अवसर पर प्रदेश सचिव चौधरी रतीराम, जिला प्रभारी डॉ रामसिंह, विधानसभा अध्यक्ष के एल गौतम, महावीर सिंह, सतीश चौधरी, चेतन दास, भीम सिंह, रामगोपाल, रामनिवास, मोतीलाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला फरीदाबाद बसप यूनिट की तरफ से महामहिम राष्ट्रपति महोदया भारत सरकार के नाम जिला उपयुक्त फरीदाबाद के माध्यम से मांग पत्र दिया गया। प्रदेश सचिव रतिराम



ने कहा गत 11 दिसंबर 2024 को महाराष्ट्र राज्य के परभणी में भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ किया गया, और भारतीय संविधान को कुछ असामाजिक तत्वों ने अपमानित किया है। इस घटना की हम निंदा करते हैं। इस घटना से बहुजन समाज के लोगों में रोष है। विशेषकर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता बेहद नाराज हैं। इस प्रकार की घटनाएं समाज के सौहार्द और भाईचारे को बिगड़ती हैं। इसलिए हम महामहिम राष्ट्रपति जी से निवेदन करते है कि राज्य सरकार को तुरंत आदेश देकर दोषी असमाजिक तत्वों पर कार्रवाई करवाएं। बसपा कार्यकताओं ने यह भी कहा कि यदि तुरंत दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो बहुजन समाज पार्टी पूरे हरियाणा में बड़ा आंदोलन करेगी।

# सीडीओ की अध्यक्षता में बर्ड फ्लू की रोकथाम से सम्बंधित टास्क फोर्स की बैठक हुई आयोजित



प्रात : किरण, संवाददाता

संत कबीर नगर,। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में बर्ड फ्लू की रोकथाम से सम्बंधित जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक के दौरान पशु चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि बर्ड फ्लू एक विषाणु जनित रोग है, इससे मनुष्य में बीमारी होने का खतरा बना रहता है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बर्ड फ्लू की रोकथाम एवं बचाव से संबंधित समस्त तैयारी पूर्ण रखी जाए, विशेषतः बखिरा पक्षी विहार की निरंतर निगरानी एवं प्रवासी पक्षियों पर की निगरानी हेतु निर्देशित किया गया। कहीं भी किसी प्रकार से अधिक संख्या में पक्षियों की मृत्यु होने पर तुरंत संबंधित विभाग को सूचना देने हेतु भी निर्देशित किया गया। बताया गया कि पशुपालन विभाग द्वारा जनपद में 5 क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम)टीम बनाई गई है। चिकित्सा विभाग को पर्याप्त मात्रा में मनुष्यों हेतु दवा एवं आइसोलेशन वार्ड की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पशुगणना का कार्य ससमय व गुणवत्तापूर्वक करने हेतु निर्देशित किया गया। तदुपरांत जनपद में चल रही 21वीं पशुगणना के लिए निदेशालय से प्राप्त किट का गन्नाकरो में वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित पंचायती राज विभाग, वन विभाग, सिंचाई विभाग, चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग, सूचना विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं समस्त पशुपालन के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# एमसीएफ चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने के कार्य की प्रगति की हुई

प्रात : किरण, संवाददाता

फरीदाबाद,। नगर निगम चुनाव के मद्देनजर शहरी क्षेत्र में सभी बूथों पर 17 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक ड्राफ्ट रखवाया जाएगा, जिससे इन वॉर्डों के वोटर मतदाता सूची में अपना नाम, पता, फोटो आदि देख सकेंगे। डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में एडीसी साहिल गुप्ता ने नगर निगम से जुड़े एआरओ, रिवाइसिंग अधिकारियों के साथ एमसीएफ चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने के कार्य की प्रगति की समीक्षा की। एडीसी गुप्ता ने बताया कि वे सभी नागरिक, जिनका नाम नगर निगम की मतदाता सूची में नहीं है, यदि किसी अपात्र मतदाता (मृतक/ स्थान छोडकर चले गये अथवा डबल दर्ज है), किसी के नाम इत्यादि में गलती है अथवा किसी दूसरे वार्ड/मतदान केंद्र से अपना नाम बदलवाना चाहता है, तो निम्नलिखित रिवाईजिंग अर्थॉरिटी के पास निर्धारित फार्म में दावे-आपत्तियां 17 दिसंबर से 23 दिसंबर 2024 तक प्रस्तुत कर सकेगा जिसका निपटारा डीसी श्री विक्रम सिंह द्वारा 03 जनवरी 2025 तक किए जाने के फलस्वरूप नगर निगम फरीदाबाद की मतदाता सूचियों का वार्ड वाईज अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को कर दिया जाएगा। संशोधित मतदाता सूची के आधार पर ही निकाय चुनाव करवाए जाएंगे।

## यह रहेगा शेड्यूल

वार्डों में मतदाता सूची का वितरण 10 दिसंबर से 16 दिसंबर तक किया जाएगा। वार्डवार मसौदा निर्वाचन क्षेत्र का प्रकाशन 17 दिसंबर 2024 को होगा। पुनरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत दावे और आपत्ति की अंतिम तिथि 23 दिसंबर 2024 निर्धारित की गयी है। इसी प्रकार पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा दावे और आपत्ति का निपटारा करने की अंतिम तिथि 27 दिसंबर 2024 है। पुनरीक्षण प्राधिकारी के आदेश के विरुद्ध संबंधित उपायुक्त के समक्ष 31 दिसंबर 2024 तक अपील दायर की जा सकेगी। डीसी द्वारा अपीलों का निपटारा 03 जनवरी 2025 को किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जाएगा। समीक्षा बैठक में नगर निगम सचिव जयदीप, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बड़खल अमित मान, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, सीटीएम अंकित कुमार, जॉइंट कमिश्नर गौरव अंतिल, एमसीएफ के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, नगर निगम ग्रेटर की संयुक्त आयुक्त द्विजा, एचएसवीपी संपदा अधिकारी सिद्धार्थ दहिया सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

# फरीदाबाद में अवैध हथियार समेत युवक गिरफ्तार



प्रातः किरण संवाददाता,

फरीदाबाद,। अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने अवैध हथियार के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर देसी कट्टा बरामद किया है। आरोपी से पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है, उसके पश्चात आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि अपराध शाखा सैक्टर 30 की टीम गश्त पर थी। गश्त दौरान गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि गांव एत्मादपुर पल्ला में एक व्यक्ति अवैध हथियार लिए हुए है और किसी वारदात को अंजाम देगा। जिस पर कार्यवाही करते हुए अपराध शाखा टीम ने गांव एत्मादपुर पल्ला फरीदाबाद से आरोपी नितिन वासी गली न0- 6 छज्जन नगर मोहन ऐनक्लेव पल्ला फरीदाबाद को एक देसी कट्टे सहित काबू किया। जिसके खिलाफ थाना पल्ला में अवैध हथियार का मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि लोगों में डर उत्पन्न करने के उद्देश्य से अपने साथी से पांच हजार रुपये में खरीद कर लाया था। आपराधिक रिकार्ड अनुसार आरोपी पर लड़ाई झगड़े के 14 मुकदमे फरीदाबाद, सोनीपत व सोहना में दर्ज है। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत मे पेश कर जेल भेजा जाऐगा।

# खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

संत कबीर नगर,। समग्र शिक्षा माध्यमिक, संत कबीर नगर के समेकित शिक्षा के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिनांक 03.12.2024 से 15.12.2024 तक अन्तर्गत आज हीरा लाल राम निवास इ०का० खलीलाबाद में जनपद स्तरीय दिव्यांग विद्यार्थियों के समेकित खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर, विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी एवं विभिन्न संस्थानों के दिव्यांग छात्र-छात्राएं, अभिभावक गण प्रध ाानाचार्य/प्रधानाचार्या उपस्थित हुए। उक्त कार्यक्रम का संचालन संत मोहन त्रिपाठी, प्रवक्ता, हीरा लाल राम निवास इ०का० खलीलाबाद, संत कबीर नगर द्वारा किया गया।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा जनपद स्तरीय दिव्यांग विद्यार्थियों के समेकित खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात माँ सरस्वती की प्रतिमा का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। हरिश्चन्द्र नाथ जिला विद्यालय निरीक्षक, राम कुमार सिंह प्रधानाचार्य, हीरा लाल राम निवास इ०का० खलीलाबाद एवं धर्मेन्द्र कुमार मिश्र, जिला समन्वयक, समग्र शिक्षा (मा०) द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को बुके, अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों, विभिन्न विद्यालयों के दिव्यांग छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों को अपने सम्बोधन से कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु वंदन एवं अभिनन्दन किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित दिव्यांग छात्र-छात्राओं को दिव्यांगजन विभूतियों के बारे में बताते हुए प्रोत्साहित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य को सवारने एवं सुधारने के सुझाव दिया गया तथा यूपीएससी परीक्षा वर्ष 2015 में उनके ही बैंच में कन्नड़ कैडर में चयनित दिव्यांग छात्रा के बारे मे बताते हुए प्रेरित किया गया कि दिव्यांगजन भी अब हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहे है। जिलाधिकारी द्वारा दौड प्रतियोगिता (बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग) में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिव्यांगजनों एवं विद्यार्थियों को सरकार द्वारा प्रदान किये जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया तथा उपस्थित विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया गया।

तत्पश्चात दिव्यांग बच्चों के विभिन्न प्रकार के खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों यथा-कुर्सी दौड़, ट्राईसाइकियल रेस, रस्साकसी प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता, विषय आधारित कला प्रतियोगिता, (पर्यावरण एवं जल संरक्षण, वन्य जीव संरक्षण, स्वच्छ स्कूल सुन्दर स्कूल, वृक्ष बचाओ) गायन प्रतियोगिता, (लोकगीत, भजन, देशगीत आदि), नृत्य एवं वादन प्रतियोगिता, छू कर पहचाना, फुटबाल प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया तथा जनपद स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

# सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए पात्र महिलाएं करें 27 दिसम्बर तक आवेदन : डीसी



प्रात : किरण संवाददाता,

फरीदाबाद,। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए अनेक योजनायें चलायी जा रही हैं। इसी कड़ी में विभाग ने विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को सुषमा स्वराज पुरुस्कार देने के लिए 27 दिसम्बर 2024 तक आवेदन मांगे हैं। यह पुरूस्कार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2025 को दिया जाएगा। डीसी ने बताया कि पुरस्कार देने का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को पहचान/मान्यता देना है, ताकि वे भारतीय महिलाओं की भावी पीढ़ी के लिए रोल मॉडल बन सकें। यह भारतीय समाज में और उनके संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं की बहुमुखी भूमिका को स्वीकार करने और प्रोत्साहित करने के लिए समाज की मानसिकता को बदलने में भी एक लंबा सफर तय करेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी चौधरी ने बताया पुरस्कार में 5 लाख रुपए नकद, एक प्रशस्ति पत्र और एक शाल शामिल है। उन्होंने बताया कि आवेदक का जन्म हरियाणा में हुआ हो और महिलाओं के हित के लिए कम करती हो। नामांकन करने के दौरान नामांकित व्यक्ति जीवित होना चाहिए। पात्र महिलाएं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग फरीदाबाद, कमरा नंबर 205-ए, लेबर कोर्ट सेक्टर 12, फरीदाबाद कार्यालय में 27 दिसम्बर 2024 तक स्वयं उपस्थित होकर विभाग द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा अनुसार आवेदन करें। आवेदन के नियम विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# फरीदाबाद में चोरी के मामले में युवक गिरफ्तार



प्रातः किरण संवाददाता,

फरीदाबाद, ।फरीदाबाद में चोरी के मामले में थाना तिगांव की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ करने के लिए शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। बता दे कि लोकेश वासी गांव तिगांव फरीदाबाद की एक लिखित शिकायत पर थाना तिगांव फरीदाबाद में डीजे का सामान चोरी का मामला दर्ज किया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने अपना डीजे का सामान घर में रखा हुआ था। सुबह उठकर देखा तो सामान में से 2 एम्पलीफायर, 1 मिक्सर, 1 डीवीडी नही मिला, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति घर से चोरी करके ले गया। मामले में कार्रवाई करते हुए थाना तिगांव की टीम ने आरोपी आमिर वासी गांव तिगांव फरीदाबाद को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए आरोपी गुलाम मोहम्मद उर्फ भूरा वासी गांव चैहला बुलन्द शहर यूपी उम्र 32 साल को अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए थाना तिगांव की टीम ने सेक्टर 12 फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है। जिससे 2 एम्प्लीफायर ,1 मिक्सर बरामद किया है। आपराधिक रिकार्ड अनुसार आरोपी गुलाम पर पूर्व में चोरी का एक मामला थाना तिगांव फरीदाबाद में दर्ज है, पूछताछ के लिए आरोपी को रिमांड पर लिया है।




## साउथ में तहलका मचाएंगे सलमान खान, इस सुपरस्टार की फिल्म में आ सकते हैं नजर

सलमान खान अपनी फिल्म सिकंदर की वजह से इन दिनों खासी सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म में वह दमदार एक्शन करते नजर आने वाले हैं। इस बीच उनके साउथ की एक फिल्म में भी नजर आने की चर्चा जोरों पर है। आइए जानते हैं कि दक्षिण भारत की किस फिल्म में वह नजर आ सकते हैं।

### राम चरण के साथ दिख सकते हैं

ग्लोबल स्टार के नाम से मशहूर हो चुके अभिनेता राम चरण अपनी आगामी फिल्म आरसी 16 को लेकर इन दिनों व्यस्त चल रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन उप्पेना फेम बुची बाबू सना कर रहे हैं। यह फिल्म कई सितारों से सजी होगी, जिसमें जान्हवी कपूर भी अहम भूमिका में होंगी। ताजा मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म में एक और बड़े बॉलीवुड स्टार का कैमियो होने की संभावना है। एक रिपोर्ट के अनुसार बॉलीवुड के भाईजान यानी सलमान खान इस फिल्म में एक विशिष्ट भूमिका में नजर आ सकते हैं। निर्माता फिल्म में उनकी विशेष उपस्थिति को लेकर फिलहाल बातचीत कर रहे हैं।

### चिंरजीवी के साथ कर चुके हैं काम

यह पहला मौका नहीं है जब सलमान खान किसी साउथ की फिल्म में नजर आने वाले हैं। इससे पहले वह राम चरण के पिता चिरंजीवी की फिल्म गॉडफादर में एक विशेष भूमिका निभा चुके हैं। वह बिना किसी फीस के फिल्म का हिस्सा बने थे। वहीं, फिल्म किसी का भाई किसी की जान में भी राम चरण ने सलमान खान के साथ येंतम्मा में कैमियो किया था। इस गाने में अभिनेता वेंकटेश भी थे।

### फिल्म में मुन्ना भैया की भी है मौजूदगी

फिल्म आरसी 16 की बात करें तो यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म होगी, जिसमें राम चरण को रंगस्थलम के जैसे ही एक दमदार लुक में देखा जाएगा। फिल्म में एक और बॉलीवुड अभिनेता दिव्येंदु शर्मा भी होंगे, जिन्हें मिर्जापुर वेब सीरीज के लिए जाना जाता है।

### जल्द आएंगे सिकंदर में नजर

वर्क फ्रंट की बात करें तो सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर बिजी हैं। इस फिल्म का निर्देशन एआर मुरुगदास कर रहे हैं। फिल्म में रश्मिका मंदाना भी हैं। यह फिल्म अगले साल ईद के मौके पर रिलीज होगी।



## बागी 4 से बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहीं मिस यूनिवर्स हरनाज संधू

**साल 2021 में मिस यूनिवर्स का ताज अपने नाम करनी वाली हरनाज कौर संधू बॉलीवुड में डेब्यू के लिए तैयार हैं। उनके हाथ हिंदी फिल्म लगी है। हरनाज टाइगर श्रॉफ के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। शायद नाम आप समझ गए हों! जी हां, हरनाज को बागी 4 में साइन किया गया है। फिल्म के निर्माताओं ने इसकी पुष्टि की है।**

### मेकर्स ने साझा किया पोस्ट

फिल्म बागी 4 के निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने हरनाज को साइन किया है। आज गुरुवार को नाडियाडवाला ग्रैंडसन के इंस्टाग्राम पेज से एक पोस्ट साझा किया गया है। इसमें हरनाज की तस्वीर है। इसके साथ लिखा है, मिस यूनिवर्स से बागी यूनिवर्स तक! हम आपको नई प्रतिभा से मिला रहे हैं। बागी 4 में लेडी रिबेल। इस फिल्म का निर्देशन एच हर्षा कर रहे हैं।

### सोनम बाजवा और संजय दत्त भी आएंगे नजर

मेकर्स ने कुछ वक्त पहले ही बागी फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त का एलान किया। इसमें पंजाबी सिनेमा की अभिनेत्री सोनम बाजवा भी नजर आएंगी। अब इसमें साजिद ने हरनाज संधू को भी फिल्म में साइन किया है। इसके अलावा संजय दत्त भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। इस तरह टाइगर की फिल्म के साथ हरनाज हिंदी सिनेमा में आगाज कर रही हैं। फिल्म बागी 4 अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह फिल्म 5 सितंबर 2025 को रिलीज होगी। आज की तारीख हरनाज के लिए यूं भी खास है। साल 2021 में हरनाज ने आज ही के दिन मिस यूनिवर्स का खिताब जीता था। 12 दिसंबर 2021 में वे मिस यूनिवर्स बनीं। और आज 12 दिसंबर 2024 को उनके बॉलीवुड डेब्यू की खबर सामने आई है।



## प्रभुदेवा के कहने पर छोड़ रहीं थी सिनेमा, बोलीं- मुझे लगता था प्यार में समझौता जरूरी है

अभिनेत्री नयनतारा को उनके प्रशंसक लेडी सुपरस्टार कहते हैं। वे सिनेमा में अपने दमदार किरदारों के कारण जानी जाती हैं। नयनतारा ने साल 2011 में फिल्मों को छोड़ने का फैसला कर लिया था। हालांकि, इसके बाद उन्होंने दमदार वापसी की। नयनतारा ने कहा कि प्रभु देवा की सलाह पर फिल्मों को छोड़ने के लिए तैयार हो गई थीं। उन्होंने कहा कि मैं एक ऐसी स्थिति में थी, जहां मुझे लगता था कि प्यार पाने के लिए समझौता जरूरी है। उन्होंने कहा, मैं एक ऐसे दौर में थी जहां मुझे लगता था कि अगर मुझे अपने जीवन में प्यार चाहिए तो मुझे समझौता करना होगा। मैं बहुत कमजोर और युवा थी। नयनतारा ने बताया कि साल 2011 में वे फिल्म छोड़ने का मन बना चुकी थीं। उन्होंने कहा कि हम इंडस्ट्री में बहुत तरह के रिश्ते देखते हैं। मैं इसे गलत या कुछ और नहीं कह रही। हालांकि इसी तरह की यात्रा हम सिनेमा में देखते आ रहे हैं। मुझे उस समय लगता था कि ये ठीक है। हमें कुछ जगहों पर समझौता तो करना ही पड़ेगा। अगर हमारा साथी चाहता है कि हमें ये न करें तो हमें नहीं करना चाहिए। प्यार को लेकर मेरी उस समय यही समझ थी।

नयनतारा ने कहा, इस रिश्ते ने मुझे बनाया है जो मैं आज हूं। मैं कुछ बुरे समय से भी गुजरी हूं। हालांकि, उस बुरे समय से मुझे कुछ सीख भी मिली है। मैं आज जो कर सकती हूं, वो मुझे मालूम पड़ा। मैं पहले बहुत ही अलग तरह की इंसान थी।



## जल्द रिलीज होगा ये काली काली आंखें का सीजन 3, कहानी में आएंगे कई ट्विस्ट

ये काली काली आंखें सीरीज जल्द अपने तीसरे सीजन के साथ ओटीटी पर वापसी करने वाली है। ये सीरीज ओटीटी पर सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली सीरीज भी बनी। साथ ही टॉप 10 सीरीज में ट्रेंड करती रही। इस सीरीज के पहले और दूसरे सीजन को फैंस ने बहुत पसंद किया, इसके बाद मेकर्स ने तीसरे सीजन की रिलीज को लेकर बड़ा एलान कर दिया है।

### तीसरे सीजन में देखें और भी ट्विस्ट

इस सीरीज के निर्देशक सिद्धार्थ सेनगुप्ता ने सीजन 3 को लेकर अपनी राय साझा की है। उन्होंने बताया कि अगले सीजन में विक्रांत, पूर्वा और शिखा के रिश्ते के ट्विस्ट को दिखाया जाएगा। सीजन 2 जहां खत्म हुआ वहीं से तीसरे सीजन की शुरुआत की जानी है। इस सीरीज में पूर्वा की जिंदगी के भूतकाल को भी दिखाया जाएगा। इस सीरीज में बहुत सारे ट्विस्ट आ सकते हैं। सीरीज में विक्रांत, शिखा, गुरु, जलन और अखिल की जिंदगी में कई बड़े बदलाव भी देखने को मिलेंगे।

### यहां देखे ये काली काली आंखें का तीसरा सीजन

ये काली काली आंखें सीरीज का तीसरा सीजन जल्द नेटफ्लिक्स पर आने वाला है। सीरीज के पहले और दूसरे सीजन को दर्शकों ने प्यार दिया, इसके बाद निर्देशक ने तीसरे सीजन के रिलीज को लेकर घोषणा की। इस सीरीज में ट्विस्ट-टर्न, एक्शन, ड्रामा और बेहतरीन गाने भी शामिल किए जाएंगे। मेकर्स का मानना है कि दूसरे सीजन की रिलीज के बाद भी पहले सीजन को फैंस देख रहे थे।

### शो में दिखे ये सितारे

इस शो में पूर्वा (आंचल सिंह), विक्रांत (ताहिर राज भसीन) और शिखा (श्वेता त्रिपाठी) तीनों ने अपने जटिल रिश्तों, जुनूनी प्यार को इस सीरीज के जरिए दिखाया है। इस शो की कास्ट और कहानी को फैंस ने बहुत प्या दिया। सीरीज की सक्सेस से इसके कलाकार भी काफी खुश हैं। इस कहानी के दूसरे सीजन में ताहिर राज भसीन, आंचल सिंह और श्वेता त्रिपाठी के साथ गुरमीत भी दिखाई दिए।

## रामायण के लिए शाकाहारी बनने की अफवाहों पर भड़कीं साई पल्लवी

साई पल्लवी नितेश तिवारी की रामायण में रणबीर कपूर के साथ सीता की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पहले ऐसी खबरें आई थीं कि अभिनेत्री ने फिल्म के लिए मांसाहारी भोजन छोड़ दिया है। हालांकि, अब उन्होंने उन खबरों को खारिज कर दिया है और आगे किसी भी तरह की अफवाहों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

साई पल्लवी ने एक्स पर एक लंबा नोट लिखा, जिसमें रामायण में सीता की भूमिका निभाने के लिए उनके शाकाहारी बनने की खबर की निंदा की गई। उन्होंने लिखा, अधिकांश समय, लगभग हर बार, जब भी मैं बेबुनियाद अफवाहें, गढ़े हुए झूठ, गलत बयानों को उद्देश्य के साथ या बिना किसी उद्देश्य के फैलाते हुए देखती हूं तो मैं चुप रहना चुनती हूं, लेकिन अब समय आ गया है कि मैं प्रतिक्रिया दूं, क्योंकि यह लगातार हो रहा है और रुकने का नाम नहीं ले रहा है। खासकर मेरी फिल्मों की रिलीज, घोषणाओं, मेरे करियर के यादगार पलों के समय। अगली बार जब मैं किसी प्रतिष्ठित पेज या मीडिया या व्यक्ति को समाचार या गपशप के नाम पर कोई मनगढ़ंत घटिया कहानी चलाते हुए देखूंगी तो आप मुझसे कानूनी तौर पर सुनेंगे। बस।

### क्या है साई को लेकर अफवाह

यह खबर तब आई है, जब एक तमिल दैनिक ने बताया कि अभिनेत्री ने मांसाहारी भोजन छोड़ दिया है, क्योंकि वह सीता की भूमिका निभा रही हैं। इसमें आगे दावा किया गया कि वह अपनी यात्राओं के दौरान अपने रसोइयों की टीम के साथ यात्रा करती हैं, जो उनके लिए केवल शाकाहारी भोजन बनाते हैं।

### पहले से ही शाकाहारी हैं साई

दरअसल, साई पल्लवी हमेशा से शाकाहारी रही हैं। एक बार एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, अगर आप खाना खाते हैं तो मैं हमेशा शाकाहारी हूं। मैं नहीं देख सकती कि कब कोई मर जाता है। मैं किसी दूसरे व्यक्ति को चोट नहीं पहुंचा सकती और यह नहीं सोच सकती कि यह ठीक है, वे इसके लायक हैं।





## रणबीर कपूर ने दिया ब्रह्मास्त्र और एनिमल के सीक्वल का अपडेट

अभिनेता रणबीर कपूर की फिल्म ब्रह्मास्त्र- पार्ट 1 साल 2022 में रिलीज हुई। इस फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर कुछ बातें कही हैं। फिल्म के पहले भाग को कई बार देरी का सामना करना पड़ा। इसकी शूटिंग पूरी होने और रिलीज होने में पांच साल से ज्यादा का समय लग गया। अब उन्होंने इसके दूसरे भाग की रिलीज को लेकर बात की है।

ब्रह्मास्त्र के दूसरे पार्ट को लेकर हुई बात डेडलाइन से बातचीत के दौरान रणबीर कपूर ने कहा, ब्रह्मास्त्र का दूसरा पार्ट नाम देव है। पहले पार्ट का नाम शिव है। अभी तक कलाकारों को लेकर घोषणा नहीं हुई है। ब्रह्मास्त्र उस तरह की पहली कुछ फिल्मों में से एक थी, खासकर भारतीय सिनेमा के लिए, लेकिन आने वाले भागों में इसके और भी बढ़ने की संभावना है।

### रामायण में भी कर रहे हैं काम

रणबीर कपूर ने इस बातचीत में बताया कि वे नितेश तिवारी की फिल्म रामायण में भी काम कर रहे हैं। बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर ने आखिरकार नितेश तिवारी की दो भाग वाली रामायण में भगवान राम की भूमिका निभाने के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने इस भारत की सबसे बड़ी कहानी बताई है।

### रामायण की रिलीज का खुलासा

रणबीर कपूर ने कहा, रामायण फिल्म साल 2026 और 2027 में दिवाली के त्यौहार पर दो भागों में रिलीज होगी। प्राइम फोकस स्टूडियो के नमित मल्होत्रा इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। रणबीर ने बताया कि रविवार को कहा कि उन्होंने रामायण के पहले भाग की शूटिंग पूरी कर ली है और जल्द ही दूसरे भाग पर काम शुरू करेंगे।

### एनिमल को लेकर दी अपडेट

रणबीर कपूर ने अपनी फिल्म एनिमल को लेकर भी अपडेट दी है। उन्होंने कहा कि टीम 2027 में एनिमल पार्क की शूटिंग शुरू करेगी और वांगा और वह फैंचाइजी के तीसरे भाग के लिए बातचीत कर रहे हैं।

## पुष्पा 2 द रूल को मिल रहे प्यार के लिए रश्मिका ने प्रशंसकों का किया शुक्रिया

रश्मिका मंदाना ने कुछ ही देर पहले अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में रश्मिका रेड कलर की साड़ी में बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में रश्मिका की स्माइल को देखकर कोई भी उनका दीवाना हो जाएगा।

रश्मिका की माथे की बिंदिया और आंखों का काजल किसी को भी घायल करने के लिए काफी है इन तस्वीरों के साथ रश्मिका ने लिखा, आप सभी ने मुझसे इस लुक को पोस्ट करने के लिए कहा था, और देखिए मैंने कर दिया। थैंक्यू आप सभी को पुष्पा और श्रीवल्ली को इतना प्यार देने के लिए। आगे रश्मिका ने लिखा, आप सभी ने मुझसे इस लुक को पोस्ट करने के लिए कहा था, और देखिए मैंने कर दिया। थैंक्यू आप सभी को पुष्पा और श्रीवल्ली को इतना प्यार देने के लिए।



# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार पर बना दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत भी गिरावट के साथ हुई । बाजार खुलने के बाद से ही बिकवाली का दबाव बढ़ता चला गया, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल की गिरावट भी बढ़ती चली गई। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.79 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से भारती एयरटेल, बीपीसीएल, अडाणी एंटरप्राइजेज, अपोलो हॉस्पिटल और नेस्ले के शेयर 0.65 प्रतिशत से लेकर 0.18 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, श्रीराम फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 2.93 प्रतिशत से लेकर 2.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के




कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,336 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 525 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,811 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 4 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 26 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 7 शेयर हरे निशान में और 43 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 77.51 अंक टूट कर 81,212.45 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण इस सूचकांक की कमजोरी बढ़ती चली गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक गिर कर 80,672.36 अंक तक पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच

## संक्षिप्त खबरें

### रुपया शुरूआती कारोबार में पांच पैसे मजबूत हुआ

मुंबई। महंगाई के अनुकूल आंकड़ों के चलते शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे बढ़कर 84.83 के स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने हालांकि कहा कि डॉलर में मजबूती और विदेशी कोषों की निकासी के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट ने रुपये की बढ़त को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 84.85 पर खुला और शुरूआती कारोबार में 84.83 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से पांच पैसे की बढ़त को दिखाता है। रुपया गुरुवार को डॉलर के मुकाबले पांच पैसे गिरकर 84.88 के निचले स्तर पर बंद हुआ। रुपये का पिछला रिकॉर्ड निचला स्तर नौ दिसंबर को दर्ज किया गया था, जब यह 84.86 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.12 प्रतिशत बढ़कर 106.77 पर कारोबार कर रहा था।

### अशोक लेलैंड के वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में 3 फीसदी तक बढ़ोतरी का ऐलान

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स के बाद हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड लिमिटेड ने अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में अगले साल जनवरी से 3 फीसदी तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। कंपनी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि मुद्रास्फीति और कमोडिटी की कीमतों में वृद्धि के कारण जनवरी से अपने वाणिज्यिक वाहनों की पूरी रेंज पर 3 तीन फीसदी तक की इजाफा करेगी। कंपनी ने कहा कि इस कदम से लागत के प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी। इससे पहले टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी, हुंडई मोटर इंडिया के साथ-साथ लग्जोरी यात्री वाहन तथा कार निमार्ता कंपनियों मर्सिडीज-बेंज, बीएमडब्ल्यू और ऑडी ने पहले ही जनवरी, 2025 से अपने वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है।

### दूसरों को मनपसंद डिश खिलाने वाली जोमैटो सरकार के डकार गई 803 करोड़! अब होगी वसूली

नई दिल्ली। जोमैटो को लेकर सरकार ने एक खुलासा किया है। सरकार ने कहा है कि जोमैटो ने 803 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी की है और अब उसे वसूली के लिए नोटिस भेजा गया है। दूसरी ओर, जोमैटो ने इन आरोपों से इनकार किया और कहा है कि वह इससे बचने के लिए कानूनी सहारा लेगी। ऑनलाइन ऑर्डर पर खाने-पीने का सामान पहुंचाने वाले मंच जोमैटो ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया है कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग ने उसे 803.4 करोड़ रुपये का टैक्स डिमांड मांग नोटिस भेजा है। इसमें ब्याज और जुमार्ना भी शामिल है। कंपीन का कहना है कि डिलिवरी शुल्क पर ब्याज और जुमार्ना के साथ जीएसटी का भुगतान न करने के संबंध में उसे नोटिस मिला है। जोमैटो ने कहा, ह्यकंपनी को 12 दिसंबर, 2024 को एक आदेश प्राप्त हुआ है। यह आदेश 29 अक्टूबर, 2019 से 31 मार्च, 2022 की अवधि के लिए सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, ठाणे आयुक्तालय, महाराष्ट्र के संयुक्त आयुक्त द्वारा पारित किया गया है। इसमें लागू ब्याज के साथ 401,70,14,706 रुपये के जीएसटी की मांग और 401,70,14,706 रुपये के जुमार्ने की पुष्टि की गई है।

### ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार

नई दिल्ली। ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज कमजोरी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है ।अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान दबाव का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.54 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 6,051.25 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 118.91 अंक यानी 0.59 प्रतिशत टूट कर 19,915.98 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज फिलहाल 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 43,872.29 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है ।यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,311.76 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसके विपरीत सीएसी इंडेक्स ने 0.03 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,420.94 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 20,426.27 अंक के स्तर पर बंद हुआ। जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.43 प्रतिशत की फिसलन के साथ 7,362.21 अंक के स्तर पर पहुंच कर कारोबार कर रहे हैं।

### भारत में कैंसर डायग्नोस्टिक टेस्ट मार्केट 2033 तक 2 प्रतिशत सीएजीआर बढ़ेगा: रिपोर्ट

नई दिल्ली। शुक्रवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में ऑन्कोलॉजी टेस्ट मार्केट (कैंसर डायग्नोस्टिक टेस्ट मार्केट) 2033 तक लगभग 2 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ने की उम्मीद है ।डेटा और एनालिटिक्स कंपनी ग्लोबलडेटा की रिपोर्ट के अनुसार, देश में कैंसर के मामलों में वृद्धि मुख्य रूप से जीवनशैली में बदलाव, पर्यावरणीय कारकों और बढ़ती उम्र की आबादी के कारण देखी जा रही है। भारत में कैंसर एक सामाजिक और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ा बड़ा बोझ है, जिससे एडवांस ऑन्कोलॉजी निदान और उपचार सेवाओं की मांग बढ़ रही है। हर साल 1 मिलियन से अधिक नए मामलों का निदान किया जाता है और हर साल लगभग 9,00,000 मौतें दर्ज की जाती हैं। रिसर्च से पता चलता है कि 2024 में, भारत एशिया-प्रशांत (एपीएसी) ऑन्कोलॉजी टेस्ट मार्केट का 3 प्रतिशत से अधिक हिस्सा होगा।

# अंबानी-अडानी की पूरी उम्र की कमाई से ज्यादा मस्क की झोली में एक साल में आई

- रईसी में माली के मनसा मूसा को पीछे छोड़ा
- 2027 में बन सकते हैं दुनिया के पहले ट्रिलिनेयर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ 400 अरब डॉलर के पार पहुंच गई है। इसके साथ ही वह इतिहास के सबसे अमीर शख्स बन गए हैं। इससे पहले अफ्रीकी देश माली के राजा रहे मनसा मूसा को इतिहास का सबसे अमीर व्यक्ति माना जाता था। एक अनुमान के मुताबिक उसके पास करीब 415 अरब डॉलर की दौलत थी। मनसा मूसा ने 1312 से लेकर 1337 तक 25 साल माली पर राज किया। लेकिन मस्क ने रईसी में मूसा को पीछे छोड़ दिया है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक मस्क की नेटवर्थ 442 अरब डॉलर पहुंच चुकी है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 213 अरब डॉलर की उछाल आई है जो मुकेश अंबानी और गौतम अडानी की कंबाइंड नेटवर्थ से ज्यादा है।

भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस अंबानी की नेटवर्थ 95.9 अरब डॉलर है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन की नेटवर्थ में इस साल 48.4 करोड़ डॉलर की गिरावट आई है। इसी तरह अडानी की नेटवर्थ 81.8 अरब डॉलर है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 2.54 अरब डॉलर की गिरावट आई है। इन दोनों की कुल नेटवर्थ 177.7 अरब डॉलर बैठती है जबकि मस्क की नेटवर्थ इस साल 213 अरब डॉलर बढ़ी है। मस्क की टेस्ला में करीब 23 फीसदी हिस्सेदारी है। इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली इस कंपनी का मार्केट कैप 1.363 ट्रिलियन डॉलर है और यह दुनिया की आठवीं सबसे मूल्यवान कंपनी है।

### 3 साल में ट्रिलिनेयर

दुनिया के साल 2027 तक पहला ट्रिलिनेयर मिल सकता है। एक स्टडी के मुताबिक टेस्ला, स्पेसएक्स और एक्स जैसी कई कंपनियों को चला रहे मस्क की नेटवर्थ सालाना 110 प्रतिशत औसत रफ्तार से बढ़ रही है। साल 2027 तक उनकी नेटवर्थ एक लाख करोड़ डॉलर पहुंच सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक अडानी साल 2028 में ट्रिलिनेयर बन सकते हैं। लेकिन इसके लिए उनकी नेटवर्थ में सालाना औसतन 123 प्रतिशत की तेजी आनी चाहिए।

## दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची में तीन भारतीय शामिल, राजनीति और उद्योग जगत का बड़ा नाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फोर्ब्स ने साल 2024 की दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची जारी कर दी है। इस सूची में उद्योग, मनोरंजन, राजनीतिक, समाज सेवा और नीति नियंताओं के नाम शामिल हैं। फोर्ब्स की इस 21वीं सूची में तीन भारतीय महिलाओं के नाम भी शामिल हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। आइए जानते हैं कि इस सूची में कौन-कौन से नाम हैं और क्या उनकी उपलब्धियां हैं। भारतीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण फोर्ब्स की सबसे ताकतवर सूची में 28वें स्थान पर हैं। निर्मला सीतारमण ने मई 2019 में केंद्रीय वित्त मंत्री का पद संभाला था और उसके बाद से लगातार इस अहम पद पर बनी हुई हैं। निर्मला सीतारमण पर भारत के तेज आर्थिक विकास को बनाए रखने की जिम्मेदारी है और उनके नेतृत्व में भारत पांच खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। निर्मला सीतारमण महिला सशक्तिकरण को लेकर मुखर रही हैं। राजनीति में आने से पहले सीतारमण ब्रिटेन की एग्रीकल्चर इंजीनियर्स एसोसिएशन और बीबीसी वर्ल्ड के साथ जुड़ी रहीं। दिग्गज आईटी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज की चेयरपर्सन और एचसीएल कॉर्पोरेशन की सीईओ रोशनी नदार मल्होत्रा को फोर्ब्स की सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची में 81वां स्थान दिया गया है। रोशनी नदार 12 अरब डॉलर की कंपनी के रणनीतिक फैसले लेती हैं।

## देश भर के 6500 पेट्रोल पंपों पर मिल रहा है 5 रुपये सस्ता पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेट्रोल और डीजल का रेट जिस तरह से बढ़ा है, उसे लेकर सबकी चिंता रहती है। लेकिन आप यदि चाहें तो 5 रुपये प्रति लीटर सस्ता पेट्रोल-डीजल खरीद सकते हैं। लेकिन यह लाभ लेने के लिए आपको कम से कम 1,000 रुपये का ईंधन भरवाना होगा। साथ ही इसके लिए आपको डिजिटल पेमेंट यानी कि डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या यूपीआई पेमेंट करना होगा। आप चाहें तो पेटीएम, मोबिक्विक जैसे ऐप से क्यूआर कोड के सहारे भी पेमेंट कर सकते हैं। सस्ते पेट्रोल-डीजल की योजना नयारा एनर्जी ने शुरू की है। डाउनस्ट्रीम एनर्जी सेक्टर में अग्रणी प्लेयर और भारत प्राइवेट सेक्टर की सबसे बी फ्यूल रीटेलर नयारा एनर्जी ने वर्षांत और नववर्ष के अवसर पर 'सब की जीत गारंटीड 2024' स्कीम की शुरुआत की है। यह योजना सिर्फ रिटेल कस्टमर्स के लिए है। इसके तहत ग्राहक कम से कम 1,000 रुपये और अधिकतम 5,000 रुपये का पेट्रोल या डीजल भरवा कर हिस्सेदारी कर सकते हैं। इसमें ग्राहकों को कम से कम 15 रुपये और अधिक से अधिक 250 रुपये का कैश बैक मिल जाएगा। कैश बैक वॉउचर की शक्ल में ग्राहक के व्हाट्सऐप नंबर पर आएगा। अगली बार जब वह तेल भरवाने जाएंगे तो उन्हें यह फ्यूल वॉउचर पहले दिखाना होगा। बस, वॉउचर की रकम को बिल की रकम से घटा दिया जाएगा। इस योजना में भाग लेने के लिए ग्राहक का व्हाट्सऐप अकाउंट जरूरी है।

## मुकेश अंबानी के हाथ लगी बड़ी डील, हर साल 13 अरब डॉलर का तेल खरीदने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने रूस की रोसनेफ्ट से 10 साल के लिए प्रति वर्ष 12-13 अरब डॉलर मूल्य का कच्चा तेल आयात करने का समझौता किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। रूस की सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी रोसनेफ्ट रिलायंस को प्रतिदिन 5,00,000 बैरल (2.5 करोड़ टन सालाना) तक कच्चे तेल की आपूर्ति करेगी। मौजूदा कीमतों पर 10 साल का सौदा सालाना 12-13 अरब डॉलर का बैठता है। इस बारे में पूछे जाने पर रिलायंस के प्रवक्ता ने कहा कि रूस वर्तमान में भारत को कच्चे तेल का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। प्रवक्ता ने कहा, 'हम अपनी रिफाइनरी के लिए कच्चे तेल की खरीद को लेकर रूस सहित कई अंतरराष्ट्रीय आपूर्तिकर्ताओं के साथ हमेशा जुड़े रहते हैं। बाजार की स्थिति के अनुसार कार्गो की संख्या अर्थव्यवस्था के आधार पर अलग-अलग होंगी।' रूस के फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद से भारत रूसी कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बन गया है।

## आधार हाउसिंग फाइनेंस लि. पीएमएवाय-यू 2.0 के अंतर्गत इंदौर में घर खरीदना बनाएगा ज्यादा किफायती

### शहर में 12 से 15 दिसंबर, 2024 तक चलेगा पीएमएवाय उत्सव और स्पॉट सैंक्शन कैम्प

**इंदौर, एजेंसी।** आधार हाउसिंग फाइनेंस लि. इंदौरमें प्रधानमंत्री आवास योजना- अर्बन 2.0 (पीएमएवाय-यू 2.0) के माध्यम से घरों को खरीदना ज्यादा किफायती बनाने के लिये समर्पित है। सरकार की इस पहल पर जागरूकता बढ़ाने और उसके बाद बिना किसी परेशानी के होम लोन्स देने के मकसद से, यह हाउसिंग फाइनेंस कंपनी 12 से 15 दिसंबर, 2024 को अपने शाखा कार्यालय में स्पॉट सैंक्शन कैम्प का आयोजन कर रही है। स्पॉट सैंक्शन कैम्प से इंदौर में रहने वाले लोगों को फायदा होगा और साथ ही छोटे शहरों, जैसे कि विदिशा, उज्जैन, रतलाम तथा गुना आदि में रहने वाले लोग बड़े पैमाने पर लाभान्वित होंगे।

आधार मध्यप्रदेश में अपनी 41 शाखाओं के विस्तृत नेटवर्क के माध्यम से अपनी उपस्थिति बढ़ा रही है। इनमें डीप इम्पैक्ट ब्रांचेस भी शामिल हैं, जिनका उद्देश्य क्षेत्र में नागरिकों को आसानी से ऋण मुहैया कराना है। पीएमएवाय पहल से कंपनी को कम आय वाले वर्गों को किफायती हाउसिंग लोन्स देने में मदद मिलेगी। इससे उन परिवारों का जीवन बेहतर होगा, जिन्हें अपना पहला घर खरीदना है।

'हर भारतीय को पक्का घर' देने के अपने मिशन में, आधार पीएमएवाय उत्सव में पीएमएवाय-यू 2.0




के बारे में उन लोगों को शिक्षित करना चाहती है, जो पहली बार घर खरीद रहे हैं। यह कैम्प पात्रता के मानदण्डों पर गहन जानकारी प्रदान करेगा और अंतिम उपभोक्ता के लिये पीएमएवाय सब्सिडी लेने की प्रक्रिया को आसान बनाएगा। इसके अलावा, कैम्प में संबद्ध दस्तावेज प्रस्तुत करने पर लोगों को होम लोन की स्वीकृति के पत्र वहीं मिल जाएंगे। इस प्रकार घरखरीदने वाले लोग उनका मालिक बनने की दिशा में बिना किसी परेशानी केआगे बढ़ सकेंगे।

आधार हाउससिंग फाइनेंस लि. के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ऋषि आनंद, ने कहा, ''हमारा मानना है कि सभी को घर मिलना चाहिये। घर का मालिक बनना दूर की कौड़ी न हो, बल्कि सभी के लिये पूरा होने वाला मकसद बन जाए, खासकर समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिये। पीएमएवाय-यू 2.0 योजना का प्रमुख ऋण भागीदार होने के नाते हम चाहते हैं कि लोग और परिवार अपना घर पाने के लिये जरूरी संसाधनों से लैस हों। हमारे स्पॉट सैंक्शन कैम्प्स घर खरीदने की आकांक्षा रखने वाले लोगों को उनके सपनों का घर खरीदने की पूरी प्रक्रिया में आवश्यक मागदर्शन देंगे।'' पीएमएवाय-यू 2.0 भारत सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जो शहरों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और कम आय वाले समूहों को किफायती तथा हर मौसम को सह सकने वाले पक्के घर देने पर केन्द्रित है। इससे उनका रहन-सहन बेहतर होगा। पीएमएवाय होम लोन्स लेने वाले ग्राहकों को 1.80 लाख रूपये तक की सब्सिडी मिल सकती है।

## टाटा मोटर्स और टाटा इंटरनेशनल ने पुणे में एडवांस्ड रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी Re.Wi.Re लॉन्च की



**पुणे, एजेंसी।** भारत में वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स और टाटा ग्रुप की वैश्विक व्यापार एवं वितरण शाखा टाटा इंटरनेशनल ने आज पुणे में नई रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी (आरवीएसएफ) का उद्घाटन किया है। इस अत्याधुनिक सुविधा का नाम है Re.Wi.Re - रिसाइकल विद रेस्पेक्ट' और इसमें 21000 वाहनों को सुरक्षित तरीके से डिसअसेम्बल करने की वार्षिक क्षमता है। यह सुविधा उन वाहनों के लिये है, जिनका जीवन खत्म हो गया हो और इसमें उन्हें डिसअसेम्बल करने के लिये पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रियाओं को अपनाया जाता है।

इस आरवीएसएफ का परिचालन टाटा इंटरनेशनल व्हीकल ऐप्लीकेशंस (टीआईवीए) करती है, जो कि टाटा इंटरनेशनल के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। यह आरवीएसएफ सभी ब्रैंड्स के यात्री एवं वाणिज्यिक वाहनों को स्क्रैप कर सकती है।

## दिव्यांगो को कौशल प्रदान कर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएं उद्योग: पीयूष गोयल

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि उद्योगों को दिव्यांग नागरिकों को कौशल प्रदान करने, प्रशिक्षित करने और रोजगार के अवसर प्रदान करने के तरीके विकसित करने चाहिए। केंद्रीय मंत्री गोयल ने नई दिल्ली में बीएमएल मुंजाल पुरस्कार 2024 में अपने संबोधन के दौरान यह बात कही।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश को कौशल प्रदान करने और दिव्यांग नागरिकों को सक्षम बनाने के आह्वान को दोहराते हुए उन्होंने उद्योग जगत के नेताओं से ब्रेल में कौशल विकास उपलब्ध करवाने को कहा। गोयल ने मुंबई में एसईईपीजेड का उदाहरण देते हुए कहा, कुछ ऐसे कौशल विकसित करने की आवश्यकता है जो दिव्यांग नागरिकों को स्वतंत्र बनने में मदद करें, जैसे एसईईपीजेड, जहां रत्न एवं आभूषण क्षेत्र द्वारा 1,500 दृष्टिबाधित बच्चों को उसी उद्योग में नौकरियों के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। केंद्रीय मंत्री ने सुझाव दिया कि उद्योग जगत के लीडर दिव्यांगों की ताकत की पहचान करें और उन्हें रोजगार के योग्य बनाएं। उन्होंने आगे कहा, शिकायत केंद्र और ग्राहक सहायता केंद्र ऐसे क्षेत्र हैं जहां दिव्यांगजन काम कर सकते हैं, यहां तक कि वे खेल में भी काम के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। हम दिव्यांगजनों को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए खेल महोत्सवों को भी बढ़ावा दे सकते हैं ।कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने हीरो ग्रुप के शुरूआती दिनों से लेकर अब तक के सफर



पर आधारित द मेकिंग ऑफ हीरो नामक पुस्तक का भी जिक्र किया। उन्होंने ऑटोमोबाइल विनिर्माण में भारत को विश्व मंच पर ले जाने के लिए कंपनी के प्रयासों पर प्रकाश डाला। पुस्तक को ब्रेल में भी जारी करने के लिए आयोजकों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, यह प्रयास दिव्यांगजनों को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करेगा ।इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री गोयल ने यह भी उम्मीद जताई कि पुस्तक कई उद्यमियों को रोजगार सृजक बनने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि 1.4 अरब लोगों की सामूहिक प्रतिबद्धता भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी और ऐसा तब होगा जब वे बड़ी आकांक्षाएं रखेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम के आयोजकों से विकसित भारत की यात्रा में पुरस्कार समारोह में स्टार्टअप और युवा संगठनों को शामिल करने का भी आग्रह किया।

**रोक** सूची में उद्योग, मनोरंजन, राजनीतिक, समाज सेवा और नीति नियंताओं के नाम शामिल हैं ...

## दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की फोर्ब्स सूची में सीतारमण सहित 3 भारतीय महिलाएं

### फोर्ब्स की 21वीं सूची में तीन भारतीय महिलाओं के नाम हैं, जिसमें निर्मला सीतारमण, रोशनी नादर मल्होत्रा और किरण मजूमदार-शॉ हैं। सूची में उद्योग, मनोरंजन, राजनीतिक, समाज सेवा और नीति नियंताओं के नाम शामिल हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है।

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिकी बिजनेस मैगजीन फोर्ब्स ने वर्ष 2024 के लिए दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची जारी की है। फोर्ब्स की 21वीं सूची में तीन भारतीय महिलाओं के नाम हैं, जिसमें निर्मला सीतारमण, रोशनी नादर मल्होत्रा और किरण मजूमदार-शॉ हैं। सूची में उद्योग, मनोरंजन, राजनीतिक, समाज सेवा और नीति नियंताओं के नाम शामिल हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है।



#### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण फोर्ब्स की इस सूची में 28वें स्थान पर हैं। सीतारमण ने मई 2019 में केंद्रीय वित्त मंत्री का पद संभाला था और उसके बाद से लगातार इस अहम पद पर बनी हुई हैं। निर्मला सीतारमण पर भारत के तेज आर्थिक विकास को बनाए रखने की जिम्मेदारी है और उनके नेतृत्व में भारत पांच खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। सीतारमण महिला सशक्तिकरण को लेकर मुखर रही हैं। वह राजनीति में आने से पहले ब्रिटेन की एग्रीकल्चर इंजीनियर्स एसोसिएशन और बीबीसी वर्ल्ड के साथ जुड़ी रहीं।

#### रोशनी नादर मल्होत्रा

दिग्गज भारतीय बहुराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज की चेयरपर्सन और एचसीएल कॉर्पोरेशन की मुख्यच कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोशनी नदार मल्होत्रा को फोर्ब्स ने दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की इस सूची में 81वां स्थान दिया है। रोशनी नदार 12 अरब डॉलर की कंपनी के रणनीतिक फैसले लेती हैं। वह शिव नदार फाउंडेशन की भी ट्रस्टी हैं। इसके जरिए वो शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही हैं। रोशनी नदार ने द हैबीटेटस ट्रस्ट की स्थापना की, जो प्राकृतिक संरक्षण के लिए काम करती है।

#### किरन मजूमदार शॉ

किरन मजूमदार शॉ को फोर्ब्स की दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की 21वीं सूची में 82वां स्थान दिया गया है। किरन मजूमदार बायोटेक कंपनी बायोकॉन की संस्थापक और चेयरपर्सन हैं। बायोकॉन की अमेरिका, एशिया के विभिन्न बाजारों समेत दुनियाभर में पहुंच है। किरन मजूमदार शॉ भारत के सबसे सफल उद्योगपतियों में शामिल हैं। साल 2019 में किरन मजूमदार और उनके पति जॉन शॉ ने यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लोसगो में कैंसर रिसर्च के लिए 75 लाख डॉलर का दान दिया था। शॉ की कंपनी कोरोना वायरस की एंटीबॉडी थेरेपी के लिए भी काम कर रही है। फोर्ब्स अमेरिकी बिजनेस मैगजीन है। यह व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता, नेतृत्व और जीवनशैली विषयों पर ध्यान केंद्रित करती है। यह प्रत्रिका दुनियाभरा के उद्योग, मनोरंजन, राजनीतिक, समाज सेवा और नीति नियंताओं के कार्य के आधार पर उनका मूल्यांकन और रैंकिंग प्रदान करती है।

# विश्व चैंपियन गुकेश को बधाइयां देने वालों को लगा तांता

## क्रिकेटर, एथलीट्स, निशानेबाजी सब हुए एकजुट



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय खेल जगत ने विश्व चैंपियन बनकर इतिहास रचने वाले किशोर डी गुकेश की प्रशंसा करते हुए उन्हें लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा बताया। 18 वर्षीय गुकेश की जीत का जश्न पूरे देश में मनाया गया और उनकी अविश्वसनीय उपलब्धि की सराहना की गई। गुकेश ने सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ खिताबी मुकाबले की 14वीं और आखिरी बाजी में जीत हासिल की। 5 बार के विश्व चैंपियन और महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने इतनी कम उम्र में इतनी बड़ी जीत हासिल करने के लिए गुकेश की प्रशंसा की। आनंद ने कहा कि यह एक बड़ी उपलब्धि है। 18 साल की उम्र में विश्व चैंपियन बनना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। जीत के बाद उन्हें जश्न मनाते देखना एक शानदार नजारा था। उम्मीद है कि इससे कई महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। गुकेश ने गैरी कास्परोव के 22 साल, छह महीने और 27 दिन के रिकॉर्ड को तोड़ा, जब उन्होंने 1985 में खिताब जीता था।

### शतरंज का प्रतिभाशाली खिलाड़ी : खेल मंत्री मनसुख मांडविया

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने उन्हें शतरंज का प्रतिभाशाली खिलाड़ी बताया। उन्होंने लिखा, ''प्रतिष्ठित विश्व शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीतने और शतरंज के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनने के लिए डी गुकेश को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है।

### क्या शानदार उपलब्धि हैः हिकारू नाकामुरा

अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा- डी गुकेश और पूरे भारत तथा हर जगह के भारतीयों को बहुत-बहुत बधाई। क्या शानदार उपलब्धि है। नाकामुरा ने आनंद को उनके योगदान के लिए बधाई भी दी। उन्होंने लिखा- विश्वनाथन आनंद मैं आपको जन्मदिन की शुभकामनाएं देना भूल गया था लेकिन मुझे लग रहा है कि एक महीने तक आपके पैर जमीन पर नहीं पड़ेंगे। आपने जो किया है, वह बेमिसाल है।

### एक पीढ़ी को 'बड़े सपने देखने' के लिए प्रेरित किया:अभिनव बिंद्रा

भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने कहा कि गुकेश ने अपनी शानदार उपलब्धि से एक पीढ़ी को 'बड़े सपने देखने' के लिए प्रेरित किया है। बिंद्रा ने कहा कि गुकेश, विश्व शतरंज चैंपियन बनने पर बधाई। दबाव में आपकी प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और शालीनता ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। आपने न केवल एक खिताब जीता है, बल्कि एक पीढ़ी को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया है। आपको आगे और भी बड़ी सफलता की शुभकामनाएं।

### हम सभी के लिए एक शानदार पल : वीरेंद्र सहवाग

पूर्व स्टार क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने कहा- वाह, आप शानदार रहे गुकेश। सिर्फ 18 साल की उम्र में गुकेश डोमाराजू सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए हैं। हम सभी के लिए एक शानदार पल और आप एक प्रेरणा हैं, गुकेश।

### अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ ने दी बधाई

अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने ट्वीट किया- एक नया विश्व चैंपियन। बधाई डी गुकेश। यह गुकेश के लिए एक शानदार वर्ष का समापन है जिन्होंने कैंडिडेट्स 2024 टूर्नामेंट और शतरंज ओलंपियाड भी जीता।

### भारत को आप पर गर्व हैः नीरज चौपड़ा

देश के पहले और एकमात्र ट्रैक एंड फील्ड ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 'एक्स' पर लिखा- बधाई हो, गुकेश। दुनिया में सर्वश्रेष्ठ और ऐसा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी। भारत को गर्व है।

64 खानों के खेल में आपने अनंत संभावनाओं की दुनिया खोल दी है : सचिन तेंदुलकर

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने कहा कि अपनी जीत के साथ गुकेश ने अनंत संभावनाओं की दुनिया खोल दी है। तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा- 64 खानों के खेल में आपने अनंत संभावनाओं की दुनिया खोल दी है। बधाई हो डी गुकेश सिर्फ 18 साल की उम्र में 18वें विश्व चैंपियन बनने पर! विशी के नक्शेकदम पर चलते हुए अब आप भारतीय शतरंज के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की अगली लहर का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

# रहाणे ने खेली 98 रन की धमाकेदार पारी

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा मुंबई

बेंगलुरु (एजेंसी)। अजिंक्य रहाणे की शानदार 98 रन की पारी और सूर्यांश शेज की संयमित फिनिशिंग की बदौलत मुंबई ने बड़ौदा पर 6 विकेट से जीत दर्ज करके सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। 159 रनों का पीछा करते हुए रहाणे की शानदार पारी ने मुंबई के लिए जीत की नींव रखी। अनुभवी बल्लेबाज ने 56 गेंदों की अपनी पारी में 11 चौके और पांच छक्के लगाए और बड़ौदा के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दीं। वह शतक से चूक गए, लेकिन उनके प्रदर्शन ने सुनिश्चित किया कि मुंबई पूरे लक्ष्य का पीछा करते हुए नियंत्रण में रहे।



रहाणे को श्रेयस अय्यर का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 30 गेंदों पर 46 रनों की तेज पारी खेली। दोनों ने 88 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की जिसने मुंबई को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। अय्यर के आउट होने के बाद सूर्यकुमार यादव एक रन बनाकर आउट हो गए और शिवम दुबे ने लय बनाए रखी, इससे बाद सूर्यांश शेज ने डेब्यू करने वाले शाश्वत रावत की गेंद पर छक्का लगाकर मैच को अपने नाम किया। मुंबई ने 16 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। बड़ौदा के गेंदबाजों ने मुंबई की मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप पर दबाव बनाने में विफल रहते हुए कड़ी चुनौती पेश की। अतीत शेठ और अभिमन्यु सिंह राजपूत ने एक-एक विकेट लिया, जिसमें राजपूत ने पारी के अंत में रहाणे को आउट किया - मुंबई को जीत की ओर ले जाने वाला एक सांत्वना विकेट। रहाणे की शानदार पारी ने उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिलाया जिसने मुंबई के सफल लक्ष्य का पीछा करने में उनकी भूमिका को रेखांकित किया।

इस जीत के साथ मुंबई फाइनल में पहुंच गई, जहां उनका लक्ष्य एक चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ चैंपियनशिप जीतना है। इससे पहले बड़ौदा ने शिवालिक शर्मा की देर से की गई आतिशी पारी की बदौलत 158/7 का प्रतिस्पर्धी लक्ष्य रखा। हालांकि शेज और तनुश कोटियन की अगुआई में मुंबई के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण ने उन्हें पारी के अधिकांश समय तक काबू में रखा।

# गुजरात जायंट्स के गेंदबाजी कोच बने प्रवीण तांबे, मिताली हो चुकी हैं अलग

अहमदाबाद (एजेंसी)। अगले साल फरवरी में शुरू होने वाली विमेंस प्रीमियर लीग के तीसरे सत्र से पहले मिताली राज गुजरात जायंट्स से अगल हो गई हैं। वहीं डेनियल मार्श को बल्लेबाजी और प्रवीण तांबे गेंदबाजी कोच के रूप मे गुजरात की टीम के कोचिंग दल में शामिल किया गया हैं। गुजरात जायंट्स की मेंटॉर रही मिताली राज अब इसी भूमिका में आंध्रा क्रिकेट एसोसिएशन के साथ जुड़ गई हैं, जहां वह सीनियर टीम के साथ काम करने के अलावा राज्य की टीम को तैयार करने पर भी काम करेंगी। पहले दो सत्र तक फैंचाइजी में सहायक कोच की भूमिका निभाने वाली पूर्व भारतीय स्पिनर नूशीन अल खदीर भी अब कोचिंग दल का हिस्सा नहीं होंगी।




अल-खदीर के पास इस समय अंडर 19 महिला टीम का प्रभार है जो कि अगले साल मलेशिया में होने वाले विश्वकप के दूसरे संस्करण के लिए तैयारी कर रही है। यह घोषणा 15 दिसंबर को बेंगलुरु में आयोजित होने वाली डब्ल्यूपीएल की नीलामी से कुछ ही दिन पहले ही की गई है। इस पर निर्णय 2024-25 के घरेलू सत्र के शुरू होने से पहले ही ले लिया गया था। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज माइकल क्लिंगर टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे जबकि डेनियल मार्श बल्लेबाजी और प्रवीण तांबे गेंदबाजी कोच के रूप मे टीम के कोचिंग दल से जुड़ेंगे।

अपने करियर में 150 प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके मार्श 2013 से 2017 के बीच तसमानिया के मुख्य कोच रह चुके हैं और 2022 में उन्हें ऑस्ट्रेलिया महिला टीम का सहायक कोच नियुक्त किया गया था। वहीं 41 वर्षीय तांबे इस समय आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिन गेंदबाजी कोच हैं। क्लिंगर ने अपने बयान में कहा कि पिछले वर्ष हमने साथ मिलकर बहुत अच्छा काम किया था और अगले सत्र के लिए जिन खिलाड़ियों को रिटेन हमने किया मैं उनके ईद गिर्द एक मजबूत टीम बनाने की ओर देख रहा हूं। हम एक विनिंग माइंडसेट के साथ अपना शतप्रतिशत देने का पूरा प्रयास करेंगे।

# वेस्टइंडीज ने बंगलादेश को चार विकेट से हराकर सीरीज में किया क्लीन स्वीप

बासटेयर, एजेंसी। आमिर जंगू (नाबाद 104), केसी कार्टी (95) तथा गुडाकेश मोती (नाबाद 44 और एक विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने तीसरे एक दिवसीय मुकाबले में बांग्लादेश को चार विकेट से हराया। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में बांग्लादेश का सूपड़ा साफ कर दिया। 104 रनों की बेहतरीन पारी खेलने वाले आमिर जंगू ह्प्लेयर ऑफ दि मैचह्न से और शरफेन रदरफोर्ड को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए ह्प्लेयर ऑफ द सीरीजह्न से नवाजा गया। बांग्लादेश के 321 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने 36 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये।




ब्रैंडन किंग (15), ऐलेक ऐथनेज (सात) और कप्तान शे होप (तीन) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद 15वें ओवर में वेस्टइंडीज ने शरफेन रदरफोर्ड (15) के रूप में अपना चौथा विकेट 86 के स्कोर पर गवां दिए। ऐसे संकट के समय केसी कार्टी के साथ आमिर जंगू ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट लिये 132 रनों की साझेदारी हुई। इस साझेदारी ने वेस्टइंडीज के जीत की नींव रखी। 34वें ओवर में रिशाद हुसैन ने केसी कार्टी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। केसी कार्टी ने 88 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हए (95) रनों की पारी खेली।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए रॉस्टन चेज (12) को भी रिशाद हुसैन ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। बल्लेबाजी करने आये गुडाकेश मोती ने आमिर जंगू का बखूबी साथ निभाया। दोनों बल्लेबाजों ने सातवें विकेट के लिए मैच विजयी साझेदारी की। आमिर जंगू ने 83 गेंदों में छह चौके और चार छक्के लगाते हुये (नाबाद 104) रनों की पारी खेली। वहीं गुडाकेश मोटी ने 31 गेंदों में तीन चौक और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 44) रन बनाये। इन दोनों बल्लेबाजों ने 45.5 ओवर में छह विकेट पर 325 रन बनाकर कर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। बंगलादेश की ओर से रिशाद हुसैन ने दो विकेट लिये। तसकीन अहमद, नासुम अहमद और हसन महमूद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने मात्र नौ रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिऐ। तंजिद हसन और लिटन कुमार दास बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। इन दोनों बल्लेबाजों को अल्जारी जोसेफ ने आउट किया। इसके बाद सौम्य सरकार और कप्तान मेहदी हसन मिराज ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिए 136 रनों की साझेदारी हुई। 24वें ओवर में गुडाकेश मोटी ने सौम्य सरकार (73) को पगबाधा कर इस साझेदारी को तोड़ा। 30वें ओवर में शरफेन रदरफोर्ड ने मेहदी हसन मिराज (77) को रनआउट कर बंगलादेश को चौथा झटका दिया।

अफिफ हुसैन ध्रुबो (15) को शरफेन रदरफोर्ड ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये महमुदउल्लाह और जाकेर अली की जोड़ी ने पारी को संभालते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। महमुदउल्लाह ने 63 गेंदों में सात चौके और चार छक्के लगाते हुए (नाबाद 84) रनों की पारी खेली। वहीं जाकेर अली ने 57 गेंदों में पांच चौके और दो छक्को की मदद से (नाबाद 62) रन बनाये। बंगलादेश की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 321रनों का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ ने दो विकेट लिये। शरफेन रदरफोर्ड और गुडाकेश मोटी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# विराट रोहित को रिटायरमेंट लेने के लिए कौन बोल सकता है? ग्रेग चैपल ने दिखाया रास्ता

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारत के महान खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट में भारी गिरावट से गुजर रहे हैं। कोहली पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक बनाने में कामयाब रहे, लेकिन वह लंबे समय तक अपने करियर के पहले भाग में स्थापित मानकों से मेल नहीं खा सके। रोहित शर्मा के लिए चिंताएं अधिक हैं क्योंकि वह स्तरीय प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। इसी बीच ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज इयान चैपल ने तीखी बातें की है। उन्होंने विराट और रोहित की रिटायरमेंट पर भी बात की है।




चैपल ने कहा कि आप स्वयं जानते हैं कि आप अपने चरम पर हैं या नहीं। लेकिन वे स्पष्ट रूप से गेम खेलना पसंद करते हैं। वे इसे यथासंभव लंबे समय तक खेलना चाहते हैं और उनके पास जब तक संभव हो सके इसे खेलने का हर कारण, हर अधिकार है। इसलिए आपको कठिन निर्णय लेने के लिए अच्छी, मजबूत चयन नीतियों और चयन पैनल की आवश्यकता है। ये निर्णय लेना आवश्यक रूप से खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं है। हो सकता है कि वे यह निर्णय लेना चाहें।

# तेलुगू टाइटंस को हराकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचे दबंग दिल्ली केसी

पुणे। नवीन कुमार (11) और आशू मलिक (9) के बेहतरीन खेल की बदौलत दबंग दिल्ली केसी ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में गुरुवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 107वें मैच में तेलुगू टाइटंस को 33-27 के अंतर से हराकर दो पायदान की छलांग के साथ अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। आज यहां खेले गये मुकाबले में दिल्ली को 18 मैचों मे नौवी जीत मिली जबकि टाइटंस को 19 मैचों में नौवीं हार मिला। टाइटंस क लिए विजय मलिक (10) और आशीष नरवाल (8) ने पूरा जोर लगाया लेकिन पवन सहरावत की वापसी से उसे फायदा नहीं मिला। 36वें मिनट तक मुकाबला बराबरी पर था लेकिन दिल्ली ने आलआउट लेकर 4 अंक की बढ़त ली और उसे कायम रखा। चोट के कारण 28 दिन बाद पवन की वापसी हुई लेकिन आशू को इससे कोई फर्क नहीं पड़ा और उन्होंने मल्टी प्वाइंटर के साथ आगाज किया। शुरूआती 10 मिनट में दिल्ली 7-6 से आगे थे। इस दौरान खेल रेडरों की बदौलत चला। दिल्ली ने 5 के मुकाबले 6 रेड प्वाइंट लिए। डिफेस मे दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला।

ब्रेक के बाद विजय ने योगेश और संदीप को बाहर कर टाइटंस को 8-7 से आगे कर दिया। लेकिन नवीन ने बोनस के साथ स्कोर 8-8 कर दिया। इस बीच आशीष ने डू ओर डाई रेड पर नितिन को आउट कर दिल्ली को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया। फिर टाइटंस ने नवीन को लपक दिल्ली को आलआउट की ओर धकेला और इसे अंजाम देकर 14-9 की लीड ले ली। विजय ने नवीन का शिकार किया तो आशू को लपकने




के प्रयास में पवन बाहर चले गए। इसके बाद संदीप ने विजय को भी डैश कर दिया। इसके बाद आशू और नवीन ने एक-एक अंक लेकर टाइटंस के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। हाफटाइम से पहले आशीष ने डू ओर डाई रेड पर बोनस लिया। टाइटंस ने 17-13 स्कोर पर पाला बदला।

हाफटाइम के बाद नवीन ने अंकित को बाहर किया और फिर दिल्ली ने आलआउट लेते हुए स्कोर 18-18 कर दिया। आलइन के बाद आशीष ने आशू को थाई होल्ड कर दिया और फिर विजय ने मल्टी प्वाइंटर के साथ स्कोर 21-18 कर दिया। इसके बाद पवन ने आशीष को आउट कर दिल्ली को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया। नवीन ने हालांकि दो बार उसे इस स्थिति से निकाला लेकिन पवन ने डू ओर डाई रेड पर उनका शिकार कर 30 मिनट के बाद स्कोर 24-22 कर दिया। इस दौरान हालांकि पवन भी बाहर गए। ब्रेक के बाद डिफेंस ने आशीष डू ओर डाई रेड पर बाहर कर दिया। इसके बाद आशू ने डू ओर डाई रेड पर शंकर को आउट कर स्कोर बराबर कर दिया।

इसके बाद दिल्ली ने टाइटंस को आलआउट की ओर धकेला लेकिन प्रफुल्ल ने उसे बचा लिया। इसी बीच नवीन ने सुपर-10 पूरा किया।

**रोक** मैच की शुरूआत में ही भवानी ने सुपर रेड के साथ यूपी को 4-1 से कर दिया।

# विश्वास के दम पर बंगाल वारियर्स ने यूपी योद्धाज को टाई पर रोका

विश्वास को उस समय मैट पर लाया गया जब बंगाल पीछे चल रहा था लेकिन एक के बाद एक पांच अंक लेकर विश्वास ने बंगाल को न सिर्फ हार से बचाया बल्कि मुकाबले से तीन अंक भी दिला दिए। इस टाई ने यूपी को चौथे स्थान पर पहुंचा दिया है जबकि जीत के साथ वे तीसरे स्थान पर पहुंच सकते थे। बंगाल को इस टाई से एक स्थान का फायदा हुआ। मैच की शुरूआत में ही भवानी ने सुपर रेड के साथ यूपी को 4-1 से कर दिया।

नई दिल्ली, एजेंसी

पुणे। देरी से स्थानापन्न के तौर पर लाए गए एस, विश्वास (5) के सराहनीय प्रदर्शन के दम पर बंगाल वारियर्स ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में गुरुवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 108वें मैच में यूपी योद्धाज को 31-31 की बराबरी पर रोक दिया। विश्वास को उस समय मैट पर लाया गया जब बंगाल पीछे चल रहा था लेकिन एक के बाद एक पांच अंक लेकर विश्वास ने बंगाल को न सिर्फ हार से बचाया बल्कि मुकाबले से तीन अंक भी दिला दिए। इस टाई ने यूपी को चौथे स्थान पर पहुंचा दिया है जबकि जीत के साथ वे तीसरे स्थान पर पहुंच सकते थे। बंगाल को इस टाई से एक स्थान का फायदा हुआ। मैच की शुरूआत में ही भवानी ने सुपर रेड के साथ यूपी को 4-1 से कर दिया। इसके बाद सिद्देश ने मनिंदर को टैकल कर बंगाल के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। फिर सिद्देश ने भवानी को सुपर टैकल कर स्कोर





3-5 कर दिया। फिर प्रणय ने मल्टी प्वाइंटर के साथ स्कोर बराबर कर दिया। फिर गगन ने सुपर रेड के साथ स्कोर 8-5 कर दिया। प्रणय ने हालांकि एक और मल्टी प्वाइंटर के साथ स्कोर 7-8 कर दिया। इसके बाद यूपी ने 1 के मुकाबले 2 अंक लिए और 10 मिनट की समाप्ति तक स्कोर 10-8 कर दिया। ब्रेक के बाद दोनो टीमों को डू ओर डाई रेड पर अंक मिले। फिर मनिंदर ने आशू का शिकार कर स्कोर 10-11 कर दिया। अगली रेड पर हालांकि उनका शिकार हो गया। रणनीति के खेल में बंगाल की टीम यूपी को बड़ी लीड नही लेने दे रहा थी। यही कारण था कि सिलसिलेवार डू ओर डाई रेड्स के बावजूद 17वें मिनट तक स्कोर यूपी को 13-12 की लीड मिली हुई थी, जो 20 मिनट के बाद 15-13 हो गई। हाफटाइम के बाद बंगाल ने फासला 1 का कर दिया। चार के डिफेंस में मनिंदर का शिकार कर यूपी ने फिर 2 अंक की लीड ले ली। बंगाल ने लगातार दो अंक लेकर स्कोर बराबर कर यूपी के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। फिर नितेश ने भरत को लपक न सिर्फ हाई-5 पूरा किया बल्कि बंगाल को लीड भी दिला दी लेकिन हितेश ने मनिंदर को सुपर टैकल कर यूपी को फिर आगे कर दिया। साथ ही उन्होंने हाई-5 भी पूरा किया। इसके बाद प्रणय ने 17-19 के स्कोर पर मल्टी प्वाइंटर के साथ स्कोर बराबर कर यूपी को आलआउट की ओर धकेला और फिर इसे अंजाम देकर 30 मिनट की समाप्ति तक 23-21 की लीड ले ली। इसके बाद दोनो टीमों को एक-एक मिला लेकिन तभी गगन ने चार अंक की सुपर डुपर रेड के साथ यूपी को 25-23 से आगे कर दिया। इस बीच प्रणय ने सुपर-10 पूरा किया। इसके बाद यूपी ने 1 के मुकाबले दो अंक लेकर फासला फिर से तीन का कर लिया। बंगाल के लिए सुपर टैकल आन था। भवानी ने डू ओर डाई रेड पर प्रणय का शिकार कर बंगाल को आलआउट की ओर धकेला। तीन मिनट बचे थे और यूपी 28-25 से आगे थे। फजल ने भवानी को डैश कर सुपर टैकल को दो अंक दिलाए लेकिन खुद भी आउट हो गए। स्कोर 27-29 था, जिसे विश्वास ने 28-29 कर दिया। इसके बाद यूपी को एक अंक मिला लेकिन विश्वास ने मल्टी प्वाइंटर के साथ स्कोर 30-30 कर दिया। विश्वास ने इसके बाद बोनस ले स्कोर 31-30 कर दिया। भवानी के खिलाफ नीतेश ने गलती कर दी और स्कोर 31-31 हो गया। इसी के साथ दोनों टीमें सीजन का 11वां टाई खेलने को मजबूर हुईं। यह इस सीजन में दोनों टीमों तीसरा टाई है। बंगाल के लिए प्रणय राणे ने 10 जबकि नितेश ने 5 अंक जुटाए। यूपी के लिए गगन गौड़ा ने एक बार फिर सुपर-10 लगाया।

## संक्षिप्त खबरें

### न्यूयॉर्क राजमार्ग पर विमान दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत, दूसरा घायल

हैरिसन (अमेरिका)। वेस्टचेस्टर काउंटी में न्यूयॉर्क राजमार्ग पर बृहस्पतिवार रात एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण उस पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। विमान में दो लोग सवार थे। दुर्घटना के कारण मैनहट्टन से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर-पूर्व की ओर हैरिसन में अंतरराज्यीय राजमार्ग 684 पर शाम करीब सात बजे यातायात अवरुद्ध हो गया। घटनास्थल से प्राप्त वीडियो में क्षतिग्रस्त सफेद विमान मध्य में रेलिंग के पास खड़ा दिखा और आपातकालीन वाहनों ने यातायात को अवरुद्ध कर दिया है। गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि हादसे के बाद विमान के ईंधन को साफ करने के लिए पर्यावरण संरक्षण विभागके कर्मी मौके पर हैं। होचुल ने एक बयान में कहा, इस दुखद घटना के दौरान पीड़ित के प्रियजनों के प्रति मेरी संवेदना है और मैं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहा हूं।

### लेबनान के शहर पर इजरायली हवाई हमले में एक की मौत, दो घायल

बेरुत। लेबनान के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में इजरायली हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह हमला तब हुआ है जब लेबनान के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में लेबनानी सेना की तैनाती की गई। हमले में खियाम कस्बे को निशाना बनाया गया। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) के हवाले से बताया कि लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने इस हमले को इजरायल का विश्वासघात बताया है क्योंकि यह हमला युद्ध विराम समझौते के दौरान किए गए सभी वादों का उल्लंघन करता हैह्व। बयान में कहा गया है कि अमेरिका और फ्रांस को इजरायल की आक्रामकता को रोकना चाहिए। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री ने संघर्ष विराम समझौते की निगरानी करने वाली समिति पर भी इजरायल द्वारा लगातार किए जा रहे उल्लंघनों का आरोप लगाया था। साथ ही मांग करते हुए कहा था कि समिति ऐसे उल्लंघनों का तत्काल समाधान करे तथा उनकी पुनरावृत्ति को रोके। एनएनए के अनुसार, लेबनानी सेना की इंजीनियरिंग रेजिमेंट ने गुरुवार को तीन बुलडोजर, कई सैन्य वाहनों और लगभग दस एम्बुलेंसों के साथ खियाम में प्रवेश किया। यह सुनिश्चित करने के बाद कि क्षेत्र विस्फोटक उपकरणों से मुक्त है, रेजिमेंट ने मलबे को हटाना शुरू कर दिया और लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल के साथ समन्वय में पहले से पहचानी गई सड़कों पर यातायात बहाल करना शुरू कर दिया।

### सीरिया में नवंबर से अब तक 11 लाख लोग हुए हैं विस्थापितः संरा

दमिश्क। संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा है कि सीरिया में 27 नवंबर को युद्ध के जोर पकड़ने के बाद से 11 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं, जिनमें से अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। आईडीपी टास्क फोर्स ने कहा, सीरिया में 27 नवंबर को युद्ध के तेज होने के बाद से 11 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं, जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। संगठन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि लगभग 6,40,000 लोग अलेप्पो प्रांत से भाग गए, जबकि 3,34,000 लोग इदलिब से और 1,36,000 लोग हमा से भाग गए। उल्लेखनीय है कि सीरियाई सशस्त्र विपक्ष ने रविवार को राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया। रूसी अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रपति बशर असद ने सीरियाई संघर्ष के प्रतिभागियों के साथ बातचीत के बाद पद छोड़ दिया और सीरिया छोड़कर रूस चले गए, जहाँ उन्हें शरण दी गई। इसके बाद मोहम्मद अल-बशीर (जो हयात तहरीर अल-शाम और अन्य विपक्षी समूहों द्वारा गठित इदलिब-आधारित प्रशासन चलाते थे) को मंगलवार को अंतरिम प्रधानमंत्री नामित किया गया।

### अमेरिका ने यूक्रेन के लिए नए सैन्य सहायता पैकेज की घोषणा की

कीव। अमेरिका यूक्रेन को 50.0 करोड़ डॉलर का अतिरिक्त सैन्य सहायता पैकेज प्रदान करेगा। यह जानकारी अमेरिका विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को दी। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति बाइडेन ने 26 सितंबर को सुरक्षा सहायता में वृद्धि की घोषणा की थी, जिसके तहत अमेरिकायूक्रेन को तत्काल आवश्यक हथियारों और उपकरणों का एक और महत्वपूर्ण पैकेज प्रदान कर रहा है... यह अतिरिक्त सहायता 50 करोड़ डॉलर की है। उन्होंने कहा कि पैकेज में आर्टिलरी गोला-बारूद, काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम (सी-यूएएस) गोला-बारूद, हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम (एचआईएमएआरएस) के लिए गोला-बारूद, साथ ही रासायनिक, जैविक और परमाणु खतरों के लिए सुरक्षा उपकरण शामिल होंगे।

# घायल अमेरिका ने जॉर्जियाई अधिकारियों पर वीजा लगाया प्रतिबंध

प्रात: किरण/ एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका ने देश में लोकतंत्र को कमजोर करने आरोप में जॉर्जिया के लगभग 20 व्यक्तियों पर वीजा प्रतिबंध लगाए हैं, जिनमें मंत्री और कानून निमार्ता भी शामिल हैं। विदेश विभाग ने शुक्रवार को कहा, विदेश विभाग आज वीजा प्रतिबंध नीति के तहत अतिरिक्त कार्रवाई की घोषणा कर रहा है, जो जॉर्जिया में लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए जिम्मेदार या इसमें शामिल लोगों को वीजा जारी करने पर रोक लगाती है।

आज की कार्रवाई से लगभग बीस व्यक्ति प्रभावित होंगे, जिनमें सरकारी मंत्री और संसद में सेवारत व्यक्ति, कानून प्रवर्तन और सुरक्षा अधिकारी तथा निजी नागरिक शामिल हैं। बयान में कहा गया कि अमेरिका प्रदर्शनकारियों, मानवाधिकार कार्यकताओं, विपक्षी सदस्यों और पत्रकारों के खिलाफ



हिंसा की निंदा करता है। बयान में कहा गया है, हम जॉर्जिया में लोकतंत्र को कमजोर करने वालों को जवाबदेह ठहराने के लिए प्रतिबंधों सहित अतिरिक्त कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं।

गौरतलब है कि पिछले दो सप्ताह में जॉर्जिया में विपक्ष के विरोध प्रदर्शनों की एक नई लहर देखने को मिली। ये विरोध प्रदर्शन जॉर्जिया के प्रधानमंत्री इराकली कोबाखिद्जे के उस बयान के बाद शुरू हुए हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि जॉर्जियाई सरकार ने 2028 तक यूरोपीय संघ में प्रवेश के लिए वार्ता शुरू न करने और यूरोपीय संघ के वित्तीय समर्थन को अस्वीकार करने का निर्णय लिया है। जॉर्जियाई राज्य सुरक्षा सेवा ने मंगलवार को कहा कि 14 दिसंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को बाधित करने के प्रयास में विदेश से राज्य अभिनेताओं द्वारा विरोध प्रदर्शनों का समन्वय किया जा रहा है।

# सीरिया की अंतरिम सरकार का दावा, विद्रोही खेमे से बातचीत करने दमिश्क पहुंचे तुर्किए और कतर के वरिष्ठ अधिकारी

**तुर्किए ने 26 मार्च, 2012 को सीरिया की राजधानी में अपना दूतावास बंद कर दिया था, जिसमें बढ़ती हिंसा और 2011 में शुरू हुए सीरिया के गृहयुद्ध के बीच असद को पद छोड़ने के लिए कहा गया था।**

प्रात: किरण/ एजेंसी

दमिश्क। तुर्किए और कतर के वरिष्ठ अधिकारी पूर्व सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार को उखाड़ फेंकने वाले विद्रोही खेमे के नेताओं संग चर्चा करने के लिए दमिश्क पहुंचे हैं। इसकी जानकारी सीरिया के अंतरिम सूचना मंत्रालय ने दी है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, तुर्किए के प्रतिनिधिमंडल में विदेश मंत्री हकान फिदान और खुफिया प्रमुख इब्राहिम कालिन शामिल थे, जबकि कतर का प्रतिनिधित्व राज्य सुरक्षा सेवा के प्रमुख खलफान बिन अली बिन खलफान अल-बट्टी अल-काबी ने किया।

मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, दोनों प्रतिनिधिमंडलों में सलाहकार दल भी शामिल था। अधिकारियों का हयात तहरीर अल-शाम समूह के नेता अबू मोहम्मद अल-जुलानी से मिलने का कार्यक्रम है, जिसने अल-असद को गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वे उग्रवादी नेता मोहम्मद अल-बशीर के साथ भी



बातचीत करने वाले हैं, जो अब विद्रोही गठबंधन द्वारा नियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि चर्चा विद्रोही गुटों के बीच आंतरिक राजनीतिक संवाद को आगे बढ़ाने पर केंद्रित होने की उम्मीद है। तुर्किए या कतर सरकार की ओर से इस यात्रा की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। फिदान ने पहले कहा था कि अंकारा दमिश्क में अपने दूतावास को एक बार परिस्थितियां अनुकूल होने पर फिर से खोलने का इरादा रखता है। तुर्किए ने 26 मार्च, 2012 को सीरिया की राजधानी में अपना दूतावास बंद कर दिया था, जिसमें बढ़ती हिंसा और 2011 में शुरू हुए सीरिया के गृहयुद्ध के बीच असद को पद छोड़ने के लिए कहा गया था।

असद सरकार को उखाड़ फेंकने वाले उग्रवादी समूहों का समर्थन करने वाले समाचार आउटलेट साउट अल-असिमा के अनुसार, सीरियाई संविधान और संसद को कथित तौर पर तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। आउटलेट ने गुरुवार को अज्ञात स्रोतों का हवाला देते हुए इस घटनाक्रम की सूचना दी, लेकिन इस बारे में विवरण नहीं दिया कि निलंबन कैसे लागू किया जाएगा। इससे पहले बुधवार को सीरिया के सैन्य अभियान प्रशासन ने घोषणा की थी कि उसने दमिश्क और उसके आसपास के क्षेत्रों में पहले से लागू कर्फ्यू हटा लिया है और निवासियों से अपनी दैनिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने और अपने कार्यस्थलों पर लौटने का आह्वान किया है।

# गाजा पर इजराइल के हमले में 25 लोग मारे गए



प्रात: किरण/ एजेंसी

गाजा पट्टी। गाजा पट्टी पर इजराइल के हवाई हमले में कम से कम 25 फलस्तीनी मारे गए और कई घायल हो गए। फलस्तीनी चिकित्सकों ने यह जानकारी दी। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कुछ घंटे पहले ही गाजा में युद्ध समाप्त करने के लिए संघर्ष विराम समझौते की उम्मीद जताई थी।

गाजा पट्टी के उत्तर में स्थित अल-अवदा अस्पताल और मध्य गाजा के अल-अक्सा अस्पताल के प्राधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को शहरी नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत पर इजराइल द्वारा किए गए हमले के बाद कुल 25 शव अस्पताल लाए गए। फलस्तीनी चिकित्सकों ने बताया कि हमले में घायल हुए 40 से अधिक लोगों का इन दोनों अस्पतालों में उपचार किया जा रहा है और इसमें अधिकतर बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि इजराइल के हमले में नुसेरात में कई घर भी क्षतिग्रस्त हो गए। इस घातक हमले के संबंध में इजराइली सेना ने फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी है। अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कुछ ही घंटे पहले येरूशलम में संवाददाताओं से कहा था कि लेबनान में इजराइल के संघर्षविराम से गाजा में युद्ध को समाप्त करने के वास्ते एक समझौता होने का रास्ता साफ हुआ है। वह संघर्षविराम की वार्ता में शामिल प्रमुख मध्यस्थ देशों कतर और मिस्र की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं।

# चीन ने समुद्री घटनाओं के फिलीपींस के आरोपों पर प्रतिक्रिया दी

प्रात: किरण/ एजेंसी



बीजिंग। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू छ्येन ने फिलीपींस से जुड़ी हाल की सैन्य घटनाओं को संबोधित किया। एक रिपोर्टर ने फिलीपीन कोस्ट गार्ड के इस दावे के बारे में पूछताछ की कि चीन ने हाल ही में होथांग रीफ की ओर जा रही एक फिलीपीन मछली पकड़ने वाली नाव पर हमला किया था। इसके अलावा, यह बताया गया कि हुआंगयान द्वीप में प्रवेश करने का प्रयास करते समय कई फिलीपीन कोस्ट गार्ड जहाजों को रोका गया था। फिलीपीन नौसेना कमांडर ने उल्लेख किया कि फिलीपींस ने दक्षिण चीन सागर में चीनी जहाजों की कार्रवाइयों का मुकाबला करने के लिए ग्रे जोन रणनीति विकसित की है। जवाब में, प्रवक्ता वू छ्येन ने कहा कि फिलीपींस, संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रोत्साहन और समर्थन के साथ, दक्षिण चीन सागर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार उत्तेजक कार्रवाइयों में लगा हुआ है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय देख सकता है कि कौन क्षेत्र में शांति और स्थिरता को कमजोर कर रहा है और कौन झूठ फैला रहा है। वू छ्येन ने बताया कि फिलीपींस की क्षेत्रीय सीमाएं कई अंतर्राष्ट्रीय संधियों द्वारा परिभाषित की गई हैं, जिनमें नानशा द्वीप और हुआंगयान द्वीप शामिल नहीं हैं। उन्होंने कहा कि फिलीपींस को इस बात का पूरा अहसास है और चीन की स्थिति अटल है। अगर फिलीपींस अपनी जिद पर अड़ा रहा तो चीन निस्संदेह अंत तक उसका विरोध करेगा।

# दक्षिण कोरिया : मार्शल लॉ को लेकर नेशनल असेंबली पीएम और मंत्रियों से पूछेगी सवाल

प्रात: किरण/ एजेंसी

सोल। साउथ कोरिया की नेशनल असेंबली शुक्रवार को संसदीय सत्र आयोजित करेगी। इसमें प्रधानमंत्री और अन्य अधिकारियों से सवाल पूछे जाएंगे, जिन्होंने राष्ट्रपति यून सूक योल की मार्शल लॉ घोषणा से ठीक पहले विवादास्पद कैबिनेट बैठक में भाग लिया था।

योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी (डीपी) भी मार्शल लॉ लागू करने के उनके असफल प्रयास के लिए यून के खिलाफ एक नया महाभियोग प्रस्ताव पेश करेगी। इससे पहले कुछ दिनों पहले कोरम की कमी के कारण वे महाभियोग से बच गए थे। शुक्रवार के पूछताछ सत्र के दौरान, विपक्षी सांसदों द्वारा कैबिनेट सदस्यों से यूं के पिछले दिन के सार्वजनिक संबोधन के बारे में प्रश्न पूछे जाने की उम्मीद है। जो मुख्य रूप से उनके मार्शल लॉ की घोषणा का बचाव करने और इसे विद्रोह की कार्रवाई मानने से इनकार करने से जुड़ा था। विपक्ष ने प्रधानमंत्री हान डक-सू, वित्त मंत्री चोई सांग-मोक, शिक्षा मंत्री ली जू-हो और विदेश मंत्री चो ताए-युल सहित अन्य से उपस्थित होने की अपील की। बुधवार को पूछताछ सत्र के दौरान हान ने मार्शल लॉ गड़बड़ी के लिए माफी मांगी और कहा कि घोषणा से कुछ मिनट पहले आयोजित छोटी कैबिनेट बैठक में कोई भी यून की योजना से सहमत नहीं था।

# राष्ट्रपति मैक्रों ने बायरू को फ्रांस का अगला प्रधानमंत्री नामित किया

प्रात: किरण/ एजेंसी

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार को फ्रांस्वा बायरू को प्रधानमंत्री के रूप में नामित किया।

फ्रांस के दक्षिणपंथी और वामपंथी सांसदों ने पिछले सप्ताह ऐतिहासिक अविश्वास प्रस्ताव पर एक साथ मिलकर मतदान किया था, जिसके कारण प्रधानमंत्री माइकल बार्नियर और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों को इस्तीफा देना पड़ा था।मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन में महत्वपूर्ण साझेदार 73 वर्षीय बायरू दशकों से फ्रांसीसी राजनीति में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति रहे हैं। उनके राजनीतिक अनुभव को देश में स्थिरता बहाल करने के प्रयासों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि नेशनल असेंबली में किसी भी एक पार्टी को बहुमत नहीं मिला है।

बायरू को हाल में यूरोपीय संसद के धन के गबन के आरोप वाले मामले में बरी कर दिया गया था। मैक्रों ने पिछले सप्ताह अपने कार्यकाल के अंत तक (2027)पद पर बने रहने का संकल्प जताया था।

# पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने सैन्य अदालतों को 85 मामलों में सशर्त फैसला सुनाने की अनुमति दी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने आज सैन्य अदालतों को नौ मई, 2023 के दंगों से संबंधित 85 मामलों में फैसला सुनाने की अनुमति दे दी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि सैन्य अदालतों के फैसले सशर्त होंगे। नरमी के पात्र आरोपितों को रिहा किया जाना चाहिए। जिन लोगों को बरी नहीं किया जा सकता, उन्हें अपनी सजा काटने के लिए जेलों में स्थानांतरित किया जाना चाहिए।

एआरवाई न्यूज चैनल के अनुसार यह फैसला जस्टिस अमीनुद्दीन खान की अध्यक्षता वाली संवैधानिक पीठ ने सुनाया। शीर्ष अदालत ने नागरिकों के सैन्य मुकदमे के खिलाफ अपील की सुनवाई पर आज अपने आदेश में कहा कि सैन्य अदालतों के फैसले उसके समक्ष लंबित मामलों पर शीर्ष अदालत के फैसले के लिए सशर्त होंगे। शीर्ष अदालत ने संक्षिप्त आदेश में कहा कि नरमी के पात्र आरोपितों को रिहा किया जाना चाहिए।




जिन लोगों को बरी नहीं किया जा सकता, उन्हें अपनी सजा काटने के लिए जेलों में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। इस संबंध में आज भी संघीय सरकार के वकील ख्वाजा हारिस ने अपनी दलील रखीं। जस्टिस जमाल खान मंडोखाइल ने उनसे पूछा कि क्या इस श्रेणी में सभी पर मुकदमा चलाने के लिए सेना अधिनियम में संशोधन किया जाना चाहिए? जस्टिस मोहम्मद अली मजहर ने सेना अधिनियम के कुछ प्रावधानों को असंवैधानिक घोषित करने के पीछे के कारणों के बारे में पूछताछ की। जस्टिस मंडोखाइल ने कहा कि सेना अधिनियम 1973 के संविधान से पहले बनाया गया था। ख्वाजा हारिस ने जवाब दिया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले में खामियां थीं। जस्टिस जमाल मंडोखाइल ने टिप्पणी की, अदालत के फैसले का इस हद तक अनादर न करें कि आप इसे त्रुटिपूर्ण कहें। ख्वाजा हारिस ने माफी मांगते हुए कहा, मेरे शब्द कानूनी प्रकृति के नहीं थे। जस्टिस मजहर ने टिप्पणी की कि अदालत ने पिछली सुनवाई के दौरान नौ मई की घटनाओं का विवरण भी मांगा था।

वर्तमान में हमारे सामने मामला केवल कोर कमांडर हाउस से संबंधित है। यदि मामला केवल कोर कमांडर के घर तक ही सीमित रहना है, तो कृपया इसे भी स्पष्ट करें। अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल ने कहा कि सभी विवरण आज सुबह प्राप्त हो गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह संपूर्ण विवरण जल्द प्रस्तुत कर देंगे।

# थाईलैंड में नाबालिग ने अपने सहपाठी की हत्या की

बैंकॉक, एजेंसी। थाईलैंड में आपसी झगड़े के बाद आस्ट्रेलिया के रहने वाले एक सहपाठी की हत्या करने के आरोप में 14 वर्षीय छात्र को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सट्टाहिप पुलिस थाने के निदेशक पुलिस कर्नल तनापोल क्लिंकेसॉर्न ने बताया कि संदिग्ध ने जांचकताओं को बताया कि वह और पीड़ित स्कूल से ही एक-दूसरे को नापसंद करते थे और दोनों मैसेजिंग ऐप के जरिए चोनबुरी प्रांत के सट्टाहिप स्थित अपने घर के पास एक किराने की दुकान पर मंगलवार को मिलने पर सहमत हुए। तनापोल ने बताया कि इस दौरान दोनों छात्रों के बीच झड़प हुई और आरोपी ने चाकू से उसपर हमला कर दिया। सवांग रोजनाथम रेस्क्यू फाउंडेशन नामक चैरिटी संस्था के अनुसार, दुकान के पास से लड़के का शव बरामद किया गया और उसकी पीठ में चाकू गुदा हुआ था। तनापोल ने बताया कि इस घटना के करीब एक घंटे बाद आरोपी छात्र ने अपने माता-पिता के साथ सट्टाहिप पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद उसे एक किशोर एवं परिवार न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जमानत पर रिहा कर दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपों के तहत अधिकतम 15 साल की सजा है और वे मामले की जांच कर रहे हैं।

**संबंध** हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) ने यह जानकारी दी।

# बाइडन प्रशासन को भारत-अमेरिका संबंधों को द्विदलीय समर्थन जारी रहने की उम्मीदः व्हाइट हाउस

**व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने बृहस्पतिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, इस द्विपक्षीय संबंध को बढ़ाने के लिए दोनों दलों का मजबूत समर्थन रहा है। मैं उम्मीद करता हूं कि यह जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन को इस बात पर बहुत गर्व है कि उनके प्रशासन के दौरान भारत के साथ अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों में कितना बदलाव आया है।**

नई दिल्ली, एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन को उम्मीद है कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के दौरान भी भारत-अमेरिका संबंधों के लिए द्विदलीय समर्थन जारी रहेगा। व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) ने यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने बृहस्पतिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, इस द्विपक्षीय संबंध को बढ़ाने के लिए दोनों दलों का मजबूत समर्थन रहा है। मैं उम्मीद करता हूं कि यह जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन को इस बात पर बहुत गर्व है कि उनके प्रशासन के दौरान भारत के साथ अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों में कितना बदलाव आया है।

किर्बी ने कहा, मेरा मतलब है, हमने हिंद-प्रशांत क्वाड को ऊपर उठाया है। मुझे नहीं पता कि क्वाड के अंदर और प्रधानमंत्री (भारत के नरेन्द्र मोदी) के साथ द्विपक्षीय रूप से अब तक उनकी कितनी बैठकें हुई हैं। किर्बी ने एक सवाल के जवाब में कहा, हमारे संबंधों में बहुत कुछ ऐसा है जिससे सैन्य से सैन्य, संचार लोगों के बीच संबंध, आर्थिक संबंध बेहतर हुए हैं। क्वाड एवं भारत पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) पर आगामी प्रशासन से बाइडन की क्या अपेक्षाएं हैं ? इस पर किर्बी ने कहा, ह्यह्ययह निर्धारित करना उनके ऊपर होगा कि वे हिंद-प्रशांत क्वाड का लाभ कैसे उठाते हैं।



## अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने चार भारतीय-अमेरिकियों को क्षमादान दिया

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने चार भारतीय-अमेरिकियों सहित लगभग 1500 लोगों को क्षमादान दिया है। क्षमादान पाने वाले ये चार भारतीय-अमेरिकी हैं-मीरा सचदेव, बाबूभाई पटेल, कृष्णा मोटे और विक्रम दत्ता। बाइडन ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा, अमेरिका, संभावना और दूसरा मौका देने के वादे पर बना है। राष्ट्रपति के रूप में मुझे उन लोगों पर दया दिखाने का बड़ा सौभाग्य मिला है जिन्होंने पश्चाताप और पुनर्वास किया ह्व। अमेरिका ने अहिंसक अपराधियों, विशेष रूप से मादक पदार्थों के अपराधों के दोषियों के लिए सजा में असमानताओं को दूर करने के लिए कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, इसलिए आज मैं उन 39 लोगों को क्षमा कर रहा हूं, जिन्होंने पुनर्वास किया और अपने समुदायों को मजबूत तथा सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई है। मैं लगभग 1,500 लोगों की सजा माफ कर रहा हूं। एक दिन में इतनी बड़ी संख्या में क्षमादान देने की हाल के दिनों की यह इकलौती घटना है ।दिसंबर 2012 में डॉ. मीरा सचदेव को मिसिसिपी के एक कैंसर सेंटर में धोखाधड़ी करने के जुर्म में 20 साल की सजा सुनाई गई थी और उन्हें करीब 82 लाख अमेरिकी डॉलर वापस करने का आदेश दिया गया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129